डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

₹79500 10 ग्राम
₹100000 01 किलो
सेंसेक्स 77,860.19 -197.97
डॉलर 87.627 +0.047

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

माघ शुक्ल पक्ष 13, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), सोमवार, 10 फरवरी 2025, वर्ष-31, अंक-117, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा यूपी वारियर्स..

## एक नजर

### शिबू सोरेन के साथ दिल्ली गए हेमंत सोरेन

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के प्रमुख शिबू सोरेन के साथ उनके पुत्र राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रविवार को नई दिल्ली पहुंचे। जानकारी के अनुसार, शिबू सोरेन रूटीन मेडिकल चेकअप के लिए दिल्ली गए हैं। वहां डॉक्टर हर कुछ महीनों के अंतराल पर उनके स्वास्थ्य की जांच करते हैं।

### कुएं में डूबने से किशोर की मौत, शोक

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के बिंदा पंचायत स्थित चरका जामटोली गांव में 14 वर्षीय सुरेंद्र खड़िया (पिता बुधवा खड़िया) की कुएं में डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। परिजनों के अनुसार, सुरेंद्र नहाने के लिए घर से निकला था, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटा। उसकी गांव में तलाश की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। रविवार सुबह ग्रामीणों ने झागड़ (कपड़ा पकड़ने वाली हुक) से कई कुओं की तलाशी ली, जिसके बाद एक कुएं में उसका कपड़ा फंसा मिला। ग्रामीणों ने कुएं से शव बाहर निकाला, तो उसकी पहचान सुरेंद्र के रूप में हुई। परिजनों का मानना है कि नहाने के दौरान उसका पैर फिसल गया होगा, जिससे वह कुएं में गिर गया। घटना की सूचना मिलते ही गुमला थाना के एसआई हेमा पुलिस टीम के साथ गांव पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

**आज | कल**




### पत्नी को जिंदा जलाकर मारने का है आरोप

# रांची से गिरफ्तार हुए हजारीबाग के पूर्व एसडीओ अशोक कुमार



### धरना-घेराव के बाद दर्ज हुई थी प्राथमिकी

हजारीबाग के तत्कालीन एसडीओ अशोक कुमार पर आरोप है कि उन्होंने अपनी पत्नी को जिंदा जलाकर मार डाला है। विगत 26 दिसंबर को झील रोड स्थित एसडीओ आवास में सुबह करीब छह से सात बजे के बीच एसडीएम की पत्नी अनीता देवी गंभीर रूप से झुलस गई थीं। आग से गंभीर रूप से झुलसने के बाद, उन्हें प्राथमिक चिकित्सा दी गई, और फिर बीजीएच बोकारो और रांची में इलाज के लिए भेजा गया। 28 दिसंबर 2024 की सुबह अनीता देवी की मौत हो गई थी। निधन के बाद मृत अनीता देवी के भाई राजू कुमार गुप्ता सहित अन्य परिजन, समाजसेवी और राजनीतिक दलों के लोगों ने लोहसिंघना थाने का घेराव भी किया था। यही नहीं, तत्कालीन एसडीओ अशोक कुमार की गिरफ्तारी नहीं होने पर समाहरणालय परिसर के सामने एकदिवसीय महाधरना दिया गया था। इसके बाद हजारीबाग सदर एसडीओ अशोक कुमार के खिलाफ पत्नी को जलाकर मारने के आरोप में लोहसिंघना थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

- हजारीबाग व्यवहार न्यायालय ने पूर्व एसडीओ की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पत्नी को जिंदा जलाकर मार डालने के आरोपी हजारीबाग के पूर्व एसडीओ अशोक कुमार को रांची के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र से रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया। अशोक कुमार की गिरफ्तारी की पुष्टि हजारीबाग के सदर एसडीपीओ अमित आनंद ने की है। लोहसिंघना थाना प्रभारी संदीप कुमार और उनके टीम ने गिरफ्तारी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जानकारी के अनुसार, पुलिस उसे लेकर हजारीबाग पहुंच गई है। रविवार की शाम करीब 07:00 बजे पूर्व एसडीओ अशोक कुमार की गिरफ्तारी की पुष्टि की गई। जानकारी के अनुसार, अशोक कुमार को गिरफ्तार करने के दौरान हजारीबाग पुलिस को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कड़ी मशक्कत और विरोध के बाद हजारीबाग पुलिस ने पूर्व एसडीओ अशोक कुमार को अपनी हिरासत में लिया है। विगत 31 जनवरी को हजारीबाग व्यवहार न्यायालय ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दी थी। इसके बाद से यह कयास लगाया जा रहा था कि कभी भी उनकी गिरफ्तारी हो सकती है। इस मामले में हजारीबाग पुलिस ने कोर्ट में पुलिस डायरी भी जमा कर चुकी है। उल्लेखनीय है कि मामले में एसडीओ के पिता दुर्योधन साव, छोटा भाई शिवनंदन कुमार एवं छोटे भाई की पत्नी रिंकू देवी का नाम शामिल किया गया है। पिता दुर्योधन साव को पुलिस ने बीते शुक्रवार को ही गिरफ्तार कर लिया था। सूत्रों के अनुसार अशोक कुमार पर यह भी आरोप लगाए गए हैं कि उनका किसी दूसरी महिला से अवैध संबंध था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद होता रहता था। एक बार इस मामले में उनके ससुराल पक्ष के लोग और उनके परिवार बैठ के लोगों ने बातचीत भी की थी। इसमें अशोक कुमार ने बोला था कि अगली बार से शिकायत का मौका नहीं मिलेगा।

# चित्रकूट बस हादसे में घायल हुए झारखंड के 20 श्रद्धालु

- अस्पताल में भर्ती कराए गए सभी जख्मी, 10 लोगों की हालत गंभीर
- प्रयागराज महाकुंभ में स्नान करने के बाद जा रहे थे चित्रकूट



**नवीन मेल न्यूज नेटवर्क**

**रांची/चित्रकूट।** प्रयागराज में महाकुंभ में स्नान के बाद मध्य प्रदेश के चित्रकूट जा रहे झारखंड के श्रद्धालुओं की बस रविवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में 20 श्रद्धालु घायल हो गए हैं। इनमें 10 लोगों की हालत गंभीर बताई जाती है। यह दुर्घटना चित्रकूट जिले के रैपुरा थाना क्षेत्र के रामनगर राष्ट्रीय राजमार्ग के पास हुई।

जानकारी के अनुसार, झारखंड के देवघर के रहने वाले श्रद्धालु एक निजी बस में सवार होकर प्रयागराज स्नान करने के बाद चित्रकूट दर्शन करने जा रहे थे। रामनगर राष्ट्रीय राजमार्ग के पास टायर फटने से बस अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे 20 से ज्यादा श्रद्धालु घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को बस से निकालकर उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, दस श्रद्धालुओं को ज्यादा चोटें आई हैं। घायलों का उपचार जारी है।

वहीं, चित्रकूट के पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि बस में करीब 74 श्रद्धालु सवार थे। ये सभी लोग प्रयागराज स्नान के लिए गए थे। वहां से वे सभी चित्रकूट दर्शन करने आ रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं हो, इसके लिए सारे इंतजाम किए जा रहे हैं।

# पीएम मोदी आज छात्रों से करेंगे 'परीक्षा पे चर्चा'


- परीक्षार्थियों को देंगे टिप्स



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 'परीक्षा पे चर्चा' का आठवां संस्करण सोमवार (10 फरवरी) को आयोजित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ परीक्षा पे चर्चा 2025 के लिए 3.30 करोड़ से अधिक छात्रों ने पंजीकरण कराया है। इनमें से लगभग 2,500 चयनित छात्रों को व्यक्तिगत रूप से इस कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर मिलेगा। इनमें केंद्रीय विद्यालय, सैनिक स्कूल, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय और नवोदय विद्यालय जैसे सरकारी स्कूलों के छात्र शामिल हैं। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बोर्ड परीक्षा से पहले तनाव कम करने और परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने के टिप्स देंगे। सभी प्रतिभागियों को शिक्षा मंत्रालय की ओर से विशेष परीक्षा पे चर्चा किट दी जाएगी। इसके अलावा शीर्ष 10 'दिग्गज परीक्षा योद्धाओं' को प्रधानमंत्री आवास पर जाने का विशेष अवसर मिलेगा। पीएम मोदी ने माइक्रो ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक टीजर पोस्ट किया, जिसमें वे दिल्ली के सुंदर नर्सरी में छात्रों से परीक्षा के तनाव पर बात करते नजर आ रहे हैं। उन्होंने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, आइए हमारे एग्जाम वॉरियर्स को परीक्षा के तनाव से उबरने में मदद करें। कल 10 फरवरी को सुबह 11 बजे 'परीक्षा पे चर्चा' जरूर देखें।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परीक्षा पे चर्चा पहल का आठवां संस्करण होगा। इस पहल का उद्देश्य छात्रों को वार्षिक बोर्ड परीक्षाओं से पहले परीक्षा संबंधी चिंता से निपटने में मदद करना है। परीक्षा पे चर्चा के आठवें संस्करण में अभिनेत्री दीपिका पादुकोण, भूमि पेडनेकर, अभिनेता विक्रांत मैसी और छह बार की विश्व चैंपियन मुक्केबाज एमसी मैरीकॉम और आध्यात्मिक गुरु सद्गुरु जैसी हस्तियां भी शामिल होंगी। इस वर्ष परीक्षा पे चर्चा के लिए 3.15 करोड़ से ज्यादा छात्रों ने अपना पंजीकरण करवाया है। इसके अलावा 19.80 लाख शिक्षक और 5.20 लाख अभिभावक पहले ही रजिस्ट्रेशन करवा चुके हैं। इस साल के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के लिए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 36 छात्रों का चयन किया गया है। ये छात्र राज्य/केंद्र शासित शिक्षा बोर्ड के सरकारी स्कूलों, केंद्रीय विद्यालयों, सैनिक स्कूलों, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों, सीबीएसई और नवोदय विद्यालयों में पढ़ते हैं। 'परीक्षा पे चर्चा' 2025 का प्रसारण कई प्लेटफॉर्म पर किया जाएगा।

## एक साल में देश से खत्म कर देंगे नक्सलवाद : शाह



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में 2 जवानों के बलिदान होने पर भावपूर्ण संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि एक साल में देश से नक्सलवाद को जड़ से खत्म कर देंगे। सोशल मीडिया 'एक्स' पर यह जानकारी साझा करते हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि नक्सल मुक्त भारत बनाने की दिशा में सुरक्षाबलों ने छत्तीसगढ़ के बीजापुर में बड़ी सफलता हासिल की है। इस ऑपरेशन में 31 नक्सलियों को ढेर करने के साथ ही भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामग्री भी बरामद की गई है। उन्होंने आगे कहा कि मानवता विरोधी नक्सलवाद को समाप्त करने में आज हमने अपने दो बहादुर जवानों को खोया है। यह देश इन वीरों का सदा ऋणी रहेगा। बलिदान जवानों के परिजनों के प्रति भावपूर्ण संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। साथ ही, पुनः यह संकल्प दोहराता हूं कि 31 मार्च 2026 से पहले हम देश से नक्सलवाद को जड़ से समाप्त कर देंगे, ताकि देश के किसी भी नागरिक को इसके कारण अपनी जान न गंवानी पड़े।

# बर्ड फ्लू को लेकर पूरे राज्य में अलर्ट

- रांची में इसकी पुष्टि के बाद एक्शन में पशुपालन निदेशालय
- रैपिड रिस्पांस टीम ने किया प्रभावित फार्म का दौरा
- 325 गिनी फाउल सुरक्षित तरीके से निस्तारित किए गए
- फार्म से एक किमी परिधि के इंफेक्टेड जोन में आज से मैपिंग



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची के बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) परिसर स्थित वेटनरी कॉलेज के पोल्ट्री फार्म में बर्ड फ्लू से चाइनीज नस्ल वाली गिनी फाउल पक्षियों की मौत के बाद पशुपालन निदेशालय ने पूरे राज्य में अलर्ट जारी किया है। इस पोल्ट्री फार्म के दस किलोमीटर दायरे के इलाके को सर्विलांस क्षेत्र घोषित किया गया है। वहीं, एक किलोमीटर के दायरे में अंडों-मुर्गों की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। पूरे राज्य में असाधारण रूप से पक्षियों की मौत होने पर इसकी सूचना राज्य मुख्यालय को तुरंत देने का निर्देश दिया गया है। पशुपालन निदेशक किरण पासी ने जिला पशुपालन पदाधिकारी को वेटनरी कॉलेज प्रक्षेत्र में बची हुई मुर्गियों को मारने और निष्पादित करने का निर्देश दिया है।

इधर, पशुपालन विभाग की रैपिड रिस्पांस टीम (आरआरटी) ने रविवार को प्रभावित फार्म का दौरा किया। वहां बर्ड फ्लू का प्रसार रोकने के लिए किए गए उपायों की जानकारी ली। रविवार को फार्म में पल रहे 325 गिनी फाउल को सुरक्षित तरीके से निस्तारित कर दिया गया। ये सभी गिनी फाउल छात्रों के शैक्षिक कार्य के लिए रखे गए थे। डीएएचओ डॉ कविंद्र नाथ सिंह के अनुसार, पक्षियों की कलिंग के बाद फार्म को संक्रमण मुक्त किया गया है। वहीं, संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए फार्म से एक किमी की परिधि के इंफेक्टेड जोन में सोमवार से मैपिंग की जाएगी। बता दें कि वेटनरी कॉलेज के जिस मुर्गी फार्म में बर्ड फ्लू वायरस की पुष्टि हुई है, वहां काम करने वाली दो महिलाओं को एहतियाती तौर पर आइसोलेशन में रखा गया है। इन दोनों महिलाओं के भी ब्लड सैंपल कलेक्ट किए गए हैं। साथ ही, इस मुर्गी फार्म में जिन बर्तनों में पक्षियों का खाना दिया जाता था और जिन प्लेटफॉर्म पर पक्षी बैठते थे, उन्हें जला दिया गया है। इधर, राज्य भर में एक हजार से ज्यादा पक्षियों के सैंपल कलेक्ट किए गए हैं। इन सैंपलों को जांच के लिए भोपाल स्थित उच्चस्तरीय प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। दूसरे राज्यों से आने वाले पोल्ट्री प्रोडक्ट और प्रवासी पक्षियों पर निगरानी के लिए सभी जिलों के पशुपालन पदाधिकारियों को अलर्ट किया गया है। साहिबगंज के उधवा स्थित पक्षी अभयारण्य में भी प्रवासी पक्षियों के स्वाब और स्टूल के सैंपल लिए गए हैं।

### बर्ड फ्लू वायरल बीमारी, सतर्कता जरूरी : डॉ मृत्युंजय



**रांची।** बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद से लोगों के मन में घबराहट आ गई है। हालांकि, सावधान रहने की जरूरत तो है ही। इस संबंध में डॉ मृत्युंजय ने बताया कि बर्ड फ्लू एक वायरल बीमारी है। इसका सबसे ज्यादा खतरा बुचरखाना के आसपास रहने वाले लोगों को होता है। उन्होंने कहा, जब तक बर्ड फ्लू है, तब तक इससे बचकर रहने की जरूरत है। चिकेन का सेवन नहीं करना ही बेहतर है। यदि चिकेन का सेवन कर भी रहे हैं, तो पूरी तरह से पका हुआ चिकेन खाएं। डॉ मृत्युंजय ने कहा, पोल्ट्री फार्म में यदि मुर्गियां एक-एक करके मर रही हैं, तो संचालक भी तुरंत पशुपालन विभाग को जानकारी दें। हालांकि, घबराने की जरूरत नहीं है, क्योंकि हर जिले में आइसोलेशन सेंटर बनाया गया है। उन्होंने कहा कि चिकेन खरीदने और बनाने वाले या बुचरखाना के आसपास रहने वाले लोग मास्क अवश्य लगाएं।

### लक्षण दिखाई दे, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें

बर्ड फ्लू एक वायरल बीमारी है, जो पक्षियों से इंसानों में भी फैल सकती है। इसलिए, सावधानी जरूरी है। किसी मरे हुए या बीमार पक्षी को देखते हैं, तो उसे छूने से बचें और तुरंत स्थानीय अधिकारियों को सूचित करें। अपने हाथों को नियमित रूप से साबुन और पानी से धोएं। कच्चा मांस और अंडे अच्छी तरह से पकाकर ही खाएं। स्वच्छता का ध्यान रखना बहुत जरूरी है, ताकि इस बीमारी के प्रसार को रोका जा सके। सरकार और स्थानीय प्रशासन मिलकर इस बीमारी से लड़ने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। बर्ड फ्लू के लक्षणों में बुखार, खांसी, गले में खराश, सांस लेने में तकलीफ, मांसपेशियों में दर्द और थकान शामिल हैं। अगर आपको इनमें से कोई भी लक्षण दिखाई दे, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

**इंडिया**


# दिल्ली की हार बिहार पर वार और पंजाब पर सवाल



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

सबसे अधिक विज्ञापन और चुनाव जीतने के लिए जनता को रेवड़ी का पैकेज बांटने वाली आम आदमी पार्टी की कथित ईमानदार राजनीति का राजधानी दिल्ली में अवसान हो गया। भाजपा की ऐतिहासिक वापसी हुई बल्कि लोकसभा चुनाव के बाद लगातार तीसरी जीत ने पार्टी की चमक को बढ़ा दिया है, जो पिछले साल के लोकसभा चुनाव में लड़खड़ाने के बाद कुछ हद तक अपनी चमक खो चुकी थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा खुद अभियान का नेतृत्व करने से इस वर्ष के अंत में बिहार में होने वाली अगली बड़ी चुनावी चुनौती के लिए माहौल तैयार हो गया है।

दिल्ली की कहानी सिर्फ भाजपा की सफलता की नहीं, बल्कि यह उस पार्टी के पतन की भी कहानी है, जिसने भ्रष्टाचार मुक्त वैकल्पिक राजनीति के वादे से लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा था। इस पराजय ने 13 साल पुरानी पार्टी के भविष्य को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। छब्बीस साल के वनवास के बाद भाजपा ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में व्यापक जीत के साथ अपने गढ़ को पुनः हासिल कर लिया है। बिहार में जहां भाजपा नीत एनडीए का मुकाबला राजद और कांग्रेस से होगा। एक समय पर लोकप्रियता के चरम पर रही 'आप' के ग्राफ में भारी गिरावट से स्पष्ट है कि अरविंद केजरीवाल से लेकर इसके लगभग सभी शीर्ष नेता हार चुके हैं। केवल मुख्यमंत्री आतिशी और उनके कैबिनेट सहयोगी गोपाल राय ही दो ऐसे लोग हैं, जिन्होंने अपनी सीटें बचाकर प्रतिष्ठा बचाई है। आप की हार ने महज 13 साल पुरानी पार्टी के भविष्य को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या वह इस हार से उबरकर अगली बार लड़ने के लिए जिंदा रह पाएगी? दिल्ली में हार का उसके शासन वाले दूसरे राज्य पंजाब पर क्या असर होगा, जहां 2027 की शुरूआत में चुनाव से जूझ रही है। यह एक ऐसी पार्टी है, जो एक व्यक्ति (अरविंद केजरीवाल) के व्यक्तित्व और छवि के इर्द-गिर्द घूमती है, जो खुद अपनी सीट गंवा चुके हैं। हालांकि केजरीवाल जुझारू हैं, लेकिन वह अच्छी तरह से परिभाषित विचारधारा से जुड़े वफादार कार्यकर्ता बनाने में विफल रहे हैं। उन्हें अपनी पार्टी को एकजुट रखने के लिए संघर्ष करना पड़ सकता है, क्योंकि महत्वाकांक्षी विधायक और नेता नई संभावनाओं की तलाश में होंगे। उनकी परेशानियां सिर्फ दिल्ली तक ही सीमित नहीं हैं। उन्हें पंजाब में भी अपनी पार्टी के लिए सचेत रहना पड़ सकता है। वहां पहले से ही असंतोष और बेचैनी के संकेत मिल रहे हैं, क्योंकि आप की राज्य इकाई दिल्ली की हार की भयावहता और पार्टी के भविष्य पर इसके असर को लेकर चिंतित है। आने वाले हफ्तों में पंजाब में राजनीतिक उथल-पुथल देखने को




मिल सकती है। केजरीवाल और उनकी पार्टी जहां अपने अस्तित्व की लड़ाई से जूझ रही है, वहीं 'इंडिया' गठबंधन को भी आत्मनिरीक्षण करना चाहिए, जो लोकसभा चुनावों के बाद से ही बिखर रहा है और इसके कुछ सदस्य पिछले छह महीनों में हुए विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद उस पर निशाना साध रहे हैं। विपक्षी दलों को संसद और चुनावी मैदान, दोनों में भाजपा का सामना करने के लिए नई रणनीति पर पुनः विचार करना होगा। चुनावी फैसले को प्रभावित करने वाले कई कारक होते हैं। पिछले कुछ वर्षों में केजरीवाल की छवि को काफी नुकसान पहुंचा है, क्योंकि उनके सरकारी बंगले को लेकर 'शीश महल' विवाद और आबकारी नीति घोटाले के कारण उन्हें और उनके कई वरिष्ठ नेताओं को जेल जाना पड़ा। भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से उभरने के बाद जब वह खुद भ्रष्टाचार के घोटालों में उलझ गए, तो उनके लिए अपनी छवि को बनाए रखना असंभव हो गया। उन्होंने अपनी सीट खो दी, यह इस बात का प्रमाण है कि उन्होंने अपनी सरकार पर लगे आरोपों की व्यक्तिगत रूप से कितनी कीमत चुकाई है। दिल्ली जैसे बड़े पैमाने पर शहरीकृत शहर-राज्य में शासन मायने रखता है। दिल्ली में स्वास्थ्य और शिक्षा के बुनियादी ढांचे में स्पष्ट सुधार के साथ मुफ्त बिजली और पानी जैसी सुविधाएं देने वाला आप का बहुचर्चित शासन मॉडल 2020 के चुनाव जीतने के बाद बिखरने लगा।

इसके दूसरे कार्यकाल में केंद्र और उपराज्यपाल के साथ लगातार तकरार, नागरिक सुविधाओं में गिरावट, प्लास्टिक कचरे और अन्य कूड़े के बढ़ते पहाड़, अनियंत्रित प्रदूषण और राजधानी को पेयजल आपूर्ति करने वाली यमुना के जहरीले पानी को साफ करने का अधूरा वादा देखा गया। नतीजतन दिल्ली जर्जर दिखने लगी और सरकार, जिसने नियमित सार्वजनिक परामर्श के माध्यम से शासन को लोगों के हाथों में सौंपने का वादा किया था, राजनीति के हावी हो जाने के कारण प्रशासन पर अपनी पकड़ खोती नजर आई। लोगों में आप के प्रति गुस्सा नहीं, बल्कि निराशा और मोहभंग की भावना थी।भाजपा ने चतुराई से इसका फायदा उठाया और मोदी की गारंटी देकर खुद को एक ऐसी पार्टी के रूप में स्थापित करके इस शून्य को भरने की कोशिश की, जो अपने वादे पूरे करती है। तीसरा, चुनाव परिणामों से पता चलता है कि दिल्ली में वर्ग विभाजन बढ़ रहा है। यह चिंतित करने वाली प्रवृत्ति है। शहरी इलाकों में भगवा रंग के फैलाव से स्पष्ट है कि मध्यम वर्ग, जिसने कभी आप को राष्ट्रीय स्तर पर प्रमुखता दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी, वह पूरी तरह से भाजपा के साथ एकजुट हो गया है। आप का वोट शेयर काफी अधिक है, जो भाजपा से कुछ ही प्रतिशत कम है। यह दशार्ता है कि गरीबों के बीच अब भी इसकी अपील बरकरार है। जीत के लिए ये संख्याएं पर्याप्त नहीं थीं, लेकिन यह विभाजन कुछ ऐसा है, जिसे आने वाली सरकार को सामाजिक संघर्षों को रोकने के लिए संबोधित करना होगा, जो अपराध दर और अन्य प्रकार के तनाव को बढ़ा सकता है।भाजपा के लिए दिल्ली में जीत का इससे बेहतर क्षण नहीं हो सकता था। पार्टी का मनोबल फिर बढ़ रहा है, क्योंकि वह देश भर में अपना राजनीतिक प्रभुत्व स्थापित करने की दिशा में बढ़ रही है। लोकसभा के नतीजों की याद तेजी से फीकी पड़ती जा रही है और पार्टी को उम्मीद है कि इसे जल्द ही भुला दिया जाएगा। पंजाब में अब अकाली भाजपा की नजदीकियां बढ़ सकती हैं और पंजाब के लोग भी नशे के बढ़ते कारोबार पर सवाल और फ्री बिजली जैसी रेवड़ियों का आकलन कर सकते हैं। दिल्ली की रणनीति पंजाब और बिहार में भी आजमाई जा सकती है।

### मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने दिया इस्तीफा

**इंफाल/नई दिल्ली (एजेंसी)।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने रविवार की शाम करीब 5:20 बजे राजभवन में राज्यपाल अजय कुमार भल्ला को अपना इस्तीफा सौंप दिया। अपने इस्तीफे में बीरेन सिंह ने मणिपुर की सेवा करने का अवसर मिलने का आभार व्यक्त किया और केंद्र सरकार की ओर से विकास और सुरक्षा के लिए किए गए कार्यों की सराहना की। उन्होंने केंद्र सरकार से मणिपुर की क्षेत्रीय अखंडता बनाए रखने, सीमा घुसपैठ पर सख्ती, नशे के कारोबार पर रोक, बायोमेट्रिक आधारित सख्त सीमा नियंत्रण और सीमा बुनियादी ढांचे के विकास को तेज करने की अपील की है। सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने मणिपुर विधानसभा के निलंबन की भी सिफारिश की है, हालांकि इस पर कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। मुख्यमंत्री 8 फरवरी की शाम चार्टर्ड फ्लाइट से दिल्ली गए थे। इससे पहले, 5 फरवरी को राज्य के तीन वरिष्ठ मंत्री, पीडब्ल्यूडी मंत्री गोविंददास कोंथौजम, वन एवं पर्यावरण मंत्री थोंगम बिस्वजीत और उपभोक्ता मामलो के मंत्री एल. सुसिंद्रो मैतेई, चार भाजपा विधायकों के साथ चार्टर्ड फ्लाइट से दिल्ली पहुंचे थे।

## संगठन को मजबूत करने का निर्णय



**नवीन मेल संवाददाता**

**ऊंटारी रोड।** पांडू प्रखंड के प्लस टू हाई स्कूल के मैदान में एकीकृत संघर्ष मोर्चा जिला इकाई पलामू के निर्देश पर प्रखंड इकाई की बैठक हुई। अध्यक्षता अरविंद विश्वकर्मा ने की। संचालन संदीप सिंह ने किया। बैठक में कई विषयों पर बिंदुवार चर्चा की गई। कोष को मजबूत व संगठन को मजबूत करने, सीआरसी स्टार पर संगठन को विस्तार करने, सेवानिवृत्त शिक्षक व आकस्मिक मृत्यु होने वाले शिक्षक को सहयोग राशि प्रदान करने का निर्णय लिया गया। साथ ही सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित करने, महीना के अंतिम रविवार को सीआरसी व प्रखंडों में बैठक करने का भी निर्णय लिया गया। मौके पर रमेश ठाकुर, अनिल विश्वकर्मा, कृष्णचंद पांडेय, रघुनाथ प्रजापति शंभू पाल, राजेंद्र विश्वकर्मा अजय पाल आदि उपस्थित थे।

# पोर्टल पर फर्जी डॉक्यूमेंट बनाकर छात्रवृत्ति लाभ लेने का किया प्रयास

- 10 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज
- मामला सिद्धनाथ बीएड कॉलेज जपला का

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** झारखंड सरकार के ई-कल्याण पोर्टल पर फर्जी डॉक्यूमेंट बना कर गलत तरीके से छात्रवृत्ति लेने का आवेदन करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में सिद्धनाथ बीएड कॉलेज के एचओडी प्रमोद कुमार पांडेय ने हुसैनाबाद थाना में लिखित शिकायत की है। लिखित आवेदन में कहा है



कि महाविद्यालय के बोनफाईड, मार्कशीट सहित सभी आवश्यक दस्तावेज बनाकर झारखंड सरकार के ई-कल्याण पोर्टल पर शालिनी कुमारी, बिगनी देवी, गीता कुमारी, पूजा कुमारी, कविता देवी, गीता देवी, रेखा देवी,ऋतिक रोशन, सुमन देवी, उषा देवी, सभी थाना हरिहरगंज द्वारा छात्रवृत्ति का लाभ लेने के लिए आवेदन किया है। जबकि उक्त सभी लोग बीएड कॉलेज के छात्र नहीं हैं। इन लोगों के खिलाफ कॉलेज द्वारा जिला कल्याण पदाधिकारी मेदिनीनगर को इन सभी का छात्रवृत्ति निरस्त करने के लिए आवेदन दिया गया था। जिला कल्याण पदाधिकारी ने प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया था। इस संबंध में हुसैनाबाद थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि बीएड कॉलेज एचओडी के लिखित शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर सभी आवेदकों का आधार कार्ड नंबर, मोबाइल नंबर की जांच शुरू कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई।

## न्यूज बॉक्स

### 8वीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को मिलेगी साइकिल

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड कार्यालय प्रागंण में 11 फरवरी को पूर्वाह्न 11 बजे से साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसे लेकर जारी पत्र में प्रखंड विकास पदाधिकारी रणवीर कुमार ने सांसद, विधायक अथवा उनके प्रतिनिधियों, जिला परिषद सदस्य,प्रमुख,उपप्रमुख, 20सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सभी संबंधित मुखियाओं को निर्धारित तिथि और समय पर इस साइकिल वितरण कार्यक्रम में उपस्थित का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए उन्नति का पहिया कार्यक्रम में उत्क्रमित मध्य विद्यालय करडंडा, राजकीयकृत मध्य विद्यालय मोहम्मदगंज,पंसा और भजनियां के कक्षा 8 में अध्ययनरत अनुसूचित जाति,जनजाति, अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण किया जाएगा। उन्होंने प्रभारी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी को शिक्षा विभाग के सहयोग से साइकिल वितरण करना है, जबकि प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी और प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी को उनकी उपस्थिति में योग्य छात्र-छात्राओं की पहचान करते हुए उनको साइकिल वितरण कराना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

## धरोहर को संवारने वाले को नही मिल रहा पारिश्रमिक



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** भीम चूल्हा के पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के साथ ही इसे सुरक्षित रखने में कादलकुर्मी गांव के गंगा तिवारी का बड़ा योगदान बताया जाता है। मगर ऐसा करते हुए चार साल बीत जाने के बाद भी कोई पारिश्रमिक उन्हें नहीं तय किया जा सका है। जबकि वे फूल-पौधों को समय-समय से सिंचित करने के साथ ही बतौर पुजारी पूजा पाठ से लेकर पर्यटकों के मार्ग दर्शक के रूप में इस ऐतिहासिक धरोहर को संवारने में जुटे हुए हैं। उन्होंने बताया कि 2021 से पहले भी इनकी रात दिन की रखवाली में ही विकास के आयाम स्थापित करने के बाद तत्कालीन विधायक सह पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह ने उद्घाटन के साथ पर्यटक स्थल को सैलानियों को समर्पित किया था। उन्हीं की पसंद से इस ऐतिहासिक धरोहर के देखभाल की जिम्मेदारी उन्हें मिली है। तभी से कर्तव्यों का पालन करते आ रहे हैं। बहरहाल गंगा तिवारी पारिश्रमिक तय करने को लेकर खुलकर कुछ नहीं कह पाते हैं। मगर लोगों ने उनके लिए पारिश्रमिक तय किया जाना जरूरी बताया है।

### मोतियाबिंद के 116 मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन

**हुसैनाबाद।** जिला अंधापन नियंत्रण समिति व राधा लक्ष्मी ट्रस्ट दंगवार के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार व रविवार को हुसैनाबाद अस्पताल में निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर में लगभग 200 मरीजों के आंखों की जांच की गई। उनमें 116 मरीजों को आईएलओ विधि द्वारा लेंस प्रत्यारोपण किया गया। मौके पर राधा लक्ष्मी ट्रस्ट के संचालक डॉ.अखिलेश गुप्ता ने बताया कि आईएलओ विधि से लेंस प्रत्यारोपण उपरांत सभी मरीजों को निःशुल्क दवा और चश्मा भी दिया जा रहा है। किसी व्यक्ति की आंखों की ज्योति लौटाना सबसे पुनीत कार्य है। उन्होंने कहा कि जिला अंधापन नियंत्रण समिति और राधा लक्ष्मी ट्रस्ट दंगवार द्वारा इस क्षेत्र में पिछले कई सालों से शिविर आयोजित कर बेहतर कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह ऑपरेशन अगले मार्च माह तक किया जाएगा। मौके पर नेत्र सहायक डॉ.धीरज प्रसाद, डॉ. दयानन्द,जय प्रकाश सिंह उर्फ बच्चा सिंह, ऑडी सचिन ठाकुर,कुंदन पासवान, लिपिक सुजीत शर्मा, एएनएम शोभा कुमारी,सुधा कुमारी, सीएचसी प्रभारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## जर्जर का रुप ले चुका है इमामनगर बरेवा का पंचायत सचिवालय

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड अंतर्गत इमामनगर बरेवा पंचायत का सचिवालय देखरेख व मेंटेनेंस के अभाव में कबाड़खाना का रुप ले चुका है। जबकि इस पंचायत में विभिन्न योजनाओं पर लाखों का वारा न्यारा अनवरत जारी है। समाजसेवी सह भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता अरुण कुमार मेहता सहित अन्य कई ग्रामीणों ने बताया कि इस पंचायत के विभिन्न ग्राम व टोलों पर वर्ष 2023-24 में 15वें वित्त मद से कुल 150 एलईडी लगाने के लिए 4 लाख 25 हजार रुपए की स्वीकृति दी गई। जिसमें 3 लाख 25 हजार रुपए की निकासी भी कर ली गई है। उन्होंने बताया अब तक अधिकतम 60 लाइट ही लगाए गए हैं। जिसमें आधा से अधिक एक वर्ष भी नहीं जला। उक्त लाइट मृतप्रायः होने से इस राशि की लूट स्पष्ट परिलक्षित होता है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा उक्त वित्तीय वर्ष में ही मुखिया ने वाटर ड्रिंकिंग मेंटेनेंस के नाम पर दो लाख रुपए की निकासी कर ली है, किन्तु ग्राम व टोलों पर कहीं भी पानी टंकी न तो बदला गया और न ही बर्बाद हो रहे पानी को बचाने के लिए हो रहे पानी लीकेज का मेंटेनेंस कराया गया। सामाजिक युवा कार्यकर्ता अंकू सिंह राणा




ने कहा कि जिस सार्वजनिक स्थान पर सैकड़ों लोगों के विभिन्न सरकारी योजनाओं के लिए ग्रामसभा और अन्य आयोजन होते हैं। उस सचिवालय में मुक्कमल बिजली, पानी, शौचालय की व्यवस्था नहीं होना इस पंचायत के विकास पर सवाल खड़ा होना स्वाभाविक है। उन्होंने स्थानीय एसडीओ और बीडीओ से उक्त योजनाओं पर की गई सरकारी राशि और उपयोगिता की अविलंब जांच कर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई करने का आग्रह किया है। जिससे आमजनों के बीच प्रशासनिक कार्रवाई और विकास के प्रति आत्मविश्वास की किरण जग सके। साथ ही इस पंचायत सचिवालय का लंबे समय से रंगरोगन और मूलभूत सुविधाओं को अविलंब दूर कराने को कहा है। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान मुखिया से इस पंचायत क्षेत्र में विकास की आशा ग्रामीणों को नहीं है।

### प्रखंड में अवैध रूप से चल रहे क्लीनिक व अल्ट्रासाउंड

**नौडीहा बाजार।** छतरपुर अनुमंडल के अंतर्गत नौडीहा बाजार प्रखंड में कई झोलाछाप डॉक्टर द्वारा नर्सिंग होम व क्लीनिक खोल कर खुलेआम ऑपरेशन किया जा रहा है। भोले भाले ग्रामीणों से मनचाहा राशि की उगाही किया जाता है। कई ऐसे क्लीनिक है, जो एमबीबीएस का फर्जी बोर्ड भी लगा कर मरीजों का ऑपरेशन किया जाता है। सर्जरी के दौरान कई लोग मौत के शिकार भी हुए है। नर्सिंग होम व क्लीनिक के झोलाछाप डॉक्टर द्वारा भ्रूण हत्या तेजी से हो रहा है। कई वैसे झोलाछाप डॉक्टर हैं जो अपने घर में क्लीनिक खोलकर ऑपरेशन करते हैं। जांच के बाद बड़ा खुलासा हो सकता है।

## मुख्यमंत्री से आदिवासी विकास कुंभ मेला का उद्घाटन करने का आग्रह

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** राजा मेदिनीराय के याद में 11 व 12 फरवरी को दुबियाखाड़ में लगने वाला आदिवासी विकास महाकुंभ मेला का उद्घाटन झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करते तो पलामू आदिवासी समाज का गौरव बढ़ेगा व सभी समाज का हितकर होगा। ये बातें राष्टीय चेरो जनजातीय के संयोजक अवधेश सिंह चेरो ने कही। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उपयुक्त विषय के संदर्भ में आग्रह पूर्वक कहा कि मेला समिति ने मुख्यमंत्री के नाम आग्रह पत्र मेला का उद्घाटन के लिए झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, मनिका विधायक सह राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ के प्रधान महासचिव रामचंद्र सिंह के माध्यम से दिया गया है। यह विकास मेला लगभग 30 वर्षों से ज्यादा वर्षों से लगता आ रहा है। मेला का उद्घाटन पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव, बाबूलाल मरांडी,अर्जुन मुंडा, पूर्व स्पीकर इंदर सिंह नामधारी मुख्य अतिथि व उद्घाटनकर्ता के रूप में उपस्थित हुए हैं। एक वर्ष पूर्व ही पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर व मनिका विधायक सह प्रधान महासचिव राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ के रामचंद्र सिंह के आग्रह पर इस मेला को राजकीय मेला का दर्जा प्राप्त हुआ है। जिसमें चोरों जनजाति परिवार में काफी हर्ष हैं। महापुरुष राजा मेदिनीराय ने मुगल शासन व अंग्रेज शासन की अधीनता कभी स्वीकार नहीं की। अपने शासनकाल में भेष बदलकर रात्रि में घूमा करते थे, ताकि कोई प्रजा उनके राज में भूखा नहीं सोए। ऐसा होने पर तुरंत उसके घर पर दुधारू गाय व भैंस भिजवा दिया करते थे। इसलिए प्रजा में एक कहावत चरितार्थ था धानी धानी राजा मेदनिया घर-घर बाजे मंथनिया।

### मैट्रिक परीक्षा की तैयारी पूरी

## विषयवार शेड्यूल से 17 को परीक्षा होगी शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित स्थानीय पीएमश्री अपग्रेडेड प्लस टू उच्च विद्यालय में भी मैट्रिक का परीक्षा केंद्र स्थापित किया गया है। वहां विषयवार निर्धारित शेड्यूल के अनुसार 17 फरवरी से परीक्षा शुरू होगी। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। गृह विद्यालय के परीक्षार्थियों के बीच एडमिट कार्ड का वितरण किया जा चुका है। इसकी जवाबदेही शारीरिक शिक्षक प्रियहित सोनी को दी गई है। इस स्कूल के जिन परीक्षार्थियों को अबतक एडमिट कार्ड नहीं उपलब्ध हो सका है, वे उनसे संपर्क स्थापित कर प्राप्त कर सकते हैं। मैट्रिक परीक्षा के लिए प्रभारी प्रधानाध्यापक राकेश कुमार सिंह को केंद्राधीक्षक बनाया गया है। उन्होंने बताया कि परीक्षा आरंभ होने की तिथि भले ही 11 फरवरी से तय है, मगर विषयवार शेड्यूल के हिसाब से मैट्रिक परीक्षा 17 फरवरी से इस केंद्र में शुरू होगी। इसे लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है।

#### परीक्षा को लेकर लागू रहेगी निषेधाज्ञा

**जैक संचालित मैट्रिक परीक्षा को लेकर 11 फरवरी से 3 मार्च तक अनुमंडल प्रशासन की ओर से अनुमंडल पदाधिकारी गौरांग महतो के आदेश पर इस केंद्र के 100 मीटर की परिधि में धारा 163 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निषेधाज्ञा लागू हो जाएगी। इसके तहत उक्त अवधि में 5 या इससे अधिक व्यक्तियों का 100 मीटर की परिधि में एकत्रित होना वर्जित रहेगा। किसी द्वारा लाइसेंसी शस्त्र, आग्नेयास्त्र, तेजधार हथियार, लाठी और भाला लेकर चलने पर पाबंदी होगी। शवयात्रा और शादी समारोह को छोड़कर परीक्षा केंद्र की परिधि में लाउडस्पीकर, वाद्ययंत्र बजाने पर प्रतिबंध रहेगा।**

### ज्योतिष शास्त्र | 18 अक्टूबर से 5 दिसंबर तक इस राशि का समय अनुकूल रहेगा


## मकर राशि जातक के लोगों का आनंद व खुशी का होगा वर्ष 2025 : पं. कुंडल तिवारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** मकर राशि के जातक के लोगों के लिए वर्ष 2025 आनंद और खुशी देने के साथ ही उपहार देने वाला साबित होगा। ज्योतिष जिज्ञासु पं. कुंडल तिवारी ने कहा कि इस वर्ष मकर राशि से साढ़ेसाती से मुक्त तो होंगे ही उम्मीदों की प्रकाश भी जगमगायेगा। दरअसल इस वर्ष 29 मार्च की रात्रि 10.07 बजे शनिदेव मकर राशि से तृतीय पराक्रम भाव में संचार करेंगें। इससे इस जातक के लोग



साढ़ेसाती के प्रभाव से मुक्त ही नहीं होगें, बल्कि राशि से तृतीय भाव में गोचर करने से लाभ और उन्नति के अवसर भी उन्हें प्राप्त होगें। शनिदेव की कृपा से रुके कार्यो में प्रगति का आनंद भी प्राप्त होगा। गुरुदेव का गोचर इस वर्ष मई तक इन जातक के लोगों की राशि से पंचम में होने से शुभ रहेगा। इनके लिए अप्रैल से मई तक का समय विशेष लाभदायक सिद्ध होगा। 18 अक्टूबर से 5 दिसंबर तक इनका समय अनुकूल रहेगा। उन्होंने कहा कि जब गुरुदेव इन राशि से सप्तम भाव में गोचर करेंगे तो उन्हें कोई बड़ी उपलब्धि और सफलता भी मिल सकती है। घर में मांगलिक कार्य का भी संयोग बन रहा है। राहु का गोचर इस वर्ष उनकी राशि से तृतीय भाव में होगा तो राहु भी उनके लिए अनुकूल ही रहेगें। वर्ष की मध्य में जब गुरु 14 मई से 18 अक्टूबर तक राशि से छठे भाव में होगें, तब किसी शुभ कार्य के होने से आपके खर्च में वृद्धि होगी। व्यवसाय या गृह निर्माण के लिए ऋण भी ले सकते है। इस अवधि में उन्हें सेहत का भी ख्याल रखना भी अति आवश्यक है। एक सकारात्मक भाव और उर्जा की अनुभूति करेगें। श्री हनुमान चालीसा का नित्य पाठ अवश्य करते रहने से लाभ होगा।



### कैदी वार्ड से फरार होने के मामले में, सीसीटीवी फुटेज और पुलिस के बयान परस्पर विरोधाभासी

# मामले की जांच की जा रही है : डीएसपी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शुक्रवार सुबह करीब 7 बजे एमएमसीएच के कैदी वार्ड से फरार हुए हत्या के आरोपी ऋषिकेश दुबे के मामले में, पुलिस द्वारा जारी बयान और सीसीटीवी फुटेज में गंभीर अंतर सामने आया है। प्रशासन के एक प्रतिनियुक्ति पुलिसकर्मी दिनेश राम का कथन है कि कैदी वार्ड में सुबह के पानी के लिए नल खोलते समय आरोपी ने अचानक हमला करते हुए उन्हें धक्का दिया, जिसके फलस्वरूप दिनेश गिर पड़े और ऋषिकेश फरार हो गया।




दिनेश राम के बयान के अनुसार, जब कैदी वार्ड में मौजूद जवानों ने धोने के लिए अनुरोध किया, तो नल खोलने के बाद ऋषिकेश ने अचानक पुलिसकर्मी पर हमला कर उसे गिरा दिया और बिना किसी रोक-टोक के भाग निकला। लेकिन सीसीटीवी फुटेज में पूरी घटना का एक बिलकुल अलग अंदाज उभर कर आया है। फुटेज में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि आरोपी ऋषिकेश ने मोबाइल फोन पर बात करते हुए कैदी वार्ड से निकलते ही कहीं भी झगड़े या किसी पुलिसकर्मी से टकराव के संकेत नहीं दिखाए।

इसके अलावा, फुटेज में दिखाई देता है कि ऋषिकेश को लेने बाइक पर दो व्यक्ति पहले से इंतजार कर रहे थे और उन्होंने बिना किसी रुकावट के आरोपी को लेकर भागने में मदद की। एक अन्य तथ्य जो फुटेज से सामने आया, वह यह है कि घटना के समय दिनेश राम अपने ड्यूटी पर नहीं थे। ये विवरण न केवल पुलिस के बयान से मेल नहीं खाते, बल्कि सुरक्षा व्यवस्था में भी गंभीर सवाल खड़ा करते हैं।

#### तहकीकी जांच में मिली नई जानकारियां

सूत्रों के अनुसार, जिस समय ऋषिकेश दुबे कैदी वार्ड से भागा, वहां उपस्थित जवानों में से किसी ने भी उसे रोकने का प्रयास नहीं किया। इसके साथ ही, अस्पताल परिसर में सुरक्षा चौकी को घटना के बारे में कई घंटों तक सूचित न करने की भी जानकारी मिली है। यह दशार्ता है कि अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस ड्यूटी में काफी ढील है, जिससे अपराधियों को फरार होने का मौका मिल रहा है। शहर थाना प्रभारी देवब्रत पोद्दार ने शुक्रवार के लगभग 1 बजे इस घटना की सूचना मिलने के बाद मामले में प्राथमिक दर्ज दर्ज कराया है और लगातार छापेमारी की जा रही है। एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद भी बताते हैं कि मामले में विस्तृत जांच की जा रही है। बहरहाल, पुलिस लापरवाही या जानबूझकर छिपाई गई घटना? यह यक्ष प्रश्न बन गया है!

सीसीटीवी फुटेज से उभरते स्पष्ट और बिना रोक-टोक के भागने के दृश्य के मुकाबले दिनेश राम का बयान गंभीर विरोधाभास प्रस्तुत करता है। यह सवाल उठता है कि क्या पुलिसकर्मी की कथन में जानबूझकर बदलाव किया गया है या फिर असलियत से भागते हुए ऋषिकेश दुबे को रोकने में प्रशासन की लापरवाही सामने आई है।

### श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ में उमड़े श्रद्धालु

## भगवान के गुणों की चर्चा से मिट जाते हैं क्लेश : अलका किशोरी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सुदना स्थित तुलसी मानस मंदिर मैदान में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान महायज्ञ के पांचवें दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। इस अवसर पर भगवान कृष्ण की झांकी के माध्यम से उनके विभिन्न स्वरूपों का मनोरम चित्रण किया गया।

भागवताचार्य अलका किशोरी ने गोवर्धन पूजा, गौचारण और बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान के दर्शन से जन्म-जन्मांतर के पाप नष्ट हो जाते हैं। उन्होंने वृंदावन धाम की महिमा का बखान करते हुए कहा कि बांके बिहारी के दर्शन मात्र से भक्तों को आत्मिक शांति और आनंद की प्राप्ति होती है।

अलका किशोरी ने कहा कि जब धरती पर पाप, अत्याचार और अधर्म बढ़ता है, तो भगवान अवतरित होते हैं। भगवान की लीलाओं का श्रवण और उनके गुणों की चर्चा मात्र से जीवन के क्लेश मिट जाते हैं, और विचार शुद्ध हो जाते हैं।

इस धार्मिक आयोजन में देवी मंदिर ट्रस्ट के अभिमन्यु ओझा, विनोद अग्रवाल, रमाकांत सिंह, सुनील सोनी, प्रशांत सिंह, मनीष उपाध्याय, मिथिलेश मिश्रा, प्रफुल्ल दुबे समेत सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालु उपस्थित थे।

## दिल्ली चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली ऐतिहासिक जीत पर हुसैनाबाद में कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाइयां दी। मौके पर भाजपा नेता अजय प्रसाद गुप्ता ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और उनकी गारंटी पर जनता के विश्वास को दशार्ती है। उन्होंने बताया कि दिल्ली की जनता अरविंद केजरीवाल की झूठे वादों से परेशान थी और इस चुनाव में जनता ने अहंकार और अराजकता को नकारते हुए भाजपा के सुशासन को चुना है। उन्होंने कहा कि अब नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दिल्ली को विश्व की सर्वश्रेष्ठ राजधानी बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। श्रवण कुमार अग्रवाल ने कहा कि दिल्ली चुनाव के परिणाम बता रहे है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोगों के दिलों में बसते हैं। झूठ और फरेब की करारी शिकस्त हुई है। जनता ने भ्रष्टाचारियों को नकारा है। मौके पर भाजपा के वरीय नेता रामप्रवेश सिंह, श्रवण कुमार,अखिलेश मेहता, रामचन्द्र चौधरी,उदयनाथ विश्वकर्मा, चंदन सिंह, सचिन कुमार,रविंद्र कांस्यकार, राजीव ठाकुर,सुवोध कश्यप समेत काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## टाउन हॉल में लोन मेला और निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला स्वर्णकार संघ द्वारा रविवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति टाउन हॉल में लोन मेला और निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में झारखंड स्वर्णकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद जौहरी और अविनाश देव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।



कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों ने दीप प्रज्वलन और गणेश वंदना के साथ किया। इसकी अध्यक्षता धनंजय सोनी ने की, जबकि संचालन शालिनी श्रीवास्तव ने किया।

#### व्यवसायियों के लिए लोन, मरीजों के लिए निःशुल्क चिकित्सा

इस मेले में छोटे व्यवसायियों को ऑन-स्पॉट लोन प्रदान करने की सुविधा दी गई, जिससे उन्हें व्यवसाय बढ़ाने में मदद मिल सके। साथ ही, विभिन्न अस्पतालों के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और परामर्श भी दिया गया।

इस दौरान सर्जन डॉ. सुशील पांडेय, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रवीण सिद्धार्थ, और दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. विनीत कुमार सिंह ने मरीजों की जांच की और आवश्यक चिकित्सा सलाह दी। झारखंड स्वर्णकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद जौहरी ने कहा कि ऐसे आयोजनों से व्यवसायियों को सीधा लाभ मिलता है और वे आसान प्रक्रिया के तहत लोन प्राप्त कर सकते हैं। धनंजय सोनी ने भी आश्वासन दिया कि भविष्य में इस तरह के और आयोजन किए जाएंगे, ताकि व्यवसायियों को और अधिक सहूलियत मिले। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। साथ ही, बैंक प्रतिनिधियों और चिकित्सकों को पलामू स्वर्णकार संघ विशिष्ट सम्मान से नवाजा गया।

इस आयोजन में आदित्य बिरला फाइनेंस, तौनिशा फिनसर्व प्राइवेट लिमिटेड, महिंद्रा फाइनेंस, एचडीएफसी फाइनेंस समेत कई वित्तीय संस्थानों ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सोना महल के प्रोपराइटर संतोष सोनी, पूर्व सैनिक बृजेश शुक्ला, मनीष सिंह समेत बड़ी संख्या में व्यवसायी और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### छह महीने से बंद ऑक्सीजन प्लांट चालू और मेडिकल वेस्ट का हो निस्तारण

**हजारीबाग।** शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल सही मायने में गरीबों के लिए एक बहुत बड़ी राहत देने वाली जगह है। लेकिन कतिपय लापरवाही और बदइतजामी के कारण यहां लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ता है। यहां दो पालियों में डाक्टरों की व्यवस्था की गयी है। डॉक्टर भी पर्याप्त हैं पर दूसरी पाली में आम तौर पर सीनियर डॉक्टर से भेंट नहीं होती है। ऑन कॉल ही बात हो पाती है। दूसरी पाली में जे आर से काम चलाया जाता है। ऐसे में बड़ी परेशानी लेकर आने वाले हजारीबाग में मरीजों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है, जिनमें से ऑक्सीजन प्लांट एक मुख्य समस्या है। कोरोना महामारी के समय पीएम केयर फंड द्वारा लगाया गया। ऑक्सीजन प्लांट काम नहीं कर रहा है, जिससे मरीजों को ऑक्सीजन के लिए ऑक्सीजन सिलेंडर पर निर्भर रहना पड़ता है।

### झील परिसर में लगाया हेल्थ चेकअप जांच शिविर

**हजारीबाग।** शहर के झील परिसर में श्रीनिवास डायग्नोस्टिक ने दिन रविवार को हेल्थ चेकअप जांच शिविर का आयोजन किया। जिसमें सुगर एवं हीमोग्लोबिन का जांच मुफ्त की गयी। इसमें 67 से अधिक जरूरतमंदों ने सुगर एवं हीमोग्लोबिन का जांच एवं उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श प्राप्त किया। साथ ही कई लोगों ने अन्य जांच का परामर्श प्राप्त किया। इस दौरान अन्य जांच पर बाजार से किफायती दर पर उपलब्ध होने से कई जरूरतमंदों ने पंजीकरण कराया। मौके पर श्रीनिवास डायग्नोस्टिक संचालक डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि सुगर की बिमारी एवं हीमोग्लोबिन संबंधित बिमारी काफी सामान्य होते जा रही है। विशेष पहल के साथ हेल्थ चेकअप कैंप में सुगर एवं हीमोग्लोबिन की जांच निशुल्क लोगों के लिए उपलब्ध करवा रहें हैं।

## खनन माफियाओं के हौसले बुलंद, दिन में हो रहा अवैध मिट्टी खनन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या छह स्थित कचरवा डैम से दिनदहाड़े अवैध रूप से मिट्टी निकाली जा रही है। खनन माफियाओं द्वारा ट्रैक्टर और जेसीबी मशीनों का उपयोग कर मिट्टी की खुदाई कर उसे ऊंचे दामों पर बेचा जा रहा है। यह मिट्टी जमीन की भरावट और अन्य निर्माण कार्यों में इस्तेमाल की जाती है।



खनन विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा समय-समय पर अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई की जाती है, लेकिन नगर निगम क्षेत्र में इस गोरखधंधे पर प्रभावी रोक नहीं लग पा रही। स्थानीय लोगों का कहना है कि दर्जनों ट्रैक्टर दिनभर मिट्टी लेकर शहर के विभिन्न हिस्सों में जाते हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई सख्त कार्रवाई नहीं की जा रही।

#### मजदूर भी बने शोषण के शिकार

मिट्टी खोदने वाले मजदूरों के अनुसार, उन्हें सिर्फ लोडिंग का काम सौंपा जाता है, जबकि इसकी बिक्री माफियाओं द्वारा की जाती है। मजदूरों ने बताया कि प्रति ट्रैक्टर 600-700 रुपए में मिट्टी बेची जाती है, और जरूरत के हिसाब से जेसीबी मशीन का भी इस्तेमाल किया जाता है।

#### स्थानीय लोग भय के कारण खामोश

डैम के आसपास रहने वाले स्थानीय लोग खनन माफियाओं के डर से इस अवैध गतिविधि के खिलाफ कुछ कहने से बचते हैं। एक निवासी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि यदि कोई विरोध करता है, तो उसे धमकाया जाता है।

#### जांच के बाद होगी कार्रवाई : सीओ

इस संबंध में जब सदर सीओ अमरदीप बल्होत्रा से संपर्क किया गया, तो उन्होंने बताया कि वे फिलहाल निजी कार्य से बाहर हैं। हालांकि, थाना प्रभारी को निर्देश देकर जांच कराई जाएगी, और अवैध खनन में संलिप्त व्यक्तियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## रानीताल डैम : प्रकृति की खूबसूरती के बीच सुविधाओं का अभाव

**सैलानियों को लुभा रहा, लेकिन सुरक्षा और विकास की दरकार**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर से महज नौ किलोमीटर की दूरी पर स्थित रानीताल डैम अपनी मनमोहक खूबसूरती से सैलानियों को आकर्षित कर रहा है। चारों ओर हरियाली, पहाड़ियों और दर्जनों खजूर के पेड़ों से घिरा यह डैम प्रकृति प्रेमियों और पिकनिक मनाने वालों के लिए पसंदीदा स्थल बन चुका है। सालभर यहां पर्यटक आते हैं, लेकिन सुविधाओं के अभाव और सुरक्षा को लेकर चिंता बनी हुई है।



#### सुरक्षा और सुविधाओं की जरूरत

पर्यटक मनीष कुमार, जो अपने परिवार के साथ घूमने आए थे, बताते हैं कि छुट्टियों और रविवार को यहां काफी लोग आते हैं। हालांकि, शाम के समय सुनसान इलाका होने के कारण सुरक्षा को लेकर चिंता बनी रहती है। स्थानीय लोगों और पर्यटकों की मांग है कि सरकार इस स्थान को और विकसित करे। यदि इसे रिजॉर्ट की तर्ज पर विकसित किया जाए, नौका विहार और फूड कोर्ट जैसी सुविधाएं जोड़ी जाएं, तो यह पर्यटन का बड़ा केंद्र बन सकता है।

#### खूबसूरती में चार चांद लगाता रानीताल डैम

करीब छह साल पहले पुनरुद्धार किए गए इस डैम से निकलने वाली दो नहरें चैनपुर, लादी, डुमरी, नेउरा सहित कई गांवों के खेतों को सिंचित करती हैं। यहां पक्षियों की कई प्रजातियों का भी बसेरा है, जिससे यह पक्षी प्रेमियों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बन गया है। डैम के बीचों-बीच खजूर के दर्जनों पेड़ इसकी सुंदरता में चार चांद लगाते हैं। स्थानीय निवासी जितेंद्र पासवान के अनुसार, यह डैम पहले कच्चा था और इसकी गहराई भी काफी कम थी। 2019 में तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास के कार्यकाल में इसे पक्का स्वरूप दिया गया। पुनरुद्धार कार्य के दौरान नक्सलियों ने अंजाम भुगतने की धमकी भी दी थी, लेकिन पुलिस की निगरानी में काम पूरा कराया गया।



# डंडई में बालू का अवैध कारोबार चरम पर, प्रशासन मूकदर्शक



**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** थाना क्षेत्र में इन दिनों बालू का अवैध कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है। ट्रैक्टर, टिप्पर और छोटे हाईवा वाहनों के जरिए बालू की ढुलाई और बिक्री जोरों पर है। केवल परिवहन ही नहीं, बल्कि बालू को पहाड़ की तरह जमा कर बड़े पैमाने पर भंडारण भी किया जा रहा है। इस पूरे खेल में स्थानीय पुलिस प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। पहले यह कारोबार गांव-घर के नजदीकी नदी-नालों से किया जाता था, लेकिन अब धुरकी प्रखंड स्थित कनहर नदी से बड़े पैमाने पर बालू का उठाव हो रहा है। यह अवैध कार्य हर रात 10 बजे से सुबह सूर्योदय तक संचालित होता है। ग्रामीणों का कहना है कि रात में जब वे किसी काम से उठते हैं, तो अक्सर बालू से लदे ट्रैक्टर, टिप्पर और हाईवा उनके गांव से गुजरते दिखते हैं। कई बार सूर्योदय के बाद भी इन वाहनों की आवाजाही जारी रहती है। उन्होंने बताया कि लगातार वाहनों की आवाज से रातभर चैन से सोना मुश्किल हो गया है। रविवार की सुबह चाय के दौरान ग्रामीण सुनील यादव, नंदू यादव, बुद्धि नारायण प्रजापति, मनोज प्रसाद और अन्य लोगों ने इस समस्या को लेकर चिंता व्यक्त की। देर तक चर्चा हुई।

### गौ-तस्करी भी जारी, पुलिस बेखबर

डंडई निवासी विफन प्रजापति ने बताया कि क्षेत्र में इन दिनों गो-तस्करी भी बड़े पैमाने पर हो रही है। पिकअप वाहनों में मवेशियों को लोड कर प्रतिदिन रात में गढ़वा की ओर ले जाया जाता है। अवैध कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं, जिससे आम जनता परेशान है।

## एसडीओ ने सदर अस्पताल का निरीक्षण किया



**गढ़वा।** अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने शनिवार देर रात्रि सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हेंने अस्पताल के वार्ड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वार्ड में साफ-सफाई व अन्य सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त पाई। एसडीओ के निरीक्षण के क्रम में चिकित्सक भी ड्यूटी पर तैनात मिले। एसडीओ ने अस्पताल के वार्ड में मरीज से उनके बीमारियों के इलाज के बारे में जानकारी ली।

## 15 वर्षों बाद भी डंडई अस्पताल के चिकित्सकों को नहीं मिली वित्तीय प्रभार, मरीजों को हो रही परेशानी




**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को बने 15 वर्ष हो चुके हैं, लेकिन अब तक चिकित्सकों को वित्तीय प्रभार नहीं मिल पाई है। अस्पताल में कई एमबीबीएस चिकित्सक आए और गए, लेकिन किसी को भी वित्तीय प्रभार नहीं सौंपा गया। वर्तमान में डेढ़ वर्षों से कार्यरत चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रतिमा कुमारी को भी अब तक वित्तीय अधिकार नहीं मिला है। डंडई अस्पताल के लिए स्वीकृत राशि मेराल अस्पताल को भेज दी जाती है, जिससे यहां न तो जरूरी उपकरण खरीदे जा रहे हैं और न ही रंग-रोगन का काम ठीक से हो पा रहा है। डॉ. प्रतिमा कुमारी ने बताया कि वे केवल नाममात्र की चिकित्सा पदाधिकारी हैं, जबकि अस्पताल अभी भी मेराल से संचालित हो रहा है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार ने स्वीकार किया कि अस्पताल को मिलने वाली राशि अपर्याप्त है, जिससे सभी कार्य नहीं हो पा रहे। सीएस अशोक कुमार ने कहा कि केवल भवन और बोर्ड लगाने से कोई अस्पताल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नहीं बन जाता, जब तक पर्याप्त चिकित्सा स्टाफ की नियुक्ति नहीं होती।

## एक नजर

### कांडी में नव कुंडीय महायज्ञ व सूर्य मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 28 फरवरी से

**कांडी।** के सूर्य मंदिर परिसर में 28 फरवरी से 6 मार्च तक नव कुंडीय महायज्ञ और सूर्य मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव आयोजित किया जाएगा। महोत्सव के दौरान प्रतिदिन श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन भी होगा। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

### अभाविप ने बोर्ड परीक्षार्थियों को दी शुभकामनाएं, तनावमुक्त रहने की सलाह

कांडी। जीवन स्वयं एक परीक्षा है, लेकिन बोर्ड परीक्षाओं का तनाव अक्सर छात्रों पर भारी पड़ता है। वर्तमान में झारखंड में बोर्ड परीक्षा का दौर चल रहा है, ऐसे में विद्यार्थियों का मानसिक रूप से तैयार होना आवश्यक है। अभाविप झारखंड के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रिंस कुमार सिंह ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे बिना किसी तनाव के परीक्षा में शामिल हों और अपनी पूरी एकाग्रता के साथ उत्तर लिखें। उन्होंने कहा, ३परीक्षा केवल आपके शैक्षणिक ज्ञान का ही नहीं, बल्कि धैर्य, समय प्रबंधन और आत्मविश्वास का भी परीक्षण है। यदि आप सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ेंगे, तो निश्चित रूप से सफलता आपके कदम चूमेगी।३ प्रिंस कुमार ने सभी विद्यार्थियों से आत्मविश्वास बनाए रखने और मेहनत के बल पर बेहतर परिणाम हासिल करने की अपील की। उन्होंने परीक्षा को सफलता की पहली सीढ़ी बताते हुए कहा कि यह सफर अनुशासन और सही रणनीति के साथ तय करना आवश्यक है।

### भवनाथपुर के मजदूर की गुजरात में सड़क दुर्घटना में मौत

**भवनाथपुर।** अरसली दक्षिणी के चेरवाडीह निवासी दिहाड़ी मजदूर सुरजदेव भुइयां पिता स्व. रामबृक्ष भुइयां की मौत गुरुवार को गुजरात के सूरत में हो गई। वह कुछ दिनों पूर्व ही गुजरात के सूरत जिला अंतर्गत हाजिरा मोरा में रहकर एनएएस कंपनी में मजदूर के तौर पर काम कर रहा था। गुरुवार को कंपनी में काम पर जाने के दौरान बस के चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। शनिवार की देर शाम मृतक का शव उसके पैतृक आवास अरसली के चेरवाडीह पहुंचा। शव का दाह संस्कार हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार चेहरवाडीह नदी स्थित श्मशान घाट पर किया गया। मृतक मजदूर का शव घर पहुंचने की जानकारी मिलते ही मुखिया सोना किशोर यादव, इंटक मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष सुशील चौबे, जेएमएम के जिला उपाध्यक्ष लल्लू राम, अरसली दक्षिणी पंसस शकील अहमद, अजीमुद्दीन शेख, मनोज कुमार भुइयां पूर्व मुखिया गोपाल यादव, रामजन्म विश्वकर्मा, सुनिल यादव ने शोक व्यक्त करते हुए मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया।

## केतार में सड़क पर बह रहा नाली का गंदा पानी, श्रद्धालुओं को हो रही परेशानी



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** केतार बाजार से चतुर्भुजी मंदिर जाने वाली सड़क पर नाली का गंदा पानी बहने से श्रद्धालुओं और ग्रामीणों को भारी परेशानी हो रही है। 13 फरवरी से चतुर्भुजी मंदिर में सतचंडी महायज्ञ का आयोजन होने वाला है, ऐसे में प्रशासन को जल्द से जल्द सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की जरूरत है। चतुर्भुजी मंदिर विकास समिति के कोषाध्यक्ष विनोद प्रसाद ने प्रशासन से सड़क की सफाई कराने की अपील की है। मुखिया प्रमोद कुमार ने आश्वासन दिया कि जल्द ही संबंधित अधिकारियों को सूचित कर समस्या का समाधान किया जाएगा।

## मेराल में 10 फरवरी से 25 फरवरी तक मनाया जाएगा फाइलेरिया दिवस




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** सीएचसी मेराल में 10 से 25 फरवरी तक फाइलेरिया दिवस मनाया जाएगा। प्रधान सहायक हुमायूं कबीर ने बताया कि 10 फरवरी को 199 बूथों पर लोगों को दवा खिलाई जाएगी और 11 फरवरी से घर-घर जाकर दवा दी जाएगी। गर्भवती महिलाओं और गंभीर रूप से बीमार लोगों को यह दवा नहीं दी जाएगी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए 398 स्वास्थ्य कर्मियों को तैनात किया गया है, जिसमें सहिया सेविका और सुपरवाइजर शामिल हैं। स्वास्थ्य विभाग ने इस अभियान को सफल बनाने के लिए विशेष रणनीति बनाई है ताकि अधिकतम लोगों तक दवा पहुंचाई जा सके।

## मैट्रिक और इंटर परीक्षा के लिए गढ़वा एसडीएम ने जारी की निषेधाज्ञा



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** झारखंड अधिविद्य परिषद द्वारा संचालित मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा 11 फरवरी से 3 मार्च 2025 तक होगी। परीक्षा को कदाचार मुक्त और शांतिपूर्ण बनाने के लिए अनुमंडल दंडाधिकारी (एसडीएम) संजय कुमार ने परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर दायरे में निषेधाज्ञा लागू कर दी है। इस दौरान परीक्षा केंद्रों के आसपास अनाधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश वर्जित रहेगा। इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, मोबाइल, डिजिटल घड़ी, कैलकुलेटर, ईयरफोन आदि लेकर आना प्रतिबंधित होगा। निषेधाज्ञा के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा केंद्रों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासनिक स्तर पर विशेष निगरानी रखी जाएगी।

## ईमानदारी पूर्वक प्रयास से सफलता निश्चित:बीडीओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** गढ़वा जिले के एक स्कूल से भावुक कर देने वाला वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में स्कूल की छात्राएं फफक कर रो रही हैं। यह वीडियो झारखंड के गढ़वा जिला के भवनाथपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित परियोजना बालिका हाई स्कूल का है। कार्यक्रम था 10 वीं कक्षा की छात्राओं की विदाई समारोह की। जिसमें स्कूल से विदा होने पर छात्राएं फफक कर एक दूसरे के गले लगकर रोयी,जो इनका विद्यालय से लगाव को दशार्ता है। छात्राओं की यह भावुकता को देखकर कार्यक्रम में पहुंचे लोग भी भावुक हो गए। विद्यालय में आयोजित विदाई समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बीडीओ नंदजी राम ने छात्राओं के कैरियर गाइड की चर्चा करते हुए सिविल सर्विसेज की तैयारी,पुलिस,नर्सिंग,शिक्षक व अन्य तकनीकी शिक्षा के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। कहा कि इमानदारी पूर्वक प्रयास से सफलता निश्चित है। साथ ही छात्राओं को कौशल निर्माण के बारे में जानकारी देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। विशिष्ठ अतिथि मुखिया बेबी ने कहा कि आपके कंधे पर दो-दो परिवार का भविष्य टिका होता है। इसलिए शिक्षा के साथ समाज और परिवार को एक माला में पिरोकर साथ रखने की जिम्मेदारी भी आपको निभाना है। उन्होंने छात्राओं की उज्वल भविष्य की कामना करते हुए पढ़ाई जारी रखने की अपील की। स्कूल के प्रभारी प्राचार्य सत्यप्रकाश यादव ने कहा कि छात्राओं के जीवन की शुरूआत का यह पहला कदम है। यही से कई संभावनाओं का द्वार खुलता है। इसलिए जो भी आप पूरी ईमानदारी और लगन के साथ कर्म करें,फल आपको निश्चित तौर पर मिलेगा। मौके पर विद्यालय के शिक्षिका मनोरमा टोप्पो,अजय कुमार वर्मा,कृष्णा रावत,चंद्रधन राम,विनोद यादव,सत्या कुमारी सहित विद्यालय के सभी बच्चे उपस्थित थे।

## स्वयं सहायता समूह पर ईंट से तौल कर अनाज वितरण करने का आरोप



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** प्रखंड में सरकार द्वारा लगातार तकनीकी सुधारों और योजनाओं के बावजूद भ्रष्टाचार पर लगाम लगाना चुनौती बना है। इसका ताजा उदाहरण मकरी पंचायत में देखने को मिला। वहां खरवार महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा सरकारी योजनाओं के तहत अनाज वितरण में अनियमितता बरती जा रही है। डीलर द्वारा अनाज वितरण के लिए इलेक्ट्रॉनिक तराजू का उपयोग करने के बजाय, ईंट से वजन तौलकर लाभुकों को अनाज दिया जा रहा है। इससे अनाज की सही मात्रा में कटौती होने का शक जाहिर किया जा रहा है। महिला समूह के अध्यक्ष की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। उनकी जगह गांव के एक नाबालिग लड़के को 35 किलो अनाज मजदूरी के तौर पर देकर कार्य कराया जा रहा है। लाभुक बिमला देवी, निर्मला देवी, कलावती, दीपा देवी,ललिता देवी,पनपती देवी ,सरिता देवी ने बताया कि डीलर रुकमणि देवी द्वारा दाल भी नहीं दिया जा रहा है। आरोप लगाया है कि अनाज वितरण में पारदर्शिता की कमी है। इस माह का अनाज लाभुकों से पहले अंगूठा लगवाकर बाद में वितरण किया जा रहा है। इससे कई बार लाभुकों को समय पर अनाज नहीं मिल पाता। इसके अलावा सरकार द्वारा वादा की गई लूंगी और साड़ी का वितरण अभी तक नहीं किया गया है। लाभुकों ने बताया कि दाल का वितरण भी चुनिंदा लोगों को ही किया जा रहा है, जिससे बाकी जरूरतमंदों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा। इस संबंध में बीडीओ सह प्रभारी एमओ नंदजी राम से पूछे जाने पर कहा अगर डीलर ईंट रख कर राशन तौल कर बांट रहा है तो बिलकुल ही गलत है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### शीतला माता का प्रथम वर्षगाठ धूमधाम से मनाया गया

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के प्रोजेक्ट बालिका हाई स्कूल के सामने स्थित शीतला माता मंदिर की प्रथम वर्षगांठ श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई गई। इस अवसर पर मंदिर को आकर्षक रूप से सजाया गया था। सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। राधा-कृष्ण मंदिर के महंत केशव नारायण दास द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना संपन्न कराई गई। इसके बाद श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। गौरतलब है कि पिछले वर्ष फरवरी माह में मूर्ति स्थापना के अवसर पर शतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया गया था। इस उपलक्ष्य में महिलाओं द्वारा भजन-कीर्तन व सोहर गीतों का आयोजन किया गया, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा। मौके पर मंदिर के पुजारी अखिलेश पाठक, जितेंद्र सिंह, विपेश कुमार, भुचून यादव, जितेंद्र पाठक, सिंटू कुमार, विनय पाठक, मुकेश कुमार सहित अन्य भक्तों ने महाप्रसाद का वितरण किया।

## न्यूज बॉक्स

### करकट्टा की टीम ने बटोही सिंह क्रिकेट टूर्नामेंट पर किया कब्जा



**मझिआंव।** प्रखंड क्षेत्र के मोरबे पंचायत स्थित भीमराव पोटा हो खेल मैदान गुलाब गार्डन में आयोजित बटोही सिंह क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 9 फरवरी को खेला गया। रोमांचक मुकाबला में प्रखंड क्षेत्र की मझिआंव करकट्टा और कांडी प्रखंड के कोरागाई टीम के बीच खेला गया। कोरागाई केटीएम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 114 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाबी पारी खेलने उतरी करकट्टा के टीम ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट से जीत हासिल कर लिया। मुख्य अतिथि मोरवे पंचायत के मुखिया निर्मला देवी, विशिष्ट अतिथि पुलिस इंस्पेक्टर सुनील कुमार तिवारी, केशव प्रसाद सिंह, मुखिया प्रतिनिधि ललन प्रसाद सिंह, गांधी थाना प्रभारी अविनाश राज ने विजेता और उपविजेता को टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। बताते चले की बटोही सिंह क्रिकेट टूर्नामेंट कमेटी की ओर से विजेता टीम को 21000 रुपए और उपविजेता टीम को 11000 की नकद प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। रेफरल अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मनीष कुमार सिंह ने विजेता टीम को शानदार प्रदर्शन करने पर अपनी ओर से 5100 रूपए नगद पुरस्कार दिया। डॉ. शमशेर सिंह ने उपविजेता टीम को 3100 रुपए की प्रोत्साहन राशि दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोरवे पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि ललन प्रसाद सिंह, कांडी प्रखंड के रानाडीह पंचायत के मुखिया ललित बैठा, पुलिस इंस्पेक्टर सुनील कुमार तिवारी ने सभी खिलाड़ियों को हौसला बढ़ाया। क्रिकेट टूर्नामेंट में अच्छा परफॉर्मेंस करने वाले खिलाड़ियों में संदीप को मैन ऑफ द मैच तथा गोलू को मैन ऑफ द सीरीज दिया गया। मौके पर टूनामेंट का आयोजक अनूप सिंह, कांडी प्रखंड के दक्षिणी जिला परिषद सदस्य सुमंत कुमार रजक, सलीम राय, मुखिया प्रतिनिधि रमेश कुमार, डॉ. गोविंद प्रसाद सेठ सहित हजारों हजार की संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

### 10 फरवरी से शुरू होगा झामुमो का सदस्यता अभियान

**रमना।** झामुमो ने सदस्यता अभियान कार्यक्रम को लेकर रविवार को कार्यकर्ताओं की बैठक गुलरही बांध स्थित कार्यालय में हुई। बैठक में सदस्यता अभियान को लेकर चर्चा की गई। आगामी 10 फरवरी को गुलरही बांध के पास सदस्यता अभियान कार्यक्रम रखा गया है, जिसमें नए लोगों को सदस्य बनाया जायेगा। बैठक में प्रखंड, पंचायत व बूथ स्तर के कार्यकर्ता शामिल होंगे। साथ ही केंद्रीय कार्य समिति सदस्य ताहिर अंसारी, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम मुख्य रूप से शामिल होंगे। बैठक में नागेंद्र सिंह, लाला सिंह, रामचंद्र राम, सुभान अंसारी, मो. कलामुद्दीन अंसारी, विश्वेश्वर मेहता, नुरूद्दीन अंसारी, उमेश उरांव, कुलदीप पासवान, शोभन पासवान एवं हकिमुद्दीन अंसारी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### धुरकी के हाजी इस्माइल का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

धुरकी। धुरकी के 75 वर्षीय हाजी इस्माइल का रविवार को हृदय गति रुकने से निधन हो गया। वे पहले से हृदय रोग और उच्च रक्तचाप से पीड़ित थे। उनकी मृत्यु की खबर मिलते ही पूरे धुरकी क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। रविवार दोपहर 12 बजे अचानक उनकी तबीयत बिगड़ने लगी, जिसके बाद उन्हें गढ़वा ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने अंतिम सांस ली। हाजी इस्माइल अपने मिलनसार स्वभाव और सामाजिक गतिविधियों के लिए जाने जाते थे। उनके निधन पर स्थानीय लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया।

## प्रतिभा

### बिरसा मुंडा क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन, विधायक ने ट्रॉफी देकर किया पुरस्कृत

# पढ़ाई के साथ खेलकूद में करियर बनाये,सरकार सहयोग करेगी : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** प्रखंड के रारो खेल स्टेडियम में शनिवार को बिरसा मुंडा कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच भवनाथपुर मकरी बनाम डंडई बौलिया के बीच खेला गया। फाइनल मैच को बौलिया की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। मकरी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में कुल 135 रन बनाया। बौलिया की टीम ने जवाबी बारी खेलते हुए 104 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। मैच को मकरी की टीम ने 31 रन से जीत हासिल कर कप पर कब्जा जमाया। बिरसा मुंडा कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि विधायक अनंत प्रताप देव, जिप सदस्य मोहन पासवान,झामुमो नेता जितेंद्र ठाकुर, प्रमुख प्रतिनिधि बिगन बैठा ने संयुक्त रूप से विजेता व उप विजेता टीम को शील्ड के साथ विजेता टीम को 21 हजार व उप विजेता को 11 हजार रुपये देकर सम्मानित किया। क्रिकेट मैच का मैन ऑफ द मैच अगस्त कुमार तथा मैन ऑफ द सीरिज भूटाली कुमार को दिया गया। इसके बाद खेल आयोजन समिति के लोगों ने अतिथियों को बारी-बारी से माला पहना कर स्वागत किया। क्रिकेट टूर्नामेंट को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में खेल की प्रतिभा कि कमी नहीं है। उनमें खेल के प्रति छिपी प्रतिभा को निखारने की जरूरत है। ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को खेल का अच्छा प्लेटफॉर्म मिले तो निश्चित रूप से डंडई जैसे इलाके से महेंद्र सिंह धौनी जैसा खिलाड़ी निकल अपने क्षेत्र का नाम रौशन कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं को खेल के माध्यम से करियर को संवारने का मौका दे रही है। खेल में बेहतर प्रदर्शन कर जिला व राज्य का नाम रौशन करें। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि खेल को लेकर कोई समस्या आती है, तो बेझिझक हमसे मिले। समस्या का समाधान करने का प्रयास करेंगे। टूर्नामेंट आयोजन समिति के अध्यक्ष जितेन्द्र यादव ने बताया कि टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने भाग लिया था। जिसमें मकरी बनाम बौलिया के बीच फाइनल मैच खेला गया। मकरी के टीम ने 31 रन से बौलिया टीम ने हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। मौके पर पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष क्यामुदिन अंसारी, झामुमो चिनिया प्रखंड अध्यक्ष अरबिंद यादव , झामुमो नेता चंद्रशेखर प्रसाद, कृष्णकांत सिंह, महेश्वर राम, कन्हाई यादव,शिव प्रसाद यादव, झामुमो नेता पप्पू यादव,महेंद्र यादव, रंजन पासवान,अमीर हसन अंसारी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### सॉलिड व लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट विषय पर आधारित कार्यशाला का आयोजन

# वर्तमान समय में ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन की तकनीकी विधि को अपनाने की जरूरत : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय टॉउन हॉल में सॉलिड व लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट (एसएलआरएम) विषय पर आधारित कार्यशाला का आयोजन रविवार को किया गया। इस दौरान उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, भारतीय हरित सेवा के परियोजना निदेशक सलाहकार सी श्रीनिवासन, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, अपर समाहर्ता रामा रविदास, सिविल सर्जन डॉ. अवधेश कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार रजक, जिला परिषद सदस्य, जिला स्तरीय पदाधिकारियों, गणमान्य व्यक्तियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित का कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला में सॉलिड व लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। सॉलिड एंड लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट पर आयोजित कार्यशाला में परियोजना निदेशक सलाहकार सी श्रीनिवासन द्वारा अवांछित ठोस और तरल पदार्थों के उपचार और पुनर्चक्रण के विभिन्न पहलुओं पर



प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से हमारा लक्ष्य लातेहार जिला को एक शून्य-अपशिष्ट बनाने और भविष्य के पर्यावरणीय प्रशिक्षकों का निर्माण करने की दिशा में काम करना है। कार्यशाला में सी श्रीनिवास ने डॉक्यूमेंटरी फिल्म द्वारा इंटिग्रेटेड सॉलिड व लिक्विड वेस्ट रिसोर्स मैनेजमेंट प्रणाली की जानकारी विस्तृत रूप दी और प्रश्नों के उत्तर भी दिए। कार्यशाला में उन्होंने बताया कि उद्यान अपशिष्ट (जैसे सूखे पत्ते), मछली बाजार अपशिष्ट, सब्जी अपशिष्ट, द्वितीयक पृथक्करण शेड, एक मवेशी शेड और दो या तीन बायो-गैस संयंत्र प्राथमिक पृथक्करण स्रोत पर किया जाता है, जबकि द्वितीयक पृथक्करण एसएलआरएम केंद्रों पर किया जाता है। तृतीयक पृथक्करण एक सामान्य केंद्र पर किया जाता है। पर्यावरण प्रदूषण के कारण जिले अंतर्गत कचरा जमा होने की समस्या को वैज्ञानिक ठोस स्थापित करके हल किया जा सकता है। आगे उन्होंने जिले अंतर्गत तरल संसाधन प्रबंधन (एसएलआरएम) केंद्र बनाए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यशाला में कचरा प्रबंधन की वैज्ञानिक व व्यवहारिक पहलुओं को समझाने के बाद जिले की बेहतरी हेतु इस प्रक्रिया को अपनाने की बात कही गई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण के दृष्टिगत हमें ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन की तकनीकी विधि को अपनाने की जरूरत है। जिले को स्वच्छ व हरा-भरा बनाए रखने के लिए पर्यावरण अनुकूल विधियों व प्रक्रियाओं पर बल देने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी से कचरा प्रबन्धन की प्रक्रिया अपनाते हुए जिला, गांव, पंचायत को साफ-सुथरा बनाने की बात कही। मौके पर जिला परिषद सदस्य, प्रखंड प्रमुख, जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड लातेहार, मनिका, सरयू के मुखिया ,पंचायत सचिव, पर्यावरण कार्यकर्ता, समाजसेवी, समेत अन्य उपस्थित थे।

## मनचले युवकों ने पुआल के मचान में लगाई आग

**महुआडांड़ (लातेहार)।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम मिरगी में अज्ञात मनचलों ने सड़क किनारे बने पुआल के मचान में आग लगा दी, जिससे ग्राम मिर्गी निवासी मनोज एक्का का लगभग 10 हजार रूपए का पुआल जलकर राख हो गया। इस संबंध में ग्रामीण बुजुर्ग महिला शिबीस्तीयानी लकड़ा ने बताया कि लगभग 12 बजे तीन बाइक में सवार युवक जो, लोध वाटर फाल घूमने जा रहे थे, मचान के पास रुके उन्ही में से एक युवक ने मचान में आग लगा दी। उस दौरान बुजुर्ग महिला सड़क की दूसरी ओर बागन में काम कर रही थी। जिसने भाग कर शोर मचाया, लेकिन वे तीनों अपने बाइक से फरार हो गए। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने लोध फाल जाने वाले सड़क को जाम कर दिया। बाद में पर्यटकों को हो रही परेशानी को देखते हुए स्वयं ही जाम हटा लिया। घटना की जानकारी मिलने पर जिला परिषद सदस्य स्तेला नगेसिया घटनास्थल पर पहुंची और यथासंभव सहयोग करने का आश्वासन दिया।

## सिंदुआरी फाइटर ने जीते दो लीग मैच



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेले जा रहे गिद्धौर प्रीमियर लीग सीजन टू के लीग मैच में रविवार को दो मैच खेला गया। पहला मैच सिंदुआरी फाइटर बनाम मुकेश वॉरियर्स के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सिंदुआरी फाइटर ने निर्धारित 12 ओवर में पांच विकेट खोकर 147 रन का स्कोर खड़ा किया। सिंदुआरी फाइटर के तरफ से सर्वाधिक रन सोनू गुप्ता 74 रन का योगदान दिया। जवाबी पारी खेलने उतरी मुकेश वॉरियर्स ने 9.1 ओवर में सभी विकेट खोकर मात्र 89 रन ही बना पाई। इस प्रकार सिंदुआरी फाइटर ने 58 रनों से मैच जीत लिया। बेहतर प्रदर्शन के आधार पर सोनू गुप्ता को हीरा टाइल्स मार्बल की तरफ से मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। दूसरा मैच हिंदुस्तान फाइटर बनाम सिंदुआरी फाइटर के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए हिंदुस्तान फाइटर ने निर्धारित 12 ओवर में मात्र 149 रनों स्कोर खड़ा किया।

हिंदुस्तान फाइटर के तरफ से सर्वाधिक रन कपिल राणा 63 रन का योगदान दिया। जवाबी पारी खेलने उतरी सिंदुआरी फाइटर 11.4 ओवर में छह विकेट पर 150 रन बनाकर मैच चार विकेट से जीत लिया। बेहतर प्रदर्शन के आधार पर आलोक दुबे को को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

## जिला कोऑर्डिनेटर ने आवास सर्वे के लिए दी ट्रेनिंग

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखण्ड कार्यालय में प्रधानमंत्री आवास प्लस के लिए सर्वे को जिला कोऑर्डिनेटर शिव प्रसाद यादव ने ट्रेनिंग दी। इसमे पीएम आवास ब्लॉक कोऑर्डिनेटर दीपक कुमार,पंचायत सचिव,रोजगार सेवक और स्वयं सेवक को प्रशिक्षण दिया गया। जिला कोऑर्डिनेटर ने बताया कि जिन लोगो को पक्का मकान है। वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये है। प्रति माह 15 हजार रुपये आय है तो वैसे लोगों को सर्वे के दौरान नाम हटा देना है। उन्हें आवास प्लस का लाभ नहीं देना है। तकनीकी बिंदुओं पर भी जानकारी देते हुए कहा कि योग्य लोगों को ही आवास प्लस के लिए सर्वे कर सूचीबद्ध करना है। उन्होंने कहा कि समय सीमा के अंदर लोगों का सर्वे करना है। ताकि वैसे योग्य लोगों को प्रधानमंत्री आवास का लाभ देने की कागजी प्रक्रिया की जा सके।

## क्रय केंद्र में किसानों से धान खरीदी शुरू

**बरवाडीह।** बरवाडीह स्थित क्रय केंद्र में किसानों से शुक्रवार से धान की खरीदारी फिर से शुरू हो गई है। इस दिन तीन किसानों से करीब 75 क्विंटल धान की खरीदी हुई। मालूम हो कि करीब 10 दिनों से मशीन में ऑन लाइन किसानों के अंगूठे नहीं लेने के कारण धान की खरीदी बंद हो गई थी। इसके बाद तकनीकी गड़बड़ी को दूर करने के लिए विभागीय अधिकारी हरकत में आये। उसे ठीक करने के बाद धान खरीदी शुरू की गई। क्रय केंद्र लैंपस समिति के अध्यक्ष ब्रह्मदेव सिंह ने बताया कि किसानों से ऑन लाइन मशीन में अंगूठे लेने के बाद धान की खरीदारी शुरू हो गई है। क्रय केंद्र में धान बेचने के लिए किसानों को सूचित किया गया है। अब तक क्रय केंद्र में 75 किसान से धान खरीदी की गई है।

## एबीवीपी हंटरगंज नगर इकाई का पुनर्गठन

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद चतरा जिले के हंटरगंज नगर इकाई का पुनर्गठन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रविवार को विभाग संगठन मंत्री विक्रम सिंह राठौर, जिला संयोजक मुन्ना यदुवंशी ने युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद एवं मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में उपस्थित हजारीबाग विभाग संगठन मंत्री विक्रम सिंह राठौड़ ने विद्यार्थियों को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बारे में विस्तृत जानकारी व एबीवीपी के गतिविधि, आयाम, एवं कार्यों की जानकारी दी।



बताया गया कि विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल से निरंतर अविराम छात्र हित एवं समाज हित के लिए राष्ट्रीय पुनर्निर्माण की धारणा के साथ कार्य करते आ रहा है एवं अभाविप प्रत्येक वर्ष नयी कार्यकारिणी की घोषणा करता है। जिला संयोजक मुन्ना यदुवंशी ने कहा कि चतरा जिले में सत्र 2025-26 के लिए नगर एवं परिसर कार्यकारिणी गठन का कार्यक्रम अनवरत जारी है। इसी क्रम में हंटरगंज नगर इकाई का पुनर्गठन किया गया। इसमें नगर मंत्री राजीव कुमार को बनाया गया, जबकि अमित कुमार, गुड्डू कुमार, नीतीश कुमार, सुप्रिया कुमारी को नगर सहमंत्री, प्रेम कुमार, कुश कुमार, राष्ट्रीय कला मंच संयोजक विवेक कुमार, खेलो भारत संयोजक दीपक सिंह, थिंक इंडिया संयोजक अवलेश कुमार, सोशल मीडिया प्रभारी दिव्यांशु राज, मीडिया प्रभारी संजीत कुमार, कार्यकारणी सदस्य कृष्ण कुमार के दायित्व की घोषणा की गई।


## जिला में मैट्रिक और इंटर की परीक्षा को लेकर तैयारी पूरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** जिला में 11 फरवरी से शुरू होने वाली मैट्रिक और इंटर की परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है। जिला में मैट्रिक की परीक्षा में 17,771 एवं इंटर की परीक्षा में 11,838 छात्र-छात्राएं शामिल होगे। जिला में मैट्रिक की परीक्षा के लिए 48 एवं इंटर की परीक्षा के लिए 30 परीक्षा केंद्र बनाया गया है। सभी परीक्षा केंद्रो में स्वच्छ व कदाचार मुक्त कराने के उद्देश्य से सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। सभी परीक्षा केंद्रो में पेयजल, शौचालय और रोशनी का समुचित व्यवस्था किया गया है। परीक्षा के दौरान छात्रों को बैठने में कोई परेशानी न हो, इसके लिए बेंच डेस्क पर्याप्त संख्या में लगाया जायेगा। एक बेंच पर दो-दो छात्र बैठने की व्यवस्था बनाया गया है। परीक्षा स्वच्छ व कदाचार मुक्त हो, इसके लिए 30 छात्रों पर एक वीक्षक को लगाया जायेगा। सभी परीक्षा केंद्रा पर एक-एक मजिस्ट्रेट को प्रतिनियुक्त किया जायेगा। इसके अलावा फ्लाइंग स्क्वाईड के रूप में जिले के वरीय पदाधिकारी सभी परीक्षा केंद्रो में जा जाकर नजर रखेंगे। इस संबंध में जिला शक्षिा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है।

मैट्रिक की परीक्षा के लिए 48 और इंटर की परीक्षा के लिए 30 परीक्षा केंद्र बनाया गया है। मैट्रिक की परीक्षा में 17,771 एवं इंटर की परीक्षा में 11,838 छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। सभी परीक्षा केंद्र में सीसी कैमरा लगाया गया है। परीक्षार्थियों के लिए पेयजल, पर्याप्त रोशनी और शौचालय सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराया गया है।

## लागत नहीं मिलने से टमाटर की खेती करने वाले किसान हैं परेशान



**कर्ज चुकाने की बढ़ी परेशानी**

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा/पत्थलगड़ा।** भारत में सिर्फ खेती ही एक मात्र ऐसा संसाधन है, जिसने भीषण मंदी और कोरोना के दौर में देश की अर्थव्यवस्था को बचाए रखा और लोगों को भूखों नहीं मरने दिया। लेकिन चतरा जिला अंतर्गत पत्थलगड़ा प्रखंड के किसान अपनी टमाटर की उपज खेत में छोड़ने या सड़कों पर फेंकने को मजबूर हो रहे हैं। पत्थलगड़ा प्रखंड के नावाडीह, डमोल, बेलहर, दुंबी, कुबा, बरवाडीह, पत्थलगड़ा, सिंघानी, नोनगांव, मेराल गांव के साथ सिमरिया, गिद्धौर आदि प्रखंड में टमाटर के खेती में किसानों को काफी नुकसान हो रहा है। भुक्तभोगी किसानों ने का कहना है कि टमाटर की खेती करने से लेकर उपजाने तक न्यूतम पूंजी 4000 से 45000 हजार लगा है, और अभी 80 रुपए कैरेट मतलब 2 से 3 रुपये प्रतिकिलो व्यापारियों द्वारा लिया जा रहा है। ऐसे में खेती कर घर का खर्च चलाना भी मुश्किल हो रहा है। क्षेत्र के किसान कोमल दांगी, उदय दांगी, नागेश्वर दांगी, रामसेवक दांगी का कहना है कि टमाटर की खेती ने हमें बर्बाद कर दिया है। लागत तक नहीं निकल रहा है। कुछ टमाटर खेत में फेंक दिया। बाजार में टमाटर का दाम नहीं मिला तो दर्जनों कैरेट टमाटर फेंकना पड़ा। ऐसे में रातों की नींद गायब हो गई है। घर की हालात ऐसी है जैसे मइयत पड़ी हो। समझ में नहीं आ रहा है कि हम जैसे किसान क्या करें? अन्य किसानों ने बताया कि हम लोग बैंक व महिला समूह से ऋण लेकर टमाटर की खेती किए हैं।

## विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**कुंदा (चतरा)।** चतरा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के जिला सचिव के निर्देश पर कुंदा थाना में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कई मामलों में आपसी सुलह समझौता से हल कर दिया गया। अधिकार मित्र अजीत कुमार ने लोगों को नालसा द्वारा जारी निःशुल्क हेल्फलाइन नंबर 15100 के बारे में बताया। उन्होंने बताया की टॉल फ्री नंबर पर संपर्क कर कानूनी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। विधिक शिविर में पुलिस पदाधिकारी समेत कई अन्य उपस्थित थे।

## ताइक्वांडो खिलाड़ियों का ग्रेडिंग परीक्षा संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** झारखंड व जिला ओलंपिक संघ से मान्यता प्राप्त चतरा जिला ताइक्वांडो एसोशिएशन के तत्वावधान में शहर के रामेश्वर लाल खंडेलवाल सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में रविवार को ताइक्वांडो ग्रेडिंग परीक्षा सम्पन्न हुई। उदघाटन मुख्य अतिथि अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संदीप सुमन ने किया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि को बुके देकर स्वागत किया गया। ग्रेडिंग परीक्षा में विभिन्न विद्यालयों 55 बच्चों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि एसडीपीओ ने बच्चो को शुभकामना देते हुए कहा कि ताइक्वांडो आत्मरक्षा और आत्मबल बढ़ाने का खेल है। ग्रेडिंग परीक्षा में बच्चों ने काफी उम्दा प्रदर्शन किया है। खासकर छोटे-छोटे बच्चों ने अपने पंचेज और कीक के माध्यम से मन मोह लिया। कहा कि बच्चों में काफी ऊर्जा देखी गई। इनके अंदर कला और टैलेंट काफी कूट कूटकर भरा



हुआ है। उन्होंने बच्चों को शुभकामना देते हुए कहा कि बच्चे ग्रैंड के अंतिम 10 वें पायदान तक पहुंचें। उन्होंने कहा कि ताइक्वांडो राष्ट्र के गौरव का खेल है। देशहित में ताइक्वांडो खेल बहुत जरूरी है। उन्होंने अपने दोनों बच्चों को ताइक्वांडो खेलने के लिए भेजने का वादा किया। मौके पर चतरा जिला ताइक्वांडो एसोशिएशन के अध्यक्ष चंद्रेश शर्मा, उपाध्यक्ष प्रकाश कुमार,सचिव उमेश कुमार, सह सचिव रामप्रकाश कुमार, कोषाध्यक्ष शंभू कुमार,कार्यकारिणी सदस्य सुजीत कुमार, प्रशिक्षक रितेश कुमार, राखी कुमारी, अर्पिता राज, विक्की कुमार दास, बिहारी कुमार भारती, अवध किशोर राणा, जफर परवेज, रामेश्वर लाल खंडेलवाल विद्या मंदिर के प्राचार्य राहुल कुमार सिंह, लोयला एकेडमी की प्राचार्या सिस्टर मुक्ति, नेताजी सुभाष चंद्र बोस से रंजन कुमार, दिल्ली पब्लिक स्कूल तपेज के प्राचार्य इत्यादि मौजूद थे। नोट फोटोः- ग्रेडिंग परीक्षा में शामिल अतिथि व बच्चे

## बूथ मजबूत करने को लेकर भाजपा की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**



**कुंदा (चतरा)।** भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष गंदौरी साव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर बूथ मजबूत करने का निर्णय लिया गया। बैठक में बताया गया कि भाजपा ने बूथों को मजबूत करने को लेकर सत्यापन अभियान तेज कर दिया है। इसके तहत कुंदा और सिकीदाग के शक्ति केंद्रों पर प्रभारियों ने बूथों का सत्यापन किया और अध्यक्षों को उनकी जिम्मेदारी बताई गई। भाजपा ने संगठन की मजबूती को बूथ और शक्ति केंद्रों के सत्यापन पर जोर दिया है। मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम के तहत रविवार को शक्ति केंद्र में सत्यापन किया गया। सत्यापन कुंदा प्रभारी सह युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार यादव और सिकीदाग प्रभारी जितेंद्र शौण्डिक ने बूथ अध्यक्षों को समझाया कि चुनाव में उनकी भूमिका कितनी महत्वपूर्ण है। इसी के साथ आगे आने वालों चुनाव की चर्चा भी की गई। प्रखंड महामंत्री मनोज यादव ने कहा कि यदि बूथ जीता तो चुनाव में जीत निश्चित है। उन्होंने बूथ अध्यक्षों को चुनाव की प्रमुख कड़ी बताया और उनके दायित्व को समझाए। मौके पर कुंदा सह प्रभारी अनुज गुप्ता,सतेन्द्र सिंह, सुरेंद्र ठाकुर, बसंत भोक्ता, हिरामण यादव, सुरेश साव, इंद्रदेव भारती, प्रमोद गुप्ता, अजय भारती एंव दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे। संचालन प्रखंड महामंत्री मनोज कुमार यादव ने किया।

### गिद्धौर में जलसा-ए-दस्तारबंदी का हुआ भव्य आयोजन

## तालीम से ही उच्ची उड़ान भरी जा सकती है : चतुर्वेदी

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के रतनपुर में संचालित मदरसा इमदादुल उलूम इंग्लिश मीडियम स्कूल परिसर में शनिवार की देर रात जलसा दस्तारबंदी व प्याम ए इंसानियत कॉन्फ्रेंस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बिहार व झारखंड के कई मुफ्ती व मौलाना शामिल हुए। कार्यक्रम कागज मदरसे की बच्चियों द्वारा दहेज प्रथा पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर किया गया। साथ ही मदरसा में तामील हासिल करके कलाम ए पाक पूरा करने वाले 30 बच्चों की दस्तार बंदी हुई।अतिथियों ने उन्हें पगड़ी बांधकर व कुरान ए पाक भेंट कर सम्मानित किया। जलसा का आगाज कलामे पाक की तिलावत से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मदरसा के संचालक कारी हसन इमाम साकबी ने की। संचालन मौलाना उमर फारूक ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि यूपी के



अब्दुल्ला सलीम कमर चतुर्वेदी थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चतुर्वेदी ने कहा कि आज हमे धर्म के ठेकेदार बांटने की कोशिश कर रहे हैं, जिससे बचने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा तालीम से ही ऊंची उड़ान भरी जा सकती है। मौके पर अन्य अतिथियों ने नमाज और अल्लाह का जिक्र करने की नसीहत करते हुए सभी से दीन के रास्ते पर चलने की अपील की। कार्यक्रम को शहीद मंगल पांडेय के वंशज सच्चिदानंद पांडेय ने संबोधित किया। उन्होंने कहा हिंदुस्तान के आजादी में सभी समुदाय के लोग बढ़ चढ़कर भाग लिया था। परंतु आज कुछ लोग हिंदू मुस्लिम को बांटना चाह रहे हैं, जो हमे मंजूर नहीं है। उन्होंने सभी को मिलकर रहने का आह्वान किया। जलसा में चार चांद शायर अरशद आजमी व जमाल अपनी शायराना अंदाज ने लगा दिया। कार्यक्रम को राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सेवानिवृत शिक्षक देवचरण दांगी, समाजसेवी सत्येंद्र कुमार दांगी, बैद्यनाथ दांगी, मौलाना महफूज रहमान, मौलाना अब्दाल,मुखिया निर्मला देवी,पूर्व जिप सदस्य रामलखन दांगी,पूर्व मुखिया महेंद्र राम सहित ने संबोधित किया।

## 17 फरवरी से किसान करेंगे जमीन समाधि सत्याग्रह

**चंदवा।** सांसद आदर्श ग्राम चटुआग में रविवार को किसानों की बैठक हुई। बैठक में पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने कहा कि सांसद आदर्श ग्राम चटुआग गांव के लोग आज भी बिजली, पानी, सड़क से मेहरूम हैं। इन सभी समस्याओं को लेकर आगामी 17 फरवरी से किसान जमीन समाधि सत्याग्रह करने का निर्णय लिया है। बैठक में किसान सनिका मुंडा, जीदन टोपनो, माईकल हंश, लेचा गंझू, दिलू गंझू, नेमा परहैया, जीवन सांगा, अमृत सांगा, महादेव मुंडा, अंधरियस टोपनो समेत कई लोग शामिल थे।

## कौलेश्वरी पशु मेला समिति के अध्यक्ष बने मनोज



**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के कौलेश्वरी मंदिर परिसर में महाशिव रात्रि के अवसर पर लगने वाला 10 दिवसीय पशु मेला के सफल संचालन को लेकर रविवार को ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक प्रखंड मुख्यालय के ठाकुरबाड़ी परिसर में मुखिया निर्मला देवी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मेला के सफल संचालन को लेकर सर्वसम्मति से मनोज कुमार कुशवाहा को मेला समिति का अध्यक्ष बनाया गया। बताया गया कि प्रखंड मुख्यालय के कौलेश्वरी मंदिर परिसर में महाशिव रात्रि के मौके पर प्रत्येक वर्ष 10 दिवसीय पशु मेला का आयोजन होता आ रहा है। इस वर्ष 26 फरवरी से मेला का आयोजन होगा। इसकी तैयारी प्रारंभ कर दिया गया है। बैठक में विधायक प्रतिनिधि कपिल कुमार, निरंजन दांगी, महादेव दांगी,विजय भुइयां, राजू यादव, लखन दांगी,प्रयाग महतो,काशी राम दांगी, बंशी दांगी, परसादी साव,राजेश कुमार,प्रणाथ दांगी,कैलाश दांगी सहित थे।

## लावागाई में फाइलेरिया उन्मूलन पर जागरूकता के लिए रात्रि चौपाल का हुआ आयोजन



**कुडू-लोहरदगा।** कुडू के लावागाई पंचायत में शनिवार को रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। फाइलेरिया उन्मूलन के लिए जागरूकता फैलाना और आगामी मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम की जानकारी साझा करने के उद्देश्य से आयोजित रात्रि चौपाल कार्यक्रम में फाइलेरिया मरीजों के लिए देखभाल के उपायों पर प्रकाश डालते हुए मौजुद स्वास्थ्य विभाग की टीम में शामिल लोगों द्वारा फलेरिया के कारण और निवारण पर विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि फाइलेरिया क्यूलेक्स मच्छरों के काटने से फैलता है। और यह विकलांगता का दूसरा सबसे बड़ा कारण भी है। बताया गया कि एमडीए कार्यक्रम के दौरान दवाओं के सेवन से बीमारी को नियंत्रित किया जा सकता है। वहीं रविवार को सिएचसी कुडू में सहिया सेविका और ग्रामीणों को वीडियो के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें बताया गया कि 10 से 25 फरवरी तक आयोजित कार्यक्रम के दौरान 10 फरवरी को बुथों एवं 11 फरवरी को डोर टू डोर फलेरिया की गोली खिलाई जाएगी। लक्षित लोगों से दवा खाने की अपील की गई। मौके पर नितिन गुप्ता, नौसाद अली, बिरेंद्र महतो, अनिता देवी, झरियो देवी, पिरामल से स्वाति, सुमंत, नारायण, रोशन टोप्पो एवं सहिया सेविका और ग्रामीण उपस्थित थे।

## शब- ए - बारात को लेकर मुस्लिम समुदाय ने की कब्रिस्तान की साफ-सफाई



**सिसई (गुमला)।** मुस्लिम समुदायों का त्योहार शब-ऐ- बरात को लेकर सिसई प्रखंड के लरंगो गांव मे मौजूद कब्रिस्तान का साफ-सफाई किया गया। शब ऐ बरात को मगफेरत या क्षमा की रात कहा जाता है। इस त्योहार मे मुस्लिम समुदाय के लोग अपने गुनाहों को माफ कराने के लिए रात भर अल्लाह की इबादत करते है और कब्र में जाकर मरहूम मरहूमातों के लिए दुआएं मगफेरत करते हैं। साथ ही अपने गुनाहों के लिए अल्लाह से माफी मांगते हैं। इस रात अल्लाह गुनहगारो को माफ करते हैं। इस रोज कब्र की साफ सफाई किया जाता है। इस त्योहार मे मुस्लिम समुदाय अपने अपने घरों की भी साफ-सफाई करते हैं। अपने परिवार के साथ साथ देश दुनिया के लिए अमन चैन,खुशहाली व भाईचारगी के लिए दुआ करते हैं। मुस्लिम समुदाय बडे ही सादगी के साथ इस पर्व को मनाते हैं।

## स्कूटी और बाइक की टक्कर में युवक गंभीर रूप से हुआ घायल

**गुमला।** शहर के करमटोली रोड स्थित एसपी कार्यालय के समीप स्कूटी और बाइक में जोरदार भिड़ंत हो गई, जिसमें स्कूटी सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में युवक के चेहरे पर गहरी चोट आई है और उसकी नाक भी टूट गई। घटना के बाद मौके पर भीड़ जुट गई, और स्थानीय लोगों ने तुरंत गुमला थाना को सूचना दी। एसआई हेमा पुलिस दल के साथ मौके पर पहुंचीं और घायल युवक को सदर अस्पताल भिजवाया, जहां उसका इलाज जारी है। घायल युवक की अब तक पहचान नहीं हो पाई है, क्योंकि वह बेहोशी की हालत में है और कुछ बोलने की स्थिति में नहीं है।

## दिल्ली में जीत के बाद भाजपाइयों ने चैनपुर में मनाया उत्सव

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय में शनिवार देर शाम दिल्ली में हालिया चुनावी जीत के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकताओं ने चैनपुर मण्डल में धूमधाम से उत्सव मनाया। कार्यकताओं ने मिठाई बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया और खूब आतिशबाजी कर जश्न मनाया। चैनपुर के बस स्टैंड के पास भाजपा कार्यकताओं ने एकत्र होकर नारेबाजी की और जीत के इस पल को ऐतिहासिक बताया। मिठाई के डिब्बों के साथ-साथ कार्यकताओं ने एक-दूसरे को बधाई दी और इस सफलता को पार्टी की कड़ी मेहनत का परिणाम बताया। भाजपा मंडल अध्यक्ष बुधराम नायक ने कहा की यह जीत हमारे कार्यकताओं की मेहनत और जनता के विश्वास का परिणाम है। हम इसे पूरे देश के लिए एक सकारात्मक संकेत मानते हैं।

## 11 से 03 मार्च तक रहेगी परीक्षा केन्द्रों पर धारा 163 लागू

**लोहरदगा।** उपायुक्त लोहरदगा के आदेश ज्ञापांक-44/गो0, दिनांक-07.02.2025 के द्वारा वार्षिक माध्यमिक परीक्षा-2025 एवं इन्टरमीडिएट परीक्षा-2025 (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य) दिनांक 11.02.2025 से दिनांक 03.03.2025 तक आयोजित किया गया है। उक्त परीक्षा केन्द्र के आस-पास विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न न हो इसको लेकर कुल 23 परीक्षा केन्द्रों के आस-पास 100 मीटर परिधि में द.प्र.स की धारा-144 संशोधित धारा-163 भारतीय न्याय संहिता, 2023 के तहत निषेधाज्ञा लागू करने हेतु आदेश प्राप्त है। उक्त के आलोक में विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर धारा-163 भारतीय न्याय संहिता, 2023 लागू किया जाना है।

01. एसएस हाई स्कूल, किस्को
02. प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल, किस्को
03. गवर्नमेंट मिडिल स्कूल, किस्को
04. गवर्नमेंट गांधी मेमोरियल प्लस टू हाई स्कूल, माराडीह, कुडू
05. प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल, कुडू
06. गवर्नमेंट मिडिल स्कूल, टाकू, कुडू
07. राजकीयकृत बुनियादी स्कूल, कुडू
08. एमएलए इंटर कॉलेज, लोहरदगा
09. एसएएसवीएम हाई स्कूल, लोहरदगा
10. गवर्नमेंट गर्ल्स हाई स्कूल, लोहरदगा
11. गवर्नमेंट प्लस टू चुन्नीलाल हाई स्कूल, लोहरदगा
12. उसुर्लाईन कॉन्वेंट गर्ल्स हाई स्कूल, लोहरदगा
13. लुथेरन हाई स्कूल, लोहरदगा
14. गवर्नमेंट कस्तुरबा गर्ल्स मिडिल स्कूल, लोहरदगा
15. एमएल अग्रवाल एसवीएम इंटर कॉलेज, लोहरदगा
16. मंजूरमति हाई स्कूल, महादेव आश्रम, लोहरदगा
17. संत स्तानिसलाउस हाई स्कूल, कैमो पतराटोली
18. संत अन्ना गर्ल्स हाई स्कूल, कैमो पतराटोली
19. उसुर्लाईन कॉन्वेंट गर्ल्स मिडिल स्कूल, लोहरदगा
20. गवर्नमेंट लाल बहादुर शास्त्री प्लस टू हाई स्कूल, भण्डरा
21. गवर्नमेंट अपग्रेडेड हाई स्कूल, बिटपी, भण्डरा
22. गवर्नमेंट प्लस टू नंदलाल हाई स्कूल, अरू, सेन्हा
23. आर गर्ल्स मिडिल स्कूल, सेन्हा

माध्यमिक परीक्षा-2025 दिनांक 11.02.2025 से दिनांक 03.03.2025 तक (9:45 बजे पूर्वाह्न 1:00 बजे अपराह्न तक) एवं इंटरमीडिएट (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य) परीक्षा-2025 दिनांक 11.02.2025 से दिनांक 03.03.2025 (02:00 बजे अपराह्न से 05:15 बजे अपराह्न तक) आयोजित की जाएगी। उक्त परीक्षा केन्द्रों पर यह आवश्यक है कि विधि-व्यवस्था बनी रहे तथा किसी प्रकार का शोरगुल न हो, जिससे परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की बाधा न पहुंचे।

### जल संकट से जूझते जमगई के ग्रामीण सरकार की योजनाएं बेअसर

# हाथी का दांत साबित हो रही है नल-जल-योजना

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर**

चैनपुर प्रखंड के जमगई गांव में पिछले एक साल से पेयजल संकट ने ग्रामीणों को भारी परेशानियों में डाल रखा है। जल जीवन मिशन के तहत यहां 500 लीटर की क्षमता वाला जालमीनार स्थापित किया गया था, जिसका उद्देश्य हर घर तक पानी पहुंचाना था। लेकिन, दुर्भाग्यवश, यह योजना केवल तीन महीनों तक ही काम कर पाई। इसके बाद से जालमीनार का संचालन ठप हो गया और अब यह खरब हो चुका है। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने बार-बार पंचायत की मुखिया और संबंधित अधिकारियों को जलमीनार की खराब स्थिति के बारे में सूचित किया है, लेकिन उनकी अनदेखी के चलते समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। जमगई के निवासी प्रमाण परवीन, मेनेजा खातुन और सिसिलिया



बाड़ा ने कहा कि मुखिया और अधिकारी उनकी शिकायतों पर ध्यान नहीं दे रहे हैं, जबकि वे अपने घरों में आराम कर रहे हैं। इस बीच, ग्रामीण दूषित कुएं का पानी पीने के लिए मजबूर हैं। बरसात के महीनों में भी उन्हें गंदे कुएं के पानी का सहारा लेना पड़ा, जो स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि जलमीनार का निर्माण केवल दिखावे के लिए किया गया था और इसे भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिया गया है। उन्होंने कहा, हमारे पास कोई और विकल्प नहीं है। हमें मजबूरन दूषित पानी पीना पड़ रहा है। इस जल संकट ने न केवल ग्रामीणों को परेशान किया है, बल्कि उनके स्वास्थ्य पर भी गंभीर प्रभाव डाला है। दूषित पानी पीने से बीमारियों का खतरा बढ़ गया है, और गांव में कई लोग स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना कर रहे हैं। ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन से अपील की है कि वे इस गंभीर समस्या का समाधान जल्द से जल्द करें। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि यह संकट केवल जल संकट नहीं है, बल्कि यह सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन की कमी को भी उजागर करता है। उन्होंने यह जानने की इच्छा जताई है कि कब तक उन्हें इस संकट से जूझना पड़ेगा और क्या सरकार उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए गंभीर है या नहीं। स्थानीय प्रशासन के लिए यह एक गंभीर चुनौती है कि वह इस समस्या का समाधान करे और यह सुनिश्चित करे कि ग्रामीणों को गुणवत्तापूर्ण पेयजल की उपलब्धता हो। अब देखना यह है कि प्रशासन और पंचायत कितनी जल्दी इस गंभीर मामले पर ध्यान देती है और कब तक ग्रामीणों को राहत मिलेगी।

## कांग्रेसी नेता ने बड़कीछापर गांव के लोगों की सुनी समस्या

**सिमडेगा।** सदर प्रखंड के पिथरा पंचायत अंतर्गत बड़कीछापर के ग्रामीणों के विशेष आमंत्रित पर समाजसेवी सह कांग्रेस पार्टी के नेता खुशीराम कुमार उपस्थित हुए। मौके पर ग्रामीणों ने अपने गाँव की सभी समस्याओं और बेरोजगारी के बारे में बताए। ग्रामीणों ने कहा हमारे गाँव में पेय जल, नहाने धोवाने सहित खेती करने के लिए पानी की भारी किल्लत है। हमारे गाँव के चारों दिशाओं भारी समस्यायों का अंबार लगा हुआ है, बच्चों के लिए जो स्कूल भवन है बड़ी दुर्घटना को आमंत्रित कर रही है, स्कूल भवन जर्जर हालत में है, स्कूल में शिक्षक की कमी के साथ स्कूल में बाउंड्री नहीं है। बिजली भी भगवान भरोसे, मोबाईल है लेकिन नेटवर्क नहीं है, बहुत से घरों में बिजली पोल के अभाव से बांस को बिजली पोल बनाकर काम चलाया जा रहा है। जहां सोलर लाइट लगना बेहद जरुरी था वहां नहीं लगाकर,एकमात्र खेल मैदान जो भ्रष्टाचार का भेंट चढ़ गया है वहां पर लाइट लगाया

## आपत्तिजनक वीडियो अपलोड करने पर चार यूट्यूब चैनलों पर मामला दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

चार यूट्यूब चैनलों द्वारा ईसाई धर्मगुरु प्रोफेट बजिंदर सिंह के खिलाफ आपत्तिजनक और भ्रामक वीडियो अपलोड करने के मामले में गुमला थाना में एफआईआर दर्ज की गई है। गुमला शहरी क्षेत्र के तीन युवकों ने थाना में आवेदन देकर अश गैंग टीवी, विजय इमानुएल टीवी, द लाइट अपोलोजेस्टिक्स टीवी और बाइबल फैक्ट टीवी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

**यूट्यूब चैनलों पर भ्रामक जानकारी फैलाने का आरोप**

थाने में दर्ज शिकायत के अनुसार, अश गैंग टीवी ने 10 दिन पहले बजिंदर सिंह की दो पत्नी शीर्षक से एक वीडियो अपलोड किया, जिसमें भ्रामक बातें कही गई थीं। वहीं, 25 जनवरी को बाइबल फैक्ट टीवी पर चंदन सोनी नामक व्यक्ति ने बजिंदर सिंह के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी वाली वीडियो पोस्ट की। 27 जनवरी को विजय इमानुएल टीवी और द लाइट अपोलोजेस्टिक्स टीवी ने भी धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले वीडियो अपलोड किए।

**धार्मिक भावनाएं आहत, जांच में जुटी पुलिस**

शिकायतकताओं का कहना है कि ये वीडियो ईसाई समुदाय की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के उद्देश्य से बनाए गए हैं। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**साइबर सेल की मदद से होगी जांच**

गुमला पुलिस ने साइबर सेल की मदद से इन यूट्यूब चैनलों की गतिविधियों की जांच शुरू कर दी है और वीडियो की सत्यता की भी जांच की जाएगी। शिकायतकताओं ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की धार्मिक उकसावे वाली सामग्री अपलोड न की जाए।

## बीईईओ को दी गयी विदाई

**सिमडेगा।** केलाघाघ डैम किनारे सिमडेगा के निवर्तमान प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी बसंत सिंह का विदाई सह वन भोज का कार्यक्रम रखा गया इस कार्यक्रम में प्रखंड के सभी कोटि के शिक्षकों की उपस्थिति रही। सर्वप्रथम शिक्षकों के द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का शाल देकर स्वागत किया गया तत्पश्चात स्वागत गीत गया गया उसके बाद स्वागत भाषण राजकुमार राम के द्वारा दिया गया । तत्पश्चात शिक्षकों के द्वारा उपहार देकर सम्मानित किया गया।इस कार्यक्रम में निवर्तमान बीइइओ बसंत सिंह ने अपने कार्यकाल के अनुभव को बताते हुए कहा कि कार्य हमेशा सुगमता एवं विश्वास के साथ करनी चाहिए उन्होंने प्रखंड के सभी शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपका सहयोग के बगैर प्रखंड का संचालन करना मुश्किल होता है उन्होंने कहा कि हमेशा प्रखंड के शिक्षकों के भलाई के लिए तत्पर रहा।

## फाइलेरिया से बचाव के लिए एमडीए कार्यक्रम 10 से 25 फरवरी तक



फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है, जो मच्छरों के काटने से फैलती है। इसके संक्रमण से हाथ, पांव और अंडकोष में सूजन हो सकती है।

**चैनपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चैनपुर में हाथी पांव (फाइलेरिया) के खिलाफ मास ड्रग्स एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम का शुभारंभ कल सोमवार को किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद मेरी लकड़ा और प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. डी एन ठाकुर के स्यंयुक्त कर कमलों द्वारा किया जाएगा। 10 से 25 फरवरी 2025 तक चलने वाले इस कार्यक्रम के तहत, स्वास्थ्य कर्मी और सहिया दीदी घर-घर जाकर फाइलेरिया से बचाव की दवा वितरित करेंगे। चिकित्सक प्रभारी डॉ धर्मनाथ ठाकुर ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस दवा को अवश्य लें, क्योंकि यह फाइलेरिया से बचाव में अत्यंत महत्वपूर्ण है। फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है, जो मच्छरों के काटने से फैलती है। इसके संक्रमण से हाथ, पांव और अंडकोष में सूजन हो सकती है, जिससे मरीजों को काफी परेशानी होती है। यह दवा सभी सरकारी अस्पतालों और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में मुफ्त उपलब्ध है। स्वस्थ कर्मी ने सभी नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे इस अभियान को गंभीरता से लें और फाइलेरिया से बचाव की दवा का सेवन करें। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी चिकित्सक डॉ धर्मनाथ ठाकुर ने सभी से आग्रह की है।

## जिला स्तरीय पोषण शक्ति कुकिंग प्रतियोगिता संपन्न, घाघरा बना विजेता



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

जिले के राजेंद्र अभ्यास मध्य विद्यालय में जिला स्तरीय पोषण शक्ति कुकिंग प्रतियोगिता धूमधाम से संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में जिले के 13 प्रखंडों के विजेता और उपविजेता विद्यालयों के रसोइयों ने हिस्सा लिया। शानदार प्रदर्शन करते हुए घाघरा प्रखंड की टीम प्रथम स्थान पर रही, जबकि भरनो प्रखंड की टीम उपविजेता बनी। दोनों टीमों को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी कविता खलखो ने कहा कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यालयों में बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना और रसोइयों को प्रोत्साहित करना है। वहीं, जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खान ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि घाघरा और भरनो की टीमें राज्य स्तरीय पोषण शक्ति कुकिंग प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी। उन्होंने अन्य प्रतिभागियों को भी भविष्य में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। प्रखंड प्रसार पदाधिकारी, बिशनपुर प्रीति कुजूर ने प्रतिभागियों से अपने क्षेत्र में मिलने वाली हरी सब्जियों को मध्यान्ह भोजन में अधिक उपयोग करने की सलाह दी।

### महाशिवरात्रि मेले की तैयारियों को लेकर बाबा टांगीनाथ धाम में महत्वपूर्ण बैठक

# श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी : संजय साहू


**नवीन मेल संवाददाता। डुमरी**

डुमरी प्रखंड के मझगांव पंचायत में स्थित प्रसिद्ध तीर्थ स्थल बाबा टांगीनाथ धाम में महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक आगामी रविवार को दोपहर 12 बजे धाम परिसर में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता बाबा टांगीनाथ धाम के उपाध्यक्ष संजय साहू करेंगे। उन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि का पर्व नजदीक है, और इस दिन हर वर्ष हजारों श्रद्धालु दूर-दूर से पूजा-अर्चना करने आते हैं। इस बार मेले को सफल और सुरक्षित बनाने के लिए आवश्यक विधि व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह बैठक आयोजित की जा रही है। संजय साहू ने सभी हिंदू सनातनी समुदाय के लोगों से अपील की है कि वे इस बैठक में भाग लें। उन्होंने कहा, श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कठिनाइयों का सामना न करना पड़े, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। बैठक में डुमरी प्रखंड के



सभी संबंधित अधिकारियों, स्वयंसेवकों और स्थानीय संगठनों को आमंत्रित किया गया है ताकि मिलकर एक सफल और सुरक्षित महाशिवरात्रि मेला का आयोजन किया जा सके। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी श्रद्धालुओं को बिना किसी परेशानी के भव्य धाम में दर्शन करने का अवसर प्राप्त हो। संजय साहू ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे, जिससे महाशिवरात्रि का पर्व सभी के लिए एक यादगार अनुभव बन सके। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को मंदिर परिसर में अगरबती, चावल, और प्लास्टिक का सामान लाने की अनुमति दी जाएगी। इसके अतिरिक्त, महिलाओं को भारतीय वेष-भूषा में मंदिर में प्रवेश की अनुमति होगी। दूर से आने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने की व्यवस्था भी की जाएगी। मेला में लगने वाले दुकानदारों को एक या दो दिन पहले आकर अपनी जगह देख लेने के लिए आग्रह किया गया है, ताकि मेले के दिन उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक समी कुमार, वीरेंद्र जयसवाल, बृजेंद्र पाण्डेय, रामकृपाल बैगा, राहुल बैगा, लक्ष्मण नगेसिया, पुरूषोतम कुमार सहित समिति के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

## भरनो ब्लॉक गेट के पास स्कूटी दुर्घटना दो युवक गंभीर रूप से घायल



**गुमला।** भरनो चट्टी मुख्य सड़क पर भरनो ब्लॉक गेट के समीप रविवार देर शाम एक स्कूटी दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान मारासिली गांव निवासी चंदा उरांव (18) और सूरज उरांव (17) के रूप में हुई है। दोनों युवक समसेरा से अपने गांव लौट रहे थे, तभी ब्लॉक गेट के समीप तेज रफ्तार में स्कूटी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर गई। इस हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के ग्रामीणों ने घायलों को देखा और तुरंत ऑटो की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, भरनो पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उनका इलाज शुरू किया। फिलहाल दोनों का इलाज भरनो अस्पताल में जारी है। जानकारी मिलने पर मारासिली पंचायत के मुखिया सुकेश उरांव अस्पताल पहुंचे और घायलों के इलाज में सहयोग किया।

## न्यूज | बॉक्स

### नया ट्रांसफार्मर लगने से ग्रामीणों में हर्ष



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत अन्तर्गत मुर्की कुंबा टोली में ट्रांसफार्मर जलने से ग्रामीण अंधेरा में रहने को विवश थे.जिसे ट्रांसफार्मर जल जाने से ग्रामीणों को काफी समस्याएं हो रही थी.वही ग्रामीणों द्वारा ट्रान्सफार्मर जलने की शिकायत कांग्रेस जिला सचिव से किया गया था.ग्रामीणों से ट्रांसफार्मर जलने की बात मालूम होते ही कांग्रेस के जिला सचिव नंदकिशोर शुक्ला द्वारा लोहरदगा सांसद से सम्पर्क किया गया।जिस पर सांसद सुखदेव भगत को मुर्की कुम्बाटोली में ट्रांफर्मर जलने की बात संज्ञान में आते ही सांसद द्वारा आलोक कुमार साहू एवं सांसद प्रतिनिधि साजिद अहमद चंगू को ट्रांसफार्मर बदलवाने का निर्देश दिया गया।वही सांसद के पहल से ट्रान्सफार्मर लगने पर मुर्की कुम्बाटोली के ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है।साथ ही कांग्रेस के जिला सचिव के माध्यम से ग्रामीणों द्वारा सांसद सुखदेव भगत को बधाई दिया गया।वही नया ट्रान्सफार्मर लगने पर गांव का पाहन बीफई मुंडा द्वारा पूजा अर्चना कर नया ट्रांसफार्मर का विधिवत उद्घाटन किया गया। मौके पर कांग्रेस जिला सचिव नंदकिशोर शुक्ला पंचायत अध्यक्ष जीतराम उरांव समेत बिफाई मुंडा, सोमा मुंडा, राजेंद्र भगत, उमेश बड़ाइक राजेश मुंडा,राजेंद्र मुंडा,किरण उरांव,ललिता उरांव,रामेश्वर चिकबड़ाइक,वीरन लोहारा, प्रतिमा उरांव सहित सैकड़ों ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद थे।

### कृतन मंडली द्वारा आयोजित होगा 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन



**सेन्हा-लोहरदगा।** कीर्तन मंडली तोड़ार के सौजन्य से हनुमान मंदिर प्रांगण में मंगलवार से 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन का आयोजन किया जायेगा। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत अन्तर्गत तोड़ार ग्राम में माघ पूर्णिमा के अवसर पर मंगलवार से 24 घण्टे का अखंड हरि कृतन करने का निर्णय तोड़ार ग्राम के कीर्तन मंडली और सनातनियो के द्वारा लिया गया।जो बुधवार को विधिवत वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ समापन होगा।वही तोड़ार ग्राम के सनातनी व कीर्तन मंडलियों ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी अखंड हरिकीर्तन एवं भंडारे का आयोजन ग्राम में स्थित श्री हनुमान मंदिर के समीप किया गया है। इस पावन अवसर पर तोड़ार कीर्तन मंडली द्वारा जिले के विभिन्न प्रखंड से कीर्तन मंडली को आमंत्रित किया गया है।साथ ही ससमय सभी भक्तजनों से कृतन व भंडारा में शामिल होने के लिये विनम्र अनुरोध किया गया है। तोड़ार ग्राम में अखंड हरि कृतन का कार्यक्रम विगत करीब 15 वर्षों से लगातार आयोजित हो रहा है।वही इस वर्ष भी अखंड हरि कृतन का आयोजन कर समापन के दौरान भव्य भंडारे का भी आयोजन किया गया है। जिसमें श्रद्धलुओं से अपील करते हुए सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया गया है।

### अवैध बालू निकासी पर प्रशासन की कड़ी सख्ती

**गुमला।** जारी प्रखंड के गोविंदपुर पंचायत स्थित कमलपुर और तिगरा बालू घाटों में अवैध बालू खनन पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। लगातार शिकायतों के बाद प्रखंड के अंचलाधिकारी और थाना प्रभारी के नेतृत्व में बालू माफियाओं पर नकेल कसते हुए घाटों के रास्ते में ट्रेंच गड्ढा खुदवाया गया। इससे माफियाओं में हड़कंप मच गया है और उनका अवैध कारोबार ठप हो गया है। सूत्रों के अनुसार, हर दिन 300 से 400 ट्रैक्टर अवैध रूप से बालू निकालकर छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में ऊंचे दामों पर बेचा जा रहा था, जिससे झारखंड सरकार को लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा था। स्थानीय ग्रामीण लंबे समय से नदी के सीमांकन की मांग कर रहे हैं, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि नदी झारखंड में है या छत्तीसगढ़ में। सीमावर्ती इलाका होने के कारण बालू माफिया मौके का फायदा उठाते थे और प्रशासन को भ्रमित कर बालू की तस्करी कर रहे थे। अब ट्रेंच गड्ढा खोदे जाने के बाद अवैध परिवहन पूरी तरह से बाधित हो गया है। इस कार्रवाई से प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया है कि अवैध बालू खनन और तस्करी को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### पंडरानी गांव की महिला ने छेड़छाड़ का लगाया आरोप, मामला दर्ज

**गुमला।** भरनो प्रखंड के पंडरानी गांव की 30 वर्षीय महिला महारानी उरांव, जो दो बच्चों की मां हैं, ने गांव के ही खदिया उरांव पर छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए भरनो थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़िता द्वारा पुलिस को दिए गए आवेदन के अनुसार, 24 जनवरी की रात एक अज्ञात युवक ने मुंह पर पट्टी बांधकर उसके साथ छेड़छाड़ की। अंधेरा होने के कारण वह युवक को पहचान नहीं पाई। इस मामले को लेकर गांव में पंचायती भी हुई, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। जब पंचायत से न्याय नहीं मिला, तो शनिवार को पीड़िता भरनो थाना पहुंची और खदिया उरांव के खिलाफ छेड़छाड़ की प्राथमिकी दर्ज करवाई। भरनो थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपी की तलाश में जुट गई है।

### परवेज अंसारी के अगुवाई में सदस्यता अभियान चलाया गया

**भंडरा।** भंडरा प्रखंड में झामुमो ने रविवार को जेएमएम पुर्व प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी के अगुवाई में सदस्यता अभियान चलाया गया। सदस्यता अभियान में मुख्य रूप से लोहरदगा झामुमो के पुर्व जिला उपाध्यक्ष तिवारी उरांव एवं अल्पसंख्यक मोर्चा के पुर्व जिला सचिव मंसूर अंसारी मौजूद रहे। इस दौरान प्रखण्ड के जमगाई पंचायत में फॉर्म भरकर सैकड़ों लोगों को जेएमएम की सदस्यता दिलाई गई। शामिल लोगों ने बताया कि झारखंड में हेमंत सोरेन की अगुवाई में दर्जनों महत्वाकांक्षी योजना जनहित में चलाई जा रही है। जिससे आम लोगों में सरकार के प्रति समर्पित की भावना जग रही है। जिससे लोग झामुमो में शामिल हो रहे हैं। जेएमएम पुर्व प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी ने बताया कि पूरे लोहरदगा जिले में पचास हजार से अधिक सदस्य बनाने का लक्ष्य है। जिसमें भंडरा प्रखण्ड को 5 हजार सदस्यों को पार्टी में शामिल करवाया जाएगा। बताया कि अभी तक पूरे प्रखंड में 1500 से अधिक लोग सरकार से प्रेरित होकर जेएमएम में अपनी सदस्यता का फॉर्म भरे है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस मौके पर झामुमो के पुर्व जिला उपाध्यक्ष तिवारी उरांव ने बताया कि झामुमो जिला समिति द्वारा भंडरा प्रखंड के जमगाई में सदस्यता अभियान चलाया गया। झामुमो लोहरदगा जिला के संयोजक प्रमुख मोज्जमिल अहमद के नेतृत्व में चले सदस्यता अभियान में काफी संख्या में दूसरे पार्टी के लोगों ने झामुमो का दामन थामा। उन्होंने हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली महागठबंधन सरकार की योजनाओं को भी गिनाया। साथ ही योजना का लाभ गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की अपील की। मौके पर सुभाष उरांव, जीतराम उरांव, रमेश उरांव, सोमा उरांव, विनोद खाखा, महादेव उरांव, मंगरा उरांव, सूकरा उरांव, प्रकाश उरांव,राजू उरांव, निरंजन उरांव आदि थे।

# पहाड़ी माता मंदिर का 13वां वार्षिकोत्सव मनाया गया



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद** धनबाद-गोविंदपुर रोड स्थित नारायणी धाम पहाड़ी माता मंदिर का 13वां वार्षिकोत्सव 9 फरवरी रविवार को मनाया गया. पहाड़ी माता भक्त मंडल इसकी तैयारी में जुटा है. इस विशेष अवसर पर मंदिर में माता रानी का ज्योति पूजन, अलौकिक श्रृंगार, मंगल पाठ, भजन-कीर्तन के बाद भंडारा होगा. मुख्य सड़क किनारे भंडारा लगाकर भक्तों को प्रसाद खिलाया जाएगा. पहाड़ी माता भक्त मंडल के सदस्य आनंद केजरीवाल ने बताया कि मंगल पाठ रानी कौर, गुरुप्रीत, डॉली अग्रवाल व बालकिशन शर्मा की टीम करेगी. आयोजन में हर साल की तरह इस बार भी धनबाद, गोविंदपुर व आसपास के श्रद्धालु भाग लेंगे.

### कुख्यात अपराधी की जानकारी देने वाले को मिलेगा भारी इनाम

# दोनों के खिलाफ कई मामले हैं दर्ज

*हत्या, जानलेवा हमला, रंगदारी जैसे संगीन मामलों में आशीष रंजन फरार चल रहा है*



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद** कुख्यात अपराधी गैंगस्टर प्रिंस खान और आशीष रंजन को गिरफ्तार कराने वाले की इनाम की राशि बढ़ा दी गई है. पहले प्रिंस खान को पकड़वाने के लिए पहले पचास हजार रुपए इनाम रखा गया था. जबकि आशीष रंजन के ऊपर पांच हजार रुपए का इनाम रखा गया था. लेकिन अब इस राशि को बढ़ा दिया गया है. एसएसपी एचपी जनार्दनन ने जानकारी देते हुए बताया कि ऑर्गनाइज्ड क्राइम धीरे-धीरे यहां पनप रहा है. जिसमें दो गैंग सक्रिय है, एक प्रिंस खान का गिरोह, दूसरा जेल में कुख्यात अमन सिंह की हत्या के बाद उसका राइट हैंड आशीष रंजन उसका साम्राज्य चला रहा है. पुलिस लगातार दोनों के ऊपर कार्रवाई कर रही है. दोनों अपराधी धनबाद से बहार रहकर अपना गिरोह चला रहा है. एसएसपी ने कहा कि इनामी राशि बढ़ जाने से दोनों को पकड़ने के लिए जो भी लोग लगे हुए हैं, वह और अधिक मोटिवेट होंगे. प्रिंस खान के खिलाफ बिहार और झारखंड के अलग-अलग थानों में कुल 91 मामले दर्ज हैं. 24 नवंबर 2021 को गैंगस्टर फहीम खान के करीबी जमीन कारोबारी नन्हे खान की हत्या हुई थी. उस दिन से प्रिंस खान फरार है. झारखंड पुलिस के आग्रह पर इंटरपोल ने उसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी कर चुका है. हत्या, जानलेवा हमला, रंगदारी जैसे संगीन मामलों में आशीष रंजन फरार चल रहा है. सरायढेला के जमीन कारोबारी समीर मंडल की हत्या में पहली बार आशीष जेल गया था. 12 मई 2021 में सरफुल हसन उर्फ लाला की हत्या में भी उसका नाम सामने आया था. धनबाद जेल में गैंगस्टर अमन सिंह हत्या में भी आशीष आरोपी है. वीडियो वायरल कर उसने खुद अमन की हत्या की जिम्मेदारी ली थी. इसे देखते हुए दोनों अपराधियों पर सरकार ने भारी इनाम की राशि का एलान किया है.

## तेज रफ्तार वाहन के चपेट में आने से छात्र की मौत

**झरिया।** झरिया सिंदरी मुख्य मार्ग पर बनियाहीर के समीप तेज रफ्तार पिकअॉप वैन संख्या जेएच 15 क्यू 3635 के चपेट में आने से छात्र राजा कुमार पासवान(22) गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही झरिया पुलिस ने वाहन को पीछा कर झरिया के बाटा मोड़ के समीप से चालक के साथ पकड़ लिया। पुलिस ने वाहन को जब्त कर थाना ले आई। स्थानीय लोगों ने व झरिया पुलिस ने किसी तरह युवक को उठाकर धनबाद एसएनएमएमसीएच ले गए। जहां उसकी इलाज के दौरान शनिवार की मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही बनियाहीर एवं जोड़ापोखर में मातम छा गया। आक्रोशित परिजनों ने शव को लेकर झरिया सिंदरी मुख मार्ग बनियाहीर के समीप मुआवजा को लेकर मुख्य सड़क को जाम कर दिया। देखते ही देखते हजारों की संख्या में लोग जुट गए। गुस्साए लोग टायर जलाकर विरोध करने लगे। घटना की सूचना मिलते ही झरिया इंस्पेक्टर शशि रंजन कुमार, जोड़ापोखर थाना प्रभारी दलबल के साथ घटना स्थल पहुंचे।

## न्यूज | बॉक्स

### मनरेगा सप्ताह का समापन, उत्कृष्ट कार्य करने वाले लाभुक सम्मानित



**चांडिल।** मनरेगा योजना के अंतर्गत कुकड़ू प्रखंड में 2 फरवरी से शुरू मनरेगा सप्ताह का शनिवार को समापन हुआ. मनरेगा सप्ताह के अंतिम दिन कुकड़ू प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत भवन सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस दौरान बागवानी योजना व बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लाभुकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. साथ ही व्यवस्थित तरीके से कार्य कराने वाले मेट को भी सम्मानित किया गया. कुकड़ू प्रखंड के बीपीओ रामलगन उरांव ने कहा कि मनरेगा सप्ताह मनाने का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों में मनरेगा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें उनके अधिकारों के प्रति सजग करना था. इस अवसर पर पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, मुखिया एवं ग्रामीण उपस्थित थे. कार्यक्रम को लेकर सभी पंचायत में प्रखंड स्तर से एक-एक नोडल अधिकारी प्रतिनियुक्त किया गया था.

### ग्रामीणों ने जंगलों को आग से बचाने के लिए किया जागरूक



**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर के गुलकेरा में विगत शनिवार को ग्रामसभा का आयोजन कर ग्रामीणों को जंगलों को आग से बचाने के लिए जागरूक किया गया गया. ग्रामसभा में पंचायत प्रतिनिधि व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे. वन विभाग के अधिकारियों ने जंगलों में आग लगने के कारणों, उसके दुष्प्रभाव व सुरक्षा उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी. बताया कि सूखे मौसम में लापरवाही से आग लगने की घटनाएं बढ़ जाती हैं, जिससे वन्य जीव, पर्यावरण और मानव जीवन पर गंभीर प्रभाव पड़ता है. इस दौरान ग्रामीणों को जंगलों में आग की रोकथाम के विभिन्न तरीकों के बारे में बताया गया. वन अधिकारियों ने कहा कि सामूहिक सहभागिता से ही वनों में आग जैसी प्राकृतिक आपदाओं को रोका जा सकता है. उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जंगलों में आग न लगाएं और आग लगने की स्थिति में त्वरित कार्रवाई करें. अंत में ग्रामीणों ने वन सुरक्षा के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया. मौके पर ग्राम मुंडा युगसिंह जामुदा,वन समिति अध्यक्ष साहू राम जामुदा, प्रभारी वनपाल संतोष कुमार बेदिया, वनरक्षी नरेश मरांडी, मंगल सिंह पिंगुआ, बुधराम जोंको सहित पंचायत प्रतिनिधि व स्थानीय महिलाझ्रपुरुष मौजूद थे.

## पीडीएस दुकानदार पर कम राशन देने का आरोप, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



**जादूगोड़ा।** पोटका प्रखंड के जादूगोड़ा से सटी ग्वालकाटा पंचायत के गौड गांव के शासनघुटु के ग्रामीणों ने पीडीएस राशन डीलर पर कम राशन देने का आरोप लगाया है. कार्ड धारियों शनिवार की शाम राशन डीलर निकी हांसदा के खिलाफ उसके आवास के सामने प्रदर्शन किया. पंकज धल, बलाई मार्डी, विश्वनाथ सोरेन ने कहा कि डीलर राशन में लगातार कटौती कर रही है. 20 किलो की जगह 15 किलो चावल दिया जा रहा है. इसी तरह आवंटित 30 किलों के बदले 15 किलो चावल देकर भोले-भाले कार्डधारियों को ठगा जा रहा है. उन्होंने प्रशासन से डीलर का लाइसेंस निलंबित करने की मांग की. इधर, पीडीएस डीलर निकी हांसदा ने ग्रामीणों के आरोप को निराधार बताया है. कहा कि सरकारी नियम के तहत ही कार्डधारियों को राशन दिया जा रहा है. दिसंबर व जनवरी का राशन बांट दिया गया है. किसी प्रकार की कोई कटौती नहीं की गई है.

### जोरदार टक्कर में मारुति ओमनी बुरी तरह क्षतिग्रस्त

# दुमका मार्ग पर भीषण सड़क हादसा आधा दर्जन से अधिक घायल

- राजधनवार से लोग दो वाहनों पर सवार होकर मधुपुर थाना क्षेत्र के नैयाडीह में एक रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में शामिल होने गए थे



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह।** शनिवार की रात गिरिडीह-दुमका एनएच 114 ए पर बेंगाबाद के फिटकोरिया मोड़ पर भीषण सड़क हादसा हुआ. हादसे में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए हैं. घायलों में महिलाएं व बच्चे समेत अन्य शामिल हैं. स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया. यहां एक मारुति ओमनी व कार में आमने-सामने टक्कर हो गई. टक्कर में दोनों वाहन चकनाचूर हो गए. घटना के संबंध में घायलों के परिजनों ने बताया कि राजधनवार से लोग दो वाहनों पर सवार होकर मधुपुर थाना क्षेत्र के नैयाडीह में एक रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में शामिल होने गए थे. अंतिम संस्कार में शामिल होने के बाद सभी लोग दो अलग-अलग वाहनों पर सवार होकर राजधनवार लौट रहे थे. इसी बीच फिटकोरिया मोड़ पर विपरीत दिशा से आ रही एक कार ने आगे चल रही मारुति ओमनी को टक्कर मार दी. टक्कर में मारुति ओमनी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई. वाहन पर सवार आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. जबकि टक्कर मारने वाले वाहन में दो लोग सवार थे, जिसमें चालक घायल हो गया है. घायलों में ओमनी में सवार महफूज शाह, हाजी शमसूल, मो असलम सरजहां खातून, शकीला खातून, इलियास शाह, कुलसुम खातून समेत अन्य शामिल हैं. सभी घायल गिरिडीह के राजधनवार के रहने वाले हैं. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दूसरे वाहन का चालक नशे में था और मोड़ पर उसने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया. जिसके कारण वह ओमनी से जा टकराया. टक्कर इतनी जोरदार थी कि जोरदार आवाज हुई. आवाज सुनकर आस-पड़ोस के लोग अपने घरों से बाहर निकले और ओमनी वाहन में फंसे घायलों को बाहर निकाला. जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया.

## जमशेदपुर पुलिस ने गोलीबारी करने के आरोपी को किया गिरफ्तार



**जमशेदपुर।** जिले के सीतारामडेरा थाना क्षेत्र के भालूबासा इलाके में विगत 15 दिसंबर 2024 को फायरिंग की घटना हुई थी. एसएसपी कौशल किशोर के निर्देश पर पुलिस की टीम को इस मामले में सफलता हासिल हुई है. इस घटना में तड़ीपार अपराधी सलमान खान के घर पर फायरिंग की गई थी. पुलिस ने मुख्य आरोपी सोहराब उर्फ लाल बाबू को गिरफ्तार किया है. सोहराब आजाद नगर थाना क्षेत्र के ओल्ड पुरुलिया रोड नंबर 18 के पास स्थित मैरिज हॉल के समीप का रहने वाला है. एसएसपी किशोर कौशल ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी कि सोहराब की गिरफ्तारी के लिए एक विशेष टीम गठित की गई थी. टीम ने बिहार और उत्तर प्रदेश के कई शहरों में छापेमारी की. जिसके बाद उसे जमशेदपुर में गिरफ्तार किया गया. सोहराब के पास से पुलिस ने एक देशी पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस भी बरामद किए हैं.

## राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम आयोजित

**सुन्दरपहाड़ी।** प्रभात तारा स्कूल चंदना, सुंदर पहाड़ी में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम(एनटीपीसी) के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी सोहन लाल मुंडेल, संतोष कुमार सैनी और शिवराम माली द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें तंबाकू एवं इससे बनें उत्पादों से होने वाले नुकसान के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। और शपथ भी लिया गया । साथ में क्विज प्रतियोगिता कर के विद्यार्थियों को पुरस्कार दिया गया । साथ ही पदाधिकारी मुंडेल ने बताया कि नशे के निवारण के लिए सबसे पहला उपाय यही है कि बचपन से बच्चे को नशे से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में बताया जाए ,जब बच्चा किशोरावस्था में प्रवेश करें तब अभिभावकों को चाहिए वह उन्हें समय दे ,उनसे बातचीत करें और हो सके तो उन पर थोड़ी निगरानी रखे। अगर गलती से कोई युवा नशे की चपेट में आ भी गया तो उसे उचित तरीके से समझा कर किसी और अभिरुचि में व्यस्त करें ,हो सके तो नजदीकी नशा मुक्ति केंद्र पर ले जाकर नशा छुड़वाने का प्रयास करें।

### राशन डीलर के मनमानी से आक्रोशित हुए उपभोक्ता

# कार्डधारियों ने जनवितरण प्रणाली दुकान में किया हंगामा



**नवीन मेल संवाददाता। बिरनी गिरिडीह** बिरनी प्रखंड के बलिया पंचायत स्थित महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित जनवितरण प्रणाली की दुकान में रविवार को राशन वितरण में अनियमितताओं को लेकर कार्डधारियों ने हंगामा किया। कार्डधारियों के आरोप है कि डीलर झुलेखा खातून मनमानी कर रही हैं और महीने में दो बार अंगूठा लगवाकर राशन सिर्फ एक ही बार देती हैं। ई-केवाईसी नहीं होने वाले लाभुकों को पिछले तीन महीने से राशन नहीं दिया जा रहा है।प्रदर्शन में शामिल कार्डधारी बीबी, नूरजहाँ बीबी, राबिया बीबी, सहबुन खातून, अफसाना खातून, रीना देवी, मकबूल अंसारी, सद्दाम अंसारी, समसुद्दीन अंसारी, रुकनी देवी, मकनी देवी, सेबून खातून, शाहनाज खातून, सलीम अंसारी और जमीला खातून समेत दर्जनों कार्डधारी मौजूद रहे। आक्रोशित कार्डधारियों ने दुकान में हंगामा करते हुए डीलर की मनमानी पर नाराजगी जताई और उचित कार्रवाई की मांग की। इस मामले में प्रशासन से हस्तक्षेप की अपेक्षा जताई जा रही है।

**क्या कहते हैं डीलर :** इस मामले में डीलर झुलेखा खातून ने बताई की ईपोश मशीन में नेटवर्क नहीं होने के कारण राशन वितरण नहीं कर पा रहे हैं।।राशन मुझे प्राप्त हो चुका है।।दो बार महीना में अगूंठा लगाने के आरोप जो मुझ पर कार्डधारियों द्वारा लगाया जा रहा है जो आरोप बेबुनियाद है।

## प्रतिभा खोज परीक्षा में सफल प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत



**गावां गिरिडीह।** गावां प्रखंड स्थित विज्ञान मंच पिहरा द्वारा आयोजित ग्रामीण प्रतिभा खोज परीक्षा में सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। रविवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पिहरा में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में पिहरा पश्चिमी के मुखिया अमित कुमार गुप्ता एवं सीआरपी अजय पंडित उपस्थित थे। परीक्षा में कक्षा अष्टम में उमेश कुमार प्रथम पीयूष कुमार द्वितीय सुखियाना प्रवीण तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। कक्षा नवम में सुमित कुमार को प्रथम, सुजीत कुमार को द्वितीय व नन्दनी कुमारी को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। कक्षा दशम में मिशिका कुमारी, राहुल कुमार एवं चन्दन कुमार को क्रमश प्रथम, द्वितीय एवं तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। मौके पर विचार व्यक्त करते हुए संस्था के अध्यक्ष उमेश साव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभाओं का कोई कमी नही है। पिछले तीन वर्षों से पिहरा में प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष भी विभिन्न विद्यालयों से लगभग 250 छात्र छात्राओं ने भाग लिया था।

## गोविंदपुर में 6 घंटे तक जाम रहा जीटी रोड, कई एंबुलेंस भी फंसी



**गोविन्दपुर।** गोविंदपुर बाजार इलाके में जीटी रोड को करीब 6 घंटे तक जाम रहा. सड़क पर वाहन रेंगते चल रहे थे. जीटी रोड होकर गुजरने वाले वाहन घंटों फंसे रहे. जाम में कई एंबुलेंस भी फंस रहीं. सामाजिक कार्यकर्ताओ एवं पुलिस की काफी मशक्कत के बाद एंबुलेंस को बाहर निकल गया. गोविंदपुर बाजार क्षेत्र में पिछले कई दिनों से रोज जाम लग रहा है, परंतु शनिवार का जाम काफी लंबा था. सुबह से ही जीटी रोड की कोलकाताझ्रदिल्ली लेन पर जाम लगा रहा. दोनों लेन पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं. इस जाम का असर धनबाद, टुंडी व बलियापुर रोड पर भी पड़ा. पुलिस इंस्पेक्टर रुस्तम अली द्वारा गोविंदपुर ऊपर बाजार चौक पर जाम हटाने में खुद मोर्चा संभाले रहे. काफी मशक्कत के बाद आवागमन सामान्य हुआ. ट्रैफिक डीएसपी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि वह सोमवार या मंगलवार को गोविंदपुर आएंगे और ऊपर बाजार में लगने वाले जाम की समस्या के समाधान का प्रयास करेंगे. वहीं, डीएसपी मुख्यालय एक शंकर कामती ने कहा कि जीटी रोड की सर्विस लेन में दुकान व ठेला लगाने के कारण जाम की समस्या पैदा हो रही है. सर्विस लेन से जल्द ही अतिक्रमण हटाया जाएगा.

## गुटखा दुकानों में छापेमारी, टीम ने लिया सैंपल दुकानदारों में मचा हड़कंप

**धनबाद।** खाद्य सुरक्षा की टीम ने शनिवार को झरिया बाजार में गुटखा की बिक्री के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया. टीम का नेतृत्व खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजा कुमार कर रहे थे. छापेमारी से दुकानदारों में हड़कंप मच गया. इस दौरान टीम ने झरिया सब्जी पट्टी स्थित बजरंगी मंडल की दुकान से चार गुटखा का सेंपल लिया, जिसमें शिखर, सिग्नेचर, बहार व कमला पसंद शामिल हैं. खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजा कुमार ने कहा कि सभी सैंपल को जांच के लिए लैब भेजा जाएगा. जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने बताया कि बजरंगी मंडल की दुकान का लाइसेंस भी नहीं.

### हजारीबाग में कैनरी बर्ड फेस्टिवल का किया गया आयोजन

# महोत्सव का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण से जोड़ना है : डीएफओ

*70 से अधिक प्रकार के पक्षियों की तस्वीरें लगाई गई थी. ये वो पक्षी हैं जो हजारीबाग जिले के विभिन्न इलाकों में देखे जाते हैं*



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** अपनी प्राकृतिक खूबसूरती के लिए हजारीबाग पूरे राज्य में जाना जाता है. प्राकृतिक खूबसूरती के कारण यहां कई ऐसे पक्षी देखने को मिलते हैं, जो शायद ही कहीं और देखने को मिलते हों। यह पर्यावरण विविधता का भी बेजोड़ उदाहरण है। जिले का कैनरी पहाड़, जिसे कैनरी हिल के नाम से भी जाना जाता है। यहां की खूबसूरत वादियों में खूबसूरत पक्षी देखने को मिलते हैं। यह पूरा इलाका सुबह-शाम पक्षियों की आवाज से गूंजता रहता है। इन्हीं पक्षियों के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए कैनरी बर्ड फेस्टिवल का आयोजन किया गया। इस फेस्टिवल में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और पर्यावरणविद जुटे। जहां लोगों ने इलाके को कैसे संरक्षित किया जाए, पक्षियों की सुरक्षा कैसे की जाए, पर्यावरण संरक्षण समेत अन्य विषयों पर चर्चा की। कार्यक्रम स्थल पर फोटो गैलरी भी लगाई गई थी। वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर के रूप में अपनी पहचान बना रहे हजारीबाग के चर्चित फोटो गैलरी भी लगाई गई थी। 70 से अधिक प्रकार के पक्षियों की तस्वीरें लगाई गई थी। ये वो पक्षी हैं जो हजारीबाग जिले के विभिन्न इलाकों में देखे जाते हैं। यह भी आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम के दौरान नाट्य संगीत के माध्यम से लोगों को जागरूक भी किया गया। पूर्वी वन प्रमंडल के डीएफओ विकास कुमार उज्ज्वल ने कहा कि इस तरह के महोत्सव का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण से जोड़ना है। स्थानीय लोगों को भी पर्यावरण के प्रति जागरूक करना

## स्कूल में 12वीं के विद्यार्थियों को दी गई भावभीनी विदाई

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर के आसनतलिया स्थित मधुसूदन पब्लिक स्कूल में 12वीं के विद्यार्थियों को विदाई दी गई. समारोह में 12वीं (सत्र 2024-25) के विद्यार्थियों ने केक काटा. विद्यालय के निदेशक बीके हिंदवार, प्राचार्य के. नागराजू, उप प्राचार्या आरती कोड़वार, परीक्षा नियंत्रक दिनेश कुमार चक्रवर्ती, सीसीए संयोजक शके एल नारायण व शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया. निदेशक बीके हिंदवार ने विद्यार्थियों को 12वीं के बाद करियर के विभिन्न क्षेत्रों के बारे में जानकारी दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की. प्राचार्य के. नागराजू ने छात्र-छात्राओं को शुभ कामनाएं देते हुए कहा कि कठिन परिश्रम व सतत प्रयास करते रहें, लक्ष्य जरूर हासिल करेंगे. उप प्राचार्य आरती कोड़वार ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं. विद्यार्थियों ने भी अपने विद्यालय जीवन का अनुभव साझा किया।

# श्मशान घाट में घटिया सामग्री लगाने का आरोप, प्रदर्शन



**नवीन मेल संवाददाता। गावां गिरिडीह** गावां प्रखंड अंतर्गत पिहरा पूर्वी पंचायत में विधायक फंड से श्मशान घाट के निर्माण कार्य का ठेका दिया है। ठेकेदार निर्माण कार्य में घटिया सामग्री लगा रहा है। स्थिति यह है कि कुछ दिन पूर्व बनने के तुरंत बाद छज्जा गिर गया था। जिसे बाद में फिर से बनाया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कई दिनों से निर्माण कार्य जारी है। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर निर्माण की गुणवत्ता परखी, तो वह घटिया स्तर की थी। समाजसेवी पप्पू यादव का कहना है कि नींव एवं पिलर निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग हुआ है। आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में यह भ्रष्टाचार अधिकारियों की मिलीभगत से हुआ है। उन्होंने कहा कि छड़ कम दिया जा रहा है साथ ही चिमनी ईट का भी प्रयोग नही किया जा रहा है। उन्होंने गिरिडीह उपायुक्त से मांग किया है कि गुणवत्तापूर्ण कार्य किया जाए। अन्यथा बाध्य होकर यहीं पर ग्रामीणों के साथ धरना प्रदर्शन करने को बाध्य हो जाएंगे। मौके पर पवन कुमार, रूपेश कुमार, उमेश कुमार, आनन्द कुमार समेत कई ग्रामीण विरोध कर रहे थे।

सुप्रभात

विचार प्रवाह

जब हम दुनिया में बुराई ढूंढने जाते हैं, तो कोई बुरा नहीं मिलता। अगर हम खुद को सही तरीके से देखें, तो हमें सब अच्छा ही नजर आएगा। - संत कबीर

## संपादकीय

# आम बजट खर्च करने की क्षमता पर ध्यान देना बेहद जरूरी


पिछले सप्ताह बजट में आयकर में दी गई छूट और अब रेपो दर में की गई कटौती, ये इस बात के संकेत हैं कि सरकार लोगों की क्रय क्षमता बढ़ाने का लक्ष्य बना रही है। हालांकि, इन नीतिगत बदलावों से रातों-रात किसी जादू की अपेक्षा नहीं की जानी चाहिए, लेकिन इनसे आर्थिक विकास के लिए माहौल तैयार होने की उम्मीद जरूर है। बजट और शेयर बाजार सूचकांकों के बाद भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति ही है, जो इन दिनों ज्यादातर लोगों को काफी आकर्षित करती है। आपकी आय, सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) और बदलती नीतिगत दरों के प्रभाव के बीच के संबंध को देखते हुए आपके लिए यह जानना जरूरी हो जाता है कि ये सभी बदलाव आपकी जिंदगी पर क्या असर डालते हैं।आरबीआई के नए गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता में मौद्रिक नीति समिति की पहली बैठक में नीतिगत दर में 25 आधार अंकों की कटौती की उम्मीद की जा रही थी और यही हुआ भी। बीते पांच वर्षों से नीतिगत दर में कटौती की जो उम्मीदें लगाई जा रही थीं, उनमें से यह पहली है, जो पूरी हुई है। यह शीर्ष बैंक की पिछली टीम के नक्शेकदम पर है, जिसने मुद्रास्फीति को सफलतापूर्वक चार फीसदी के वांछित लक्ष्य के करीब लाया था, कल की बैठक महंगाई को नियंत्रण में लाने की दिशा में एक और कदम है।केंद्रीय बैंक के इस कदम से काफी उम्मीदें हैं, खासकर यह देखते हुए कि अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने के लिए उपभोग के जरिये खर्च को बढ़ावा देने के लिए सरकार पूरी कोशिश कर रही है। नीतिगत दर में जब भी कटौती की जाती है, तो उधार लेने की लागत कम होने की उम्मीद होती है, जिसका अर्थ है कि कर्ज की दरें अब कम होनी शुरू होंगी। हालांकि नीतिगत दरों में बदलाव के बावजूद एमपीसी ने अपने तटस्थ रुख में कोई बदलाव नहीं किया है। इससे आगे चलकर दर में कटौती की सीमा के प्रति अधिक सतर्क दृष्टिकोण रखने का संकेत मिलता है। इस रुख से यह भी पता चलता है कि केंद्रीय बैंक द्वारा व्यवस्था को पर्याप्त क्षणिक व टिकाऊ तरलता तो दी जाएगी, लेकिन इस मामले में कोई बोनस मिलने वाला नहीं है।दर में कटौती का अन्य आर्थिक कारकों, विशेषकर जीडीपी पर वांछित परिणाम दिखाने में एक या दो तिमाही का समय लगेगा। इसके अलावा, आयकर दरों में कटौती के जरिए भी घरेलू स्तर पर पैसा बढ़ेगा, जिससे आमजन की खर्च क्षमता बढ़ने और जिससे अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलने की भी उम्मीद है।

*जीडीपी एक निर्दिष्ट अवधि में देश की सीमाओं के भीतर उत्पादित सभी तैयार वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य को मापती है और इसे समग्र आर्थिक स्वास्थ्य का संकेतक माना जाता है*

जीडीपी एक निर्दिष्ट अवधि में देश की सीमाओं के भीतर उत्पादित सभी तैयार वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य को मापती है और इसे समग्र आर्थिक स्वास्थ्य का संकेतक माना जाता है। भारत की जीडीपी वर्तमान में उचित गति से बढ़ रही है, जो इन सभी प्रयासों से और बढ़ सकती है। कृषि और विनिर्माण में सकारात्मक गति देखने को मिल रही है, जबकि शहरी मांग कमजोर बनी हुई है, जिसके लिए और प्रोत्साहन की आवश्यकता है। इससे उम्मीद लगाई जा सकती है कि आरबीआई इस वर्ष आगे भी दरों में कटौती करेगा, जिससे आर्थिक विकास का माहौल बनेगा और खपत को बढ़ावा मिलने के भी पूरे आसार हैं।

# बेटी नहीं बचाओगे, तो बहू कहां से लाओगे?

आज की बात



प्रियंका सौरभ

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम ने बेटे को प्राथमिकता देने के मुद्दे पर सफलतापूर्वक जागरूकता बढ़ाई है, लेकिन अपर्याप्त कार्यान्वयन और निगरानी के कारण, यह अपने वर्तमान स्वरूप में अपने मुख्य लक्ष्य को प्राप्त करने में विफल रहा है। 22 जनवरी, 2015 को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम की शुरुआत की गई थी, जिसका उद्देश्य लिंग-भेदभाव को रोकना, बालिकाओं को जीवित रखना और उनकी शिक्षा को आगे बढ़ाना था। भले ही बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम ने लिंग भेदभाव के बारे में बहुत जरूरी जागरूकता पैदा की है, लेकिन अपर्याप्त कार्यान्वयन और निगरानी के कारण यह अपने मुख्य लक्ष्य से भटकता नज़र आता है जबकि यह अपने दसवें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। भारत में युवा लड़कियों को अपने जीवन भर कई बाधाओं का सामना करना पड़ता है और बेटे को प्राथमिकता देने और प्रतिगामी सत्ता संरचनाओं जैसे पितृसत्तात्मक सामाजिक मानदंडों के परिणामस्वरूप आर्थिक अवसरों को खोना पड़ता है जो उनके अस्तित्व और शिक्षा में बाधा डालते हैं।बेटे को प्राथमिकता देने वाले सामाजिक मानदंडों में यह कथन शामिल है कि "बेटी की परवरिश पड़ोसी के बगीचे में पानी देने जैसा है।" दृष्टिकोण बदलने के लिए सिर्फ़ वित्तीय प्रोत्साहन से ज़्यादा की ज़रूरत है।

हरियाणा में एक कहावत है, "बेटी नहीं बचाओगे, तो बहू कहाँ से लाओगे?" हालांकि यह मान लेना गलत है कि सभी बेटियाँ भावी दुल्हन हैं, फिर भी यह मुहावरा एक ऐसे राज्य में लिंग-चयनात्मक गर्भपात के गंभीर परिणामों की ओर ध्यान आकर्षित करने में प्रभावी है, जो दशकों से "बेटियों की कमी" से जूझ रहा है। स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और आय में प्रगति के बावजूद भारत का जन्म के समय लिंग अनुपात (एसआरबी) कम बना हुआ है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-5, 2019-21) द्वारा एसआरबी को प्रति 1,000 लड़कों पर 929 लड़कियाँ बताया गया। यह एनएफएचएस-4 (2015-16: प्रति 1,000 लड़कों पर 919 लड़कियाँ) की तुलना में थोड़ा सुधार है, लेकिन यह अभी भी एक निरंतर लिंग पूर्वाग्रह दिखाता है। ऐतिहासिक रूप से कुछ राज्यों में, विशेष रूप से उत्तरी और पश्चिमी भारत में अधिक विषम अनुपात रहे हैं। 1994 के गर्भाधान पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक (पीसीपीएनडीटी) अधिनियम के बावजूद, जन्मपूर्व लिंग निर्धारण तकनीकों द्वारा लिंग-पक्षपाती लिंग चयन संभव हो गया है। धनी आर्थिक समूहों और उच्च जातियों में पुरुषों के प्रति झुकाव वाली एसआरबी की दर अधिक है, जो यह दर्शाता है कि मौद्रिक प्रोत्साहन अकेले पर्याप्त निवारक नहीं हो सकते हैं। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के लागू होने के बाद से हिमाचल प्रदेश, पंजाब और हरियाणा जैसे राज्यों में एसआरबी में सुधार हुआ है। दक्षिणी और पूर्वी राज्यों में एसआरबी में गिरावट आ रही है, जिन्हें आम तौर पर बेहतर लिंग अनुपात के लिए जाना जाता है। यह एक चिंताजनक प्रवृत्ति है। हालाँकि दिल्ली के आसपास के राज्यों में सुधार हुआ है, लेकिन दिल्ली में भी एसआरबी में गिरावट देखी गई है। जबकि यहाँ बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के लिए बुनियादी लक्ष्य और रणनीतियाँ थीं।

पीसीपीएनडीटी अधिनियम को और अधिक सख्ती से लागू करके लिंग के आधार पर लिंग चयन को प्रतिबंधित करना होगा। लड़कियों की शिक्षा, सुरक्षा और जीवन रक्षा को बढ़ाना होगा। बाल विवाह में देरी करना और महिलाओं की शैक्षिक प्राप्ति को बढ़ाना जरूरी है। पितृसत्तात्मक मान्यताओं से निपटने के लिए राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर प्रयासकरने होंगे। लिंग-चयनात्मक गर्भपात को रोकने के लिए, पीसीपीएनडीटी अधिनियम को मजबूत किया जाना चाहिए। वित्तीय प्रोत्साहन जैसे कि हरियाणा के लाडली और आपकी बेटी हमारी बेटी जैसे कार्यक्रम परिवारों को लड़कियों की मदद करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। शैक्षिक सशक्तिकरण, छात्रवृत्ति और बुनियादी ढांचे के समर्थन के माध्यम से लड़कियों की शिक्षा के लिए धन मुहैया कराना प्रभावी कदम है। उच्च विषमता वाले क्षेत्रों के बाहर सीमित प्रभावशीलता बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का प्रभाव अलग-अलग है; कुछ दक्षिणी और पूर्वी राज्यों में एसआरबी में गिरावट देखी जा रही है। इसका मतलब है कि उच्च विषमता वाले राज्यों में केंद्रित हस्तक्षेप पर्याप्त नहीं हैं।

बेटे को प्राथमिकता देने वाले सामाजिक मानदंडों में यह कथन शामिल है कि "बेटी की परवरिश पड़ोसी के बगीचे में पानी देने जैसा है।" दृष्टिकोण बदलने के लिए सिर्फ़ वित्तीय प्रोत्साहन से ज़्यादा की ज़रूरत है। कम महिला श्रम शक्ति भागीदारी अभी भी दुनिया में सबसे कम है, यहाँ तक कि बेहतर शैक्षिक मानकों के साथ भी। आर्थिक असुरक्षा का अनुभव करने वाली महिलाएँ पितृसत्तात्मक व्यवस्थाओं का विरोध करने में कम सक्षम हैं। ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2024 के अनुसार, भारत वेतन समानता के मामले में वैश्विक स्तर पर 127वें स्थान पर है, जहाँ पुरुषों द्वारा अर्जित प्रत्येक 100 रुपये के लिए महिलाएँ केवल 39.8 रुपये कमाती हैं। सशर्त नकद प्रोत्साहन (जैसे, सशर्त नकद हस्तांतरण) प्रणालीगत परिवर्तन के बजाय नीति का केंद्र बिंदु हैं। लाडली योजना द्वारा लैंगिक पूर्वाग्रह के अंतर्निहित कारणों को दूर नहीं किया गया है। रोजगार, संपत्ति के अधिकार और वित्तीय स्वायत्तता के क्षेत्रों में संरचनात्मक परिवर्तन प्राप्त करने के लिए, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ को कैचफ्रेज़ से आगे बढ़ना चाहिए। लिंग-संवेदनशील नीतियों को मजबूत किया जा रहा है। "लड़कियों को बचाने" के बजाय, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ को नेतृत्व, वित्तीय समावेशन और रोजगार में "महिलाओं को सशक्त बनाने" पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। प्रोत्साहन देकर अधिक महिलाओं को उद्यमिता और करियर को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करें। रोजगार अंतराल और वेतन असमानताओं को संबोधित करें लैंगिक वेतन अंतर को कम करने के लिए समान वेतन कानून लागू करें। मातृत्व लाभ, लचीले कार्य कार्यक्रम और चाइल्डकैअर सहायता प्रदान करके अधिक लोगों को काम करने के लिए प्रोत्साहित करें। पीसीपीएनडीटी अधिनियम के प्रवर्तन को बढ़ाना, डायग्नोस्टिक क्लीनिकों की निगरानी करना और अवैध लिंग निर्धारण के खिलाफ सख्त कदम उठाना कानूनी और सामाजिक सुधारों को मजबूत करने के सभी तरीके हैं। सरकार के स्थानीय स्तर पर जवाबदेही प्रणाली को मजबूत करें। संपत्ति और विरासत पर महिलाओं के अधिकार सुनिश्चित करें।

उत्तराधिकार अधिकारों को न्यायसंगत बनाए रखें, खास तौर पर उन क्षेत्रों में जहाँ बेटियों को अभी भी समान संपत्ति का स्वामित्व नहीं दिया जाता है। महिलाओं को परिवारों में एक साथ संपत्ति रखने के लिए प्रोत्साहित करें। समुदाय द्वारा संचालित व्यवहार और जुड़ाव में बदलाव लाएं। स्थानीय नेताओं के माध्यम से जमीनी स्तर पर भागीदारी बढे। शिक्षकों, धार्मिक नेताओं और समुदाय के प्रभावशाली सदस्यों को पितृसत्तात्मक परंपराओं का विरोध करने के लिए प्रोत्साहित करें। लैंगिक समानता के बारे में बातचीत में अधिक पुरुषों को शामिल करें। बेटियों के मूल्य की कहानी को बदलने वाले अभियानों को अपना ध्यान "बालिकाओं की सुरक्षा" से बदलकर "बालिकाओं को सशक्त बनाने" पर केंद्रित करने की आवश्यकता है। परिवार की सफलता के लिए बेटियों को संपत्ति के रूप में उत्थानकारी संदेशों को प्रोत्साहित करें। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम ने बेटे को प्राथमिकता देने के मुद्दे पर सफलतापूर्वक जागरूकता बढ़ाई है, लेकिन अपर्याप्त कार्यान्वयन और निगरानी के कारण, यह अपने वर्तमान स्वरूप में अपने मुख्य लक्ष्य को प्राप्त करने में विफल रहा है।

जिला और राज्य स्तर की बैठकों की कमी के कारण योजना पिछले कुछ वर्षों में बनी गति खो रही है। इसलिए जिला और राज्य स्तर पर कार्य समितियों का प्रतिनिधित्व समुदाय स्तर के कार्यकर्ताओं द्वारा किया जाना चाहिए, महिला छात्राओं द्वारा सामना की जाने वाली कठिनाइयों, जैसे शौचालयों की कमी, के बारे में जागरूक होना चाहिए और प्रभावी निगरानी और मूल्यांकन प्रणाली होनी चाहिए, जो यह दिखाए कि योजनाएँ अपने लक्ष्यों की दिशा में कितनी अच्छी तरह काम कर रही हैं। भारत में, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ लिंग आधारित भेदभाव को दूर करने के लिए एक उल्लेखनीय नीतिगत हस्तक्षेप रहा है। हालाँकि इसने कुछ क्षेत्रों में एसआरबी के सुधार में योगदान दिया है, लेकिन महिलाओं की आर्थिक उन्नति में निहित पितृसत्तात्मक मान्यताओं और संरचनात्मक बाधाओं के कारण इसका प्रभाव अभी भी सीमित है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि महिलाओं को पुरुषों के समान आर्थिक, सामाजिक और कानूनी अवसरों तक समान पहुँच हो, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ को अपनी संरक्षणवादी रणनीति को अधिकार-आधारित सशक्तिकरण पर केंद्रित रणनीति से बदलना होगा। तभी हम सशर्त प्रोत्साहनों से आगे बढ़ पाएंगे और स्थायी समानता प्राप्त कर पाएंगे, जिससे लिंग अंतर कम हो जाएगा। सांस्कृतिक मान्यताओं में गहराई तक समाए होने के कारण अक्सर महिलाओं को सशक्त बनाने वाले कानूनों को लागू करना मुश्किल हो जाता है, जैसे संपत्ति के स्वामित्व का अधिकार, स्थानीय नेताओं और प्रभावशाली लोगों के नेतृत्व में समुदाय की भागीदारी की आवश्यकता होती है ताकि पितृसत्तात्मक मानदंडों पर सवाल उठाया जा सके और उन्हें बदला जा सके। हालाँकि इसके लिए नारेबाज़ी और सशर्त नकद प्रोत्साहनों की तुलना में अधिक सूक्ष्म प्रयासों की आवश्यकता होती है, लेकिन बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना निश्चित रूप से एक सकारात्मक कदम रही है। पितृसत्तात्मक मानदंडों के तहत लैंगिक समानता के लिए बातचीत करने से शायद कोई फ़ायदा न हो। धीरे-धीरे लेकिन निश्चित रूप से, हमें अपना दृष्टिकोण बदलना होगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# खिचड़ी की महिमा

अलग बात



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

सर्दी की एक ठंडी सुबह थी, जब मयंक ने अपनी खिड़की खोली। ठंड की लहरों ने उसे बधाई दी, जैसे कोई पुराने दोस्त से मिलने आया हो। बाहर बर्फ की चादर सी बिछी हुई थी, और चारों ओर बस एक ही धुन गूंज रही थी—"खिचड़ी, खिचड़ी, खिचड़ी!" हाँ, यही तो था सर्दी का असली उत्सव। ठंड के मौसम में खिचड़ी एक ऐसा अनिवार्य अनुष्ठान बन चुका था कि अगर किसी ने खिचड़ी नहीं बनाई, तो पड़ोसियों के बीच उसकी छवि एक कुपित दानव जैसी हो जाती थी। मयंक की पत्नी, दीप्ति, ने सोचा कि इस साल कुछ खास करना चाहिए। उसने फैसला किया कि वह "खिचड़ी महोत्सव" का आयोजन करेगी। उसने अपने सभी दोस्तों और पड़ोसियों को निमंत्रण भेजा। संदेश में लिखा था, "आओ और खिचड़ी का जश्न मनाओ, ठंड में गर्मी का एहसास पाओ!" यह विचार सुनकर लोग हंस पड़े। "क्या? खिचड़ी का उत्सव? क्या यह किसी प्रकार का मजाक है?" लेकिन दीप्ति ने हिम्मत नहीं हारी।

वह अपने रसोईघर में गई, और खिचड़ी बनाने की तैयारी करने लगी। उसे लगा कि अगर वह खिचड़ी में थोड़ा जादू डाल दे, तो यह अपने आप में एक कुकिंग शो बन जाएगा। उसने किचन में घुसते ही हर तरह की सामग्री इकट्ठा कर ली। चावल, दाल, सब्जियाँ—सब कुछ एक झूले पर लटकता हुआ था, जैसे कोई आदिवासी नृत्य। जैसे-जैसे महोत्सव का दिन नजदीक आता गया, मयंक के मन में एक नया डर समाने लगा। "क्या ये लोग मेरी पत्नी की खिचड़ी को पसंद करेंगे? या फिर हमें यहीं पर सबके सामने शर्मिंदा होना पड़ेगा?" उसने खुद से पूछा। लेकिन दीप्ति ने आत्मविश्वास से कहा, "मैंने ये सब खासतौर पर बनाया है, तुम्हें चिंता करने की जरूरत नहीं है। और फिर वह दिन आया। खिचड़ी महोत्सव का आयोजन शुरू हुआ। दीप्ति ने जब खिचड़ी पकाई, तो उसके चारों ओर भाप उठ रही थी, और लोगों को उसकी खुशबू ने घेर लिया। पड़ोसियों ने आना शुरू किया। हर किसी ने गहरे कोट पहन रखे थे और हाथों में चाय के कप थे। जब सब लोग एकत्र हुए, तो दीप्ति ने खिचड़ी का पहला कटोरा निकाला। सभी ने बड़ी उत्सुकता से उसे देखने लगे। "ये क्या है? यह तो कोई जादूगरी लगती है!" एक पड़ोसी ने कहा। फिर जैसे ही खिचड़ी परोसी गई, लोग एक-दूसरे के कटोरे में झांकने लगे। "भाई, तुम्हारी खिचड़ी में मटर है या नहीं?" किसी ने पूछ लिया।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# क्या भारत एक स्वस्थ युवाओं का देश भी है?

आपकी बात



डॉ नीलम महेंद्र

वर्तमान भारत जिसके विषय में हम गर्व से कहते हैं कि यह एक युवा देश है, क्या हम उसके विषय में यह भी कह सकते हैं कि भारत स्वस्थ युवाओं का देश है? यह प्रश्न अनायास नहीं है अपितु यह प्रश्न उन सर्वेक्षणों के आधार पर है जिनमें हमारे बच्चों में टाइप 2 मधुमेह के बढ़ते मामलों का गम्भीर विषय सामने आया है । कभी वयस्कों में देखी जाने वाली बीमारी मधुमेह अब युवाओं और बच्चों तक को एक बड़ी संख्या में अपनी चपेट में ले चुकी है। विडम्बना यह है कि खान पान की आदतों के कारण होने वाली मधुमेह जैसी बीमारी के ये बढ़ते आँकड़े ऐसे देश में सामने आ रहे हैं जहाँ बचपन की स्वास्थ्य समस्याएँ पहले मुख्य रूप से कुपोषण और संक्रामक रोगों से संबंधित थीं। लेकिन अधिक चिंताजनक विषय यह है कि देश के युवाओं में मधुमेह रोग जिस प्रकार अपने पैर पसार रहा है उसके दूरगामी प्रभाव सिर्फ इन युवाओं के स्वास्थ्य पर ही नहीं बल्कि देश के भविष्य पर भी निश्चित तौर पर पढ़ेंगे। इस विषय में सबसे निराशाजनक पहलू यह है कि देश की युवा पीढ़ी में मधुमेह के बढ़ते मामले आधुनिक जीवनशैली से जुड़े हैं। क्योंकि एक तरफ वर्तमान जीवन शैली के चलते हमारी शारीरिक गतिविधियां सीमित हो रही हैं वहीं दूसरी तरफ डिजिटलाईजेशन के परिणामस्वरूप हमारा स्क्रीन टाइम बढ़ जा रहा है। आज मोबाइल फोन, वीडियो गेम और डिजिटल मनोरंजन के साधन बच्चों के जीवन का मुख्य केंद्र बन गए हैं। इन सब के बीच शारीरिक खेल और बाहरी गतिविधियाँ बच्चों के जीवन में से कहीं पीछे छूट गई हैं। जैसे-जैसे तकनीक अधिक सुलभ होती जा रही है, बच्चे स्क्रीन के सामने अधिक समय व्यतीत रहे हैं और दौड़ने या खेल में कम समय बिता रहे हैं। यह वाकई में चिंताजनक है कि जीवन शैली का यह बदलाव सिर्फ़ बच्चों के समय बिताने के तरीके को ही नहीं बदल रहा है बल्कि यह उनके स्वास्थ पर भी प्रतिकूल असर डाल रहा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की हालिया रिपोर्ट से यह गम्भीर विषय सामने आया है। राष्टीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा किए गए एक अध्ययन में यह पाया गया कि पिछले पाँच वर्षों में 5-14 वर्ष की आयु के बच्चों में टाइप 2 मधुमेह की घटनाओं में 65% की वृद्धि हुई है। इस रिपोर्ट में यह चौंकाने वाली बात भी सामने आई है कि यह वृद्धि केवल शहरी क्षेत्रों तक ही सीमित नहीं है बल्कि देश के ग्रामीण और अर्ध-शहरी इलाकों में भी देखी जा रही है। नेशनल हेल्थ मिशन की इस रिपोर्ट को पढ़ने पर यह विचलित करने वाला तथ्य सामने आया कि ग्रामीण जिलों में, बच्चों में बढ़ते मोटापे के कारण उनमें टाइप 2 मधुमेह होने का खतरा एक से तीन गुना बढ़ गया है। बल्कि वास्तविकता तो यह है कि कई बच्चे अब वयस्क होने से बहुत पहले ही इस बीमारी की शुरुआत (प्री डाइबेटीस) का सामना कर रहे हैं। विभिन्न रिसर्चों के माध्यम से आज यह बात सिद्ध हो चुकी है कि टाइप 2 मधुमेह एक जीवनशैली से जुड़ी बीमारी है। यह तब होती है जब हमारा शरीर इंसुलिन के प्रति प्रतिरोधी हो जाता है या जब अग्न्याशय सामान्य रक्त शर्करा के स्तर को बनाए रखने के लिए पर्याप्त इंसुलिन का उत्पादन करने में असमर्थ होता है। अधिकांश तौर पर यह बीमारी वयस्कों से जुड़ी होती है, लेकिन गतिहीन जीवनशैली, अस्वास्थ्यकर आहार और मोटापे के कारण आज यह बच्चों में भी तेजी से अपने पैर पसार रही है। बच्चों में बाल्यावस्था में ही मधुमेह का बढ़ना चिंताजनक है क्योंकि न सिर्फ यह तात्कालिक स्वास्थ्य सम्बन्धी उलझने पैदा करती है बल्कि इस बीमारी के साथ होने वाली दीर्घकालिक जटिलताओं के कारण हृदय संबंधी समस्याएं, गुर्दे की बीमारी, तंत्रिका क्षति और यहां तक कि दृष्टि हानि भी हो सकती है।

भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के अनुसार, पिछले दशक में टाइप 2 मधुमेह से पीड़ित बच्चों की संख्या दोगुनी से अधिक हो गई है। 2023 में, भारत में अनुमानित 2 मिलियन बच्चे इस बीमारी से पीड़ित थे, और विशेषज्ञों का अनुमान है कि अगले कुछ वर्षों में यह संख्या अप्रत्याशित रूप से बढ़ जाएगी। यह समस्या विशेष रूप से शहरों में अधिक गंभीर है, जहाँ बच्चों के पास चीनी और वसा से भरपूर फ़ास्ट फ़ूड के अनेक विकल्प उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त प्रतिस्पर्धा के इस दौर में बेहतर शैक्षणिक प्रदर्शन के दबाव के कारण उनकी खेल कूद जैसी शारिरिक गतिविधियां न के बराबर होती हो चुकी हैं। परिणामतः जो बच्चे कभी क्रिकेट, फुटबॉल खेलने या अपने दोस्तों के साथ बस इधर-उधर दौड़ने का सपना देखते थे, वे अब इंसुलिन इंजेक्शन, डॉक्टर के पास जाने और आहार प्रतिबंधों की दिनचर्या तक सीमित रह गए हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

खेल खेल में देख लो, कितना डूबी नाव।
राजनीति का खेल भी, राजनीति है साब।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com

कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# ऐतिहासिक ऊंचाई पर पहुंचा भारत का निर्यात

देश की बात



पंकज जगन्नाथ जयस्वाल

निर्यात में वृद्धि भारत जैसे देश को आवश्यक विदेशी मुद्रा उत्पन्न कर, विनिर्माण को बढ़ाकर, रोजगार के अवसर पैदा कर, मुद्रा को स्थिर कर और बेहतर वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता तथा अतिरिक्त निवेशों के आकर्षण के माध्यम से समग्र आर्थिक जीवन शक्ति को बढ़ाकर काफी हद तक सहायता करती है। तेल और सोने का आयात बहुत अधिक है, जिससे भारत की मुद्रा पर दबाव पड़ता है। मोदी सरकार आयातित ईंधन पर निर्भरता कम करने के लिए कई पहल कर रही है, जबकि स्वदेशी रूप से डिजाइन या भारत में निर्मित वस्तुओं के निर्यात को बढ़ा रही है, ताकि नीचे सूचीबद्ध लाभों को प्राप्त किया जा सके।

विदेश में वस्तुओं और सेवाओं को बेचने से विदेशी मुद्रा उत्पन्न होती है, जिसका उपयोग आयात, ऋण चुकौती और स्थिर विनिमय दर बनाए रखने के लिए किया जाता है। निर्यात मांग में वृद्धि से उत्पादन बढ़ता है, देश में विनिर्माण उद्योगों और बुनियादी ढांचे का विस्तार होता है।निर्यात मांग को पूरा करने के लिए उत्पादन में वृद्धि से विनिर्माण, रसद और निर्यात सेवाओं जैसे उद्योगों में रोजगार सृजन होता है। उत्पादों की श्रृंखला का निर्यात अर्थव्यवस्था में विविधता ला सकता है और एक ही उद्योग या बाजार पर निर्भरता कम कर सकता है। वैश्विक बाज़ारों में प्रतिस्पर्धा करने के लिए निगमों को अपनी तकनीक को लगातार विकसित और उन्नत करना चाहिए, जिससे समग्र रूप से अर्थव्यवस्था को लाभ हो सकता है। उच्च निर्यात मूल्य आयात लागतों की भरपाई कर सकते हैं, जिसके परिणामस्वरूप व्यापार घाटा कम होता है और व्यापार संतुलन में सुधार होता है। मजबूत निर्यात प्रदर्शन किसी देश की वैश्विक प्रतिष्ठा को बढ़ाता है और अंतरराष्ट्रीय निवेश को आकर्षित करता है।

**निर्यात प्रदर्शन :** भारत के निर्यात में ऐतिहासिक वृद्धि देखी गई है, जो 2023-24 में 778.21 बिलियन अमरीकी डॉलर तक पहुंच गया है। यह 2013-14 में 466.22 बिलियन अमरीकी डॉलर से 67% की वृद्धि दर्शाता है। यह वृद्धि वैश्विक वाणिज्य में भारत की बढ़ती स्थिति को रेखांकित करती है, जो माल और सेवा निर्यात दोनों में उत्कृष्ट प्रदर्शन से प्रेरित है। 2023-24 में माल निर्यात 437.10 बिलियन अमरीकी डॉलर था, जिसमें सेवा निर्यात का योगदान 341.11 बिलियन अमरीकी डॉलर था, जो एक संतुलित वृद्धि का संकेत देता है। यह उछाल इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मास्यूटिकल्स, इंजीनियरिंग सामान, लौह अयस्क और कपड़ा जैसे प्रमुख क्षेत्रों द्वारा संचालित था। भारत के निर्यात पारिस्थितिकी तंत्र को जानबूझकर किए गए नीतिगत उपायों, बढ़ी हुई प्रतिस्पर्धात्मकता और विस्तारित बाजार पहुंच से मजबूत किया गया है और यह अब अधिक लचीला और वैश्विक अर्थव्यवस्था से गहराई से जुड़ा हुआ है। यह गति वित्त वर्ष 2024-25 में भी जारी रहेगी, जिसमें अप्रैल से दिसंबर 2024 तक संचयी निर्यात 602.64 बिलियन अमेरिकी डॉलर रहने का अनुमान है, जो 2023 की इसी अवधि के 568.36 बिलियन अमेरिकी डॉलर से 6.03% अधिक है। भारत के निर्यात पारिस्थितिकी तंत्र को जानबूझकर किए गए नीतिगत उपायों, बढ़ी हुई प्रतिस्पर्धा और विस्तारित बाजार पहुंच से मजबूत किया गया है और यह अब अधिक लचीला है और वैश्विक अर्थव्यवस्था से गहराई से जुड़ा हुआ है। मजबूत विनिर्माण आधार और बढ़ती वैश्विक मांग के कारण, व्यापारिक निर्यात 2013-14 में 314 बिलियन अमरीकी डॉलर से बढ़कर 2023-24 में 437.10 बिलियन अमरीकी डॉलर हो गया। आईटी, वित्तीय और व्यावसायिक सेवाओं के विकास से प्रेरित होकर सेवा निर्यात 2013-14 में 152 बिलियन अमरीकी डॉलर से बढ़कर 2023-24 में 341.11 बिलियन अमरीकी डॉलर हो गया।

**पिछले कुछ वर्षों में शीर्ष निर्यात क्षेत्र :** 2004-05 में भारत का निर्यात मुख्य रूप से उत्तरी अमेरिका, यूरोपीय संघ, उत्तर-पूर्व एशिया, पश्चिम एशिया-खाड़ी सहयोग परिषद और आसियान की ओर उन्मुख था। 2013-14 तक, इन क्षेत्रों में निर्यात मूल्य में उल्लेखनीय वृद्धि हुई थी, जिसमें उत्तरी अमेरिका, यूरोपीय संघ और पश्चिम एशिया ने उल्लेखनीय विकास दिखाया था।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 7209453444, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए लागू रहेगा रेलवे स्टेशन पर एकल दिशा प्लान



**एजेंसी। महाकुंभ नगर**

महाकुंभ 2025 में अमृत स्नान पर्वों के बाद भी संगम स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ भारी संख्या में प्रयागराज पहुंच रही है। महाकुंभ की शुरुआत हुए 26 दिन हो चुके हैं, अब तक महाकुंभ में 42 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पवित्र संगम में स्नान कर चुके हैं। इसके बाद भी प्रतिदिन महाकुंभ में देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती ही जा रही है। महाकुंभ में भीड़ की बढ़ती संख्या को देखते हुए प्रयागराज रेलवे ने एकल दिशा प्लान को अगले आदेश तक लागू रखने की योजना बनाई है। सुगम और सुरक्षित रेल यात्रा के लिए प्रयागराज रेलवे ने तीर्थयात्रियों के स्टेशन परिसर में प्रवेश और निकास के लिए अलग-अलग मार्गों का निर्धारण किया है। विश्व के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। महाकुंभ के अमृत स्नान पर्वों के बीत जाने के बाद भी पवित्र त्रिवेणी में स्नान करने वालों की संख्या दिन प्रति दिन बढ़ती जा रही है। महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए प्रयागराज रेल मंडल ने अगले आदेश तक एकल दिशा प्लान लागू रखने का एलान किया है। रेल मंडल के पीआरओ अमित सिंह ने बताया कि प्रयागराज रेलवे ने तीर्थयात्रियों की सुगम और सुरक्षित यात्रा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया है। मुख्य स्नान पर्वों की तरह ही प्रयागराज जंक्शन स्टेशन परिसर में यात्रियों का प्रवेश केवल सिटी साइड प्लेटफार्म नं. 1 से कराया जाएगा, जबकि निकास स्टेशन के सिविल लाइंस साइड, प्लेटफार्म नं. 6 और 10 की ओर से ही होगा। पीआरओ अमित सिंह ने बताया कि स्टेशन परिसर में तीर्थयात्रियों को प्लेटफार्म तक कलर कोडेड टिकट और आश्रय स्थल के माध्यम से ही पहुंचाया जाएगा। कलर कोडेड आश्रय स्थल दिशावार यात्रियों के गंतव्य स्टेशनों के मुताबिक बनाए गए हैं, जिनमें अस्थाई टिकट घर, शौचालय और यात्रियों के ठहरने की भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि आरक्षित यात्रियों को स्टेशन में प्रवेश गेट संख्या 5 से दिया जाएगा। साथ ही प्रयागराज रेलवे ने तीर्थयात्रियों से सुगम और सुरक्षित रेल यात्रा के लिए ट्रेनों के निर्धारित समय से अतिरिक्त समय लेकर आने का अनुरोध किया है। इसके अलावा सिविल पुलिस के सहयोग से शहर में चलने वाले टैक्सी, ऑटो और ई-रिक्शा चालकों से अनुरोध किया गया है कि वे भी तीर्थयात्रियों को रेलवे स्टेशन एकल दिशा प्लान के मुताबिक ही लाएं, ताकि शहर में जाम और स्टेशन परिसर में भगदड़ की स्थिति से बचा जा सके।

## सिक्किम के सीएम ने महाकुंभ में किया स्नान, सबकी शांति के लिए की प्रार्थना



**महाकुंभ नगर।** सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग रविवार को प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई। सीएम तमांग ने कहा कि उन्होंने महाकुंभ में आकर सभी लोगों की शांति के लिए प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री तमांग ने कुंभ स्नान के बाद मीडिया से बात करते हुए कहा, "प्रयागराज आकर बहुत अच्छा महसूस हो रहा है। मैं महाकुंभ के आयोजन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई देता हूं। मैं उत्तर प्रदेश सरकार के निमंत्रण पर महाकुंभ का हिस्सा बना हूं और मैं इसके लिए उन्हें बधाई देता हूं।" उन्होंने कहा, "मैं नॉर्थ ईस्ट का पहला मुख्यमंत्री हूं, जो यहां आया है। मैं खुद को भाग्यशाली महसूस कर रहा हूं। सभी को आना चाहिए, क्योंकि महाकुंभ 144 साल बाद आया है। मेरा यही संदेश है कि लोग यहां आएं और भाईचारे तथा सद्भावना को कायम रखें।" सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर महाकुंभ से जुड़ी हुई कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। उन्होंने निमंत्रण के लिए उत्तर प्रदेश सरकार का भी आभार जताया। सीएम तमांग ने एक्स पर लिखा, "मैं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पवित्र महाकुंभ मेला 2025 का साक्षी बनने और त्रिवेणी संगम के पवित्र जल में डुबकी लगाने के लिए दिए गए निमंत्रण के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। मैं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, उत्तर प्रदेश सरकार और सभी अधिकारियों तथा समर्पित स्वयंसेवकों को भी उनके गर्मजोशी भरे स्वागत और 135 सदस्यों वाले सिक्किमी प्रतिनिधिमंडल के असाधारण आतिथ्य के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं। आपकी उदारता और दयालुता ने इस आध्यात्मिक अनुभव को वास्तव में यादगार बना दिया है।" उन्होंने एक अन्य पोस्ट में लिखा, "प्रयागराज में पवित्र त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाना एक बहुत अच्छा अनुभव था, जिसने मुझे शांति और आध्यात्मिक उत्थान से भर दिया। इस भव्य समागम की दिव्य ऊर्जा, लाखों लोगों को आस्था और भक्ति में एकजुट

## महाकुंभ पहुंचे कर्नाटक के डिप्टी सीएम मेरे जीवन का यह एक ऐतिहासिक क्षण




**महाकुंभ नगर।** संगम नगरी प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में नेताओं के पहुंचने का सिलसिला जारी है। इसी के चलते कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार भी रविवार को अपने परिवार के साथ महाकुंभ में स्नान करने के लिए पहुंचे। उन्होंने महाकुंभ के आयोजन के लिए योगी सरकार को बधाई दी। कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने मीडिया से बात करते हुए कहा, "इस पवित्र आयोजन के लिए सभी आयोजकों को धन्यवाद। यह किसी के भी जीवन का एक ऐतिहासिक क्षण है। सरकार ने यहां आए करोड़ों लोगों के लिए जो व्यवस्था की है, यह कोई छोटा काम नहीं है। उन्होंने (योगी सरकार) अच्छा काम किया है। मैं महाकुंभ का हिस्सा बनकर बहुत खुश हूं। उत्तर प्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्री मुझसे मिलने बेंगलुरु आए थे और उन्होंने ही मुझे महाकुंभ में शामिल होने का निमंत्रण दिया। मेरे लिए यह एक शानदार अनुभव था।" डीके शिवकुमार ने कहा, "मुझे बहुत खुशी है कि पूरे देश के लोग विभिन्न राज्यों से यहां आए हैं और इस दौरान मैं यहां पूरे देश के बहुत सारे लोगों से मिल पाया। प्रयागराज में गंगा, यमुना और सरस्वती जैसी पवित्र नदिया हैं, जिसने इस अनुभव को और भी महान दिया है। मुझे आशा है कि शांति और समृद्धि बनी रहे और गंगा तथा भगवान शिव हमारे जीवन में शांति बनाए रखें।" उन्होंने आगे कहा, "हम कर्नाटक में भी यही कह रहे हैं कि महाकुंभ हमारे देश की सबसे बड़ी विरासत और संस्कृति है। यह आज की बात नहीं है बल्कि हजारों साल पहले हमारे इतिहासकारों, दैवीय शक्तियों ने इसे बनाया है और हम सभी इसमें शामिल हुए हैं। यह केवल पानी नहीं है, बल्कि यह मानवता है। हालांकि, यहां कुछ घटनाएं घटी थी, लेकिन इतना बड़ा आयोजन करना कोई मजाक नहीं है।" बता दें कि सोमवार को देश की प्रथम नागरिक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू प्रयागराज जाएंगी।

## महाकुंभ स्नान कर छत्तीसगढ़ लौट रहे 4 श्रद्धालुओं की सड़क हादसे में मौत, 4 घायल

**सोनभद्र ।** उत्तर प्रदेश में जनपद सोनभद्र के बभनी थाना क्षेत्र स्थित अंबिकापुर वाराणसी मार्ग पर रविवार सुबह बोलेरो और ट्रेलर की टक्कर में चार लोगों की मौत गई और 4 अन्य घायल हैं। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। ये सभी छत्तीसगढ़ के रहने वाले हैं जो महाकुंभ में स्नान के बाद वापस लौट रहे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद सोनभद्र में हुए सड़क हादसे का संज्ञान लेते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह ने बताया कि प्रयागराज में महाकुंभ स्नान करके 11 श्रद्धालु एक बोलेरो वाहन में बैठकर अपने घर छत्तीसगढ़ जा रहे थे। बभनी थाना क्षेत्र के दरनखाड़ के पास छत्तीसगढ़ की तरफ से आ रहे ट्रेलर से बोलेरो टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बोलोरो के परखच्चे उड़ गए। हादसे कार सवार चार लोगों की मौत मौके पर हो गई और चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। तीन लोग सुरक्षित हैं।

## मूक-बधिर नाबालिग बलात्कार पीड़िता की मौत

**राजगढ़ ।** मध्यप्रदेश के राजगढ़ जिले में एक सप्ताह पहले अज्ञात आरोपी द्वारा बलात्कार का शिकार हुई मूक-बधिर नाबालिग लड़की ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि नरसिंहगढ़ कस्बे में सरकारी विश्राम गृह के पीछे झोपड़ी में रहने वाली नाबालिग लड़की (11) एक फरवरी को लापता हो गई थी और अगले दिन वह जंगल में गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिली। नरसिंहगढ़ के अनुविभागीय अधिकारी पुलिस (एसडीओपी) उपेंद्र भाटी ने बताया कि अत्यधिक रक्तस्राव के कारण पीड़िता की हालत बहुत खराब थी। उन्होंने बताया कि पीड़िता को पहले नरसिंहगढ़ अस्पताल ले

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंग।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

'आप' भ्रष्टाचार में लिप्त थी

# कैग रिपोर्ट इसी वजह से पेश नहीं की गई : स्वाति मालीवाल

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

दिल्ली चुनाव में जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली कैबिनेट बैठक में ही शराब नीति घोटाले की कैग रिपोर्ट को सार्वजनिक करने की बात कही है। इसका राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने समर्थन किया है। पहली कैबिनेट बैठक में कैग रिपोर्ट पेश करने और भ्रष्टाचारियों को जेल भेजने वाले पीएम मोदी के बयान पर स्वाति मालीवाल ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए स्वागत किया। उन्होंने 'आप' पर निशाना साधते हुए कहा, "आम आदमी पार्टी भ्रष्टाचार को खत्म करने के उद्देश्यों के साथ आई थी। लोकपाल बिल की बात करती थी, लेकिन आज तक लोकपाल बिल नहीं आया। उन्होंने कहा, "वे रिपोर्ट पेश नहीं कर रहे हैं। पूरी पार्टी भ्रष्टाचार में लिप्त हो गई है। जनता के लिए कोई काम नहीं हो रहा है, ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सही कहा है कि कैग रिपोर्ट पेश होनी चाहिए। उन्होंने कैग रिपोर्ट पेश नहीं की थी। वहीं, कालकाजी सीट से दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी जीत के बाद जश्न मनाते हुए दिखीं। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ डांस किया। इस पर स्वाति मालीवाल ने कहा, "एक तरफ आम आदमी पार्टी के बड़े-बड़े नेता चुनाव हार रहे हैं, दूसरी तरफ दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी अपनी इस छोटी सी जीत पर ऐसा जश्न मना रही हैं, जैसे मानो उन्होंने कोई बड़ा काम कर दिया है। उनके पास शर्म नाम की कोई चीज नहीं है, किस प्रकार से वह डांस कर रही हैं? पूरी पार्टी चुनाव हार चुकी है, लेकिन आतिशी अभी भी अपने अहंकार में हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस जन्म में दिल्ली नहीं जीत पाएंगे, अरविंद केजरीवाल के इस पुराने बयान पर मालीवाल ने कहा, "यह अरविंद केजरीवाल का अहंकार था। उन्हें अहंकार हो गया था और अब उनके अहंकार की हार हुई है। बता दें कि दिल्ली चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने प्रचंड बहुमत




### स्वाति मालीवाल ने हनुमान मंदिर में की पूजा-अर्चना, कहा

## सत्य परेशान हो सकता है लेकिन पराजित नहीं

दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद से ही आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल अपनी ही पार्टी को लगातार घेर रही हैं। इस बीच, राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान उनकी मां भी उनके साथ मौजूद रहीं। स्वाति मालीवाल ने कहा कि मैं आज काफी भावुक हूं, हमने इस जीत के लिए बड़ा संघर्ष किया। आम आदमी पार्टी को हराने के लिए, मेरे ऊपर बहुत सारे अत्याचार हुए और मैंने सहन किया। मैं उनसे लड़ी और आज इसलिए मैं बहुत भावुक हूं कि किस तरीके से मेरे ऊपर प्रताड़ना की गई, लेकिन बुराई कितनी भी ताकतवर हो, सच्चाई की ही जीत होती है। सत्य परेशान हो सकता है, लेकिन पराजित नहीं और जो मेरे सामने लोग थे, वे काफी ताकतवर थे। मैं तो एक आम इंसान की तरह थी, लेकिन आज सच्चाई की जीत हुई। इससे पहले उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर कर हनुमान मंदिर जाने की जानकारी दी थी।

## दस छात्राओं का यौन शोषण करने के आरोप में सरकारी स्कूल का शिक्षक गिरफ्तार

**चेन्नई (आईएएनएस)**

तमिलनाडु पुलिस ने सलेम के येरकॉड स्थित एक सरकारी स्कूल के शिक्षक को दस छात्राओं का यौन शोषण करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी इलियाकन्नी (37) को शुक्रवार रात येरकॉड पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और उसके खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई की। आरोप है कि उसने कक्षा 10वीं और 12वीं की दस लड़कियों का शोषण किया। यह घटना तब प्रकाश में आई जब एक पीड़िता ने हिम्मत जुटाकर स्कूल की प्रधानाध्यापिका को इसकी जानकारी दी और शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। प्रधानाध्यापिका ने तुरंत मामले की सूचना शिक्षा विभाग और जिला बाल संरक्षण इकाई के अधिकारियों को दी। इसके बाद एक टीम ने स्कूल का दौरा किया और छात्रों से पूछताछ की। प्रारंभिक जांच में पुष्टि हुई है कि शिक्षक ने दस छात्रों के साथ दुर्व्यवहार किया था। जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा दर्ज की गई शिकायत के आधार पर, कोंडलमपट्टी ऑल विमेन पुलिस स्टेशन ने यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया।

### इस घटना के मामले में आगे की जांच तेजी से चल रही है

हाल ही में कृष्णागिरी जिले में इसी तरह की एक घटना में, कृष्णागिरी जिले के बरगुर में पंचायत यूनियन मिडिल स्कूल में 13 वर्षीय लड़की का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में तीन सरकारी स्कूल शिक्षकों को गिरफ्तार किया गया था। 3 फरवरी को यह मामला तब प्रकाश में आया था जब स्कूल के शिक्षक लड़की के घर उसकी लंबी अनुपस्थिति के बारे में पूछताछ करने गए।

सपा सांसद अवधेश प्रसाद का दावा

## 'भाजपा ने मिल्कीपुर उपचुनाव में जीत के लिए फर्जी वोट डलवाए'

**अयोध्या ।** मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में सपा प्रत्याशी अजीत प्रसाद को मिली हार पर फैजाबाद के सांसद अवधेश प्रसाद ने चौंकाने वाला बयान दिया है। सपा सांसद ने दावा किया कि भाजपा ने इस सीट पर जीत दर्ज करने के लिए 78 हजार फर्जी वोट डलवाए हैं। सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा, "इस पूरे मामले को मैं लोकसभा में उजागर करूंगा। सपा सांसद ने कहा कि इस मामले को उठाया जाएगा। आगे रणनीति क्या होगी, इसका खुलासा नहीं किया जाता है। जो रणनीति बननी है, वह सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात के बाद बनाएंगे। सपा सांसद ने आरोप लगाया कि जीत के लिए संवैधानिक मूल्यों को ताक पर रखा गया।



न्यूज बॉक्स

## रसोई गैस सिलेंडर में विस्फोट से दो बच्चियों की मौत, पिता घायल

**गुरुग्राम ।** गुरुग्राम के नाहरपुर गांव में एक घर में रसोई गैस सिलेंडर फटने से दो बच्चियों की मौत हो गई और उनके पिता झुलस गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। बच्चियों की पहचान अलका (6) और पलक (8) के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बच्चियों के पिता हरेश्वर गिरी दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती हैं। पुलिस के अनुसार, यह घटना मानेसर थाना क्षेत्र के नाहरपुर गांव में शुक्रवार रात करीब 8:00 बजे हुई। अधिकारियों ने बताया कि गिरी कमरे में खाना बना रहे थे और उनकी बेटियां खेल रही थीं, तभी गैस सिलेंडर फट गया। तीनों घायलों को पहले सिविल अस्पताल सेक्टर 10 ले जाया गया, जहां अलका को मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि गिरी और उनकी बड़ी बेटी पलक को फिर दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में रेफर कर दिया गया, जहां शनिवार सुबह पलक की भी मौत हो गई। जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) अजीत कुमार ने बताया, ''गिरी को अभी होश नहीं आया है और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

## हरदोई में डंपर और पीएनजी गैस टैंकर की भिड़ंत, गैस लीक होने से हाईवे बंद



**हरदोई ।** उत्तर प्रदेश के हरदोई में डंपर और पीएनजी गैस टैंकर की भीषण टक्कर हुई, जिसके बाद गैस लीक होने लगी। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हाईवे को कुछ देर के लिए बंद कर दिया गया। मामला हरदोई के बिलग्राम कोतवाली क्षेत्र के कटरा-बिल्हौर हाईवे का है। बताया जा रहा है कि रविवार देर रात सदरपुर के पास एक डंपर और पीएनजी गैस सिलेंडर से भरे टैंकर के बीच टक्कर हुई थी। हादसा इतना जबरदस्त था कि टैंकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें रखे सिलेंडर से गैस का रिसाव होने लगा। गैस रिसाव की सूचना मिलते ही बिलग्राम और माधोगंज पुलिस मौके पर पहुंची। हाईवे को तुरंत ही बंद कर दिया गया।

## नवादा में बच्चों की लड़ाई में जमकर हुई गोलीबारी, 5 घायल

**नवादा ।** नवादा में रविवार को बच्चों के बीच की लड़ाई ने एक बड़े विवाद का रूप ले लिया।दो पक्षों के बीच हुई मामूली विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। बंदूक गोली और लाठी-डंडे लेकर लोग एक-दूसरे के ऊपर टूट पड़े। इस दौरान कई राउंड फायरिंग कर मारपीट की गई। इस घटना में दोनों पक्ष के 5 लोग घायल हो गए है। मामला नारदीगंज थाना क्षेत्र के धनियावा गांव का है, जहां बच्चों के बीच हुए झगड़े में बड़े कूद पड़े। इसके बाद जमकर वाद-विवाद हुआ और फिर यह विवाद गोलीबारी और मारपीट में तब्दील हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची डायल 112 की पुलिस ने सभी घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया है। आकाश कुमार, सचिन कुमार, सुरेंद्र राजवंशी व राजेंद्र प्रसाद समेत 5 लोगों का स्थानीय अस्पताल में तैनात चिकित्सक द्वारा इलाज जारी है। घटना के बाद एक्शन में आई पुलिस ने धनियावा गांव में छापेमारी कर दो युवकों को दो देशी कट्टा, 2 जिंदा कारतूस, 1 खोखा और 1 लोहे का फ़सूली के साथ गिरफ्तार किया है।

# राष्ट्रपति सोमवार आएंगी महाकुंभ, त्रिवेणी संगम में करेंगी स्नान

## प्रयागराज में सोमवार को आठ घंटे से अधिक रहेंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

**महाकुंभ नगर (आईएएनएस)**

प्रयागराज की पावन धरा पर सोमवार को देश की प्रथम नागरिक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कदम रखेंगी और इसकी भव्यता व दिव्यता की साक्षी बनेंगी। राष्ट्रपति आठ घंटे से अधिक समय तक प्रयागराज में रहेंगी और इस दौरान संगम स्नान के साथ ही यहां अक्षयवट और बड़े हनुमान मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगी। इस दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे। राष्ट्रपति मुर्मू सुबह संगम नोज पहुंचकर त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाएंगी। मां गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम में राष्ट्रपति आस्था की डुबकी लगाकर सनातन आस्था को मजबूत आधार देंगी। देश की प्रथम नागरिक का संगम में पावन डुबकी लगाने का यह ऐतिहासिक क्षण होगा। बता दें कि इससे पहले भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने भी महाकुंभ में पावन स्नान किया था।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इसके उपरांत धार्मिक आस्था को और अधिक मजबूती देने के लिए अक्षयवट का दर्शन-पूजन करेंगी। सनातन संस्कृति में अक्षयवट को अमरता का प्रतीक माना जाता है। यह हिंदू धर्म का एक महत्वपूर्ण स्थल है, जिसकी महत्ता पुराणों में भी वर्णित है। इसके अलावा वह बड़े हनुमान मंदिर में भी दर्शन करेंगी और पूजा-अर्चना कर देशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना करेंगी। आधुनिक भारत और डिजिटल युग के साथ धार्मिक आयोजनों को जोड़ने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल को राष्ट्रपति समर्थन देंगी। वे डिजिटल महाकुंभ अनुभव केंद्र का अवलोकन करेंगी, जिसमें महाकुंभ मेले की विस्तृत जानकारी तकनीकी माध्यमों से उपलब्ध कराई जा रही है। यहां देश-विदेश के श्रद्धालुओं को इस अद्भुत आयोजन को और अधिक निकटता से अनुभव करने के लिए स्थापित किया गया है। राष्ट्रपति शाम पौने छह बजे प्रयागराज से वापस नई दिल्ली के लिए रवाना होंगी। राष्ट्रपति का यह दौरा न केवल प्रयागराज के लिए ऐतिहासिक होगा, बल्कि देशभर के श्रद्धालुओं के लिए भी एक प्रेरणादायी क्षण होगा। उनकी उपस्थिति से महाकुंभ के धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व को एक नई ऊंचाई मिलेगी। राष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए प्रयागराज में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी गई है।

# भारत ने इंग्लैंड को चार विकेट से हराकर जीती सीरीज




**कटक (आईएएनएस)।** रोहित शर्मा के शानदार शतक (119) के साथ शुभमन गिल (60) और श्रेयस अय्यर (44) की महत्वपूर्ण पारियों के दम पर भारत ने कटक के बाराबती स्टेडियम में रविवार को खेले गए दूसरे एकदिवसीय मैच में इंग्लैंड को चार विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज पर कब्जा कर लिया। अक्षर पटेल ने भी (41 नाबाद) मध्यक्रम में अच्छा योगदान दिया।

इंग्लैंड के 304 रन के जवाब में भारत ने 33 गेंद शेष रहते 308/6 का स्कोर बनाकर मैच जीत लिया। भारत अब सीरीज में 2-0 की निर्णायक बढ़त ले चुका है। लंबे समय से बल्ले से प्रभावित करने में विफल रहे रोहित शर्मा के इरादे आज कुछ और ही थे। उन्होंने दूसरे ओवर में गस एटकिंसन को चौका जड़कर अपनी पहली बाउंड्री लगाई और अगली गेंद को हवाई रास्ते से सीमा रेखा के पार भेजा। इसके बाद शुभमन गिल और रोहित ने इंग्लैंड के गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। दोनों ने पहले विकेट के लिए 16.4 ओवर में 136 रन जोड़े। गिल ने 52 गेंद पर 60 रन बनाए। जेमी ओवरटन की गेंद पर आउट होने से पहले उन्होंने एक छक्का और नौ चौके जड़े। दूसरे छोर पर रोहित ने ज्यादा आक्रामकता दिखाते हुए 30 गेंद पर अपना अर्धशतक पूरा किया।

तीसरे नंबर पर आए विराट कोहली (5) आदिल राशिद की गेंद पर विकेट के पीछे कैच दे बैठे। उस समय टीम का स्कोर 19.3 ओवर में 150 रन था। रोहित ने श्रेयस अय्यर (44) के साथ 70 रन की एक और साझेदारी की। उन्होंने 76 गेंद पर अपना 32वां वनडे शतक पूरा किया। रोहित के बल्ले से 16 महीने बाद एकदिवसीय मैच में सेंचुरी आई है।

रोहित 30वें ओवर में लिविंगस्टोन की गेंद पर लंबा शॉट खेलने के चक्कर में कैच आउट हो गए। उस समय टीम का 220/3 था। अपनी 90 गेंद की पारी में उन्होंने सात छक्के और 12 चौके लगाए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी घोषित किया गया।श्रेयस अय्यर चौथे विकेट के रूप में 258 के स्कोर पर और के.एल. राहुल (10) 275 के स्कोर पर पवेलियन लौट गए। अय्यर को राशिद ने आउट किया।अक्षर पटेल ने 32वें ओवर में मिले जीवनदान का भरपूर फायदा उठाया और नाबाद रहते हुए टीम को जीत तक ले गए। श्रेयस अय्यर के शॉट पर सिंगल चुराते समय वह रनआउट होने से बचे। विकेटकीपर फिल सॉल्ट बैकवर्ड प्वाइंट के थ्रो को कलेक्ट नहीं कर सके। अक्षर क्रीज से काफी दूर थे। उस समय वह छह रन पर थे। भारत का छठा विकेट 286 रन पर हार्दिक पांड्या (10) के रूप में गिरा। उन्हें एटकिंसन ने आउट किया। लेकिन तब तक मैच भारत की पकड़ में आ चुका था।

# ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा यूपी वारियर्स की कप्तानी करेंगी



**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** भारत की ऑफ-स्पिन ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा को 14 फरवरी से शुरू होने वाले महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के 2025 सीजन से पहले यूपी वारियर्स का नया कप्तान बनाया गया है। 27 वर्षीय दीप्ति ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली की जगह कप्तानी की जिम्मेदारी संभालेंगी, जो पैर में बार-बार चोट लगने के कारण डब्ल्यूपीएल 2025 से बाहर हो गई हैं। एलिसा की कप्तानी में, यूपी वारियर्स ने डब्ल्यूपीएल 2023 में तीसरा स्थान हासिल किया, इससे पहले 2024 के संस्करण में टीम लीग चरण से बाहर हो गई थी। उद्घाटन नीलामी के दौरान दीप्ति को 2.6 करोड़ रुपये में साइन किया था। 2023 के सीजन में, उन्होंने बल्ले से 90 रन बनाते हुए नौ विकेट लिए। डब्ल्यूपीएल 2024 में, उन्होंने 295 रन बनाए, जिससे वह प्रतियोगिता में पांचवीं सबसे ज़्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी बन गईं, जबकि उन्होंने अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के ख़िलाफ़ हैट्रिक सहित 10 विकेट लिए। इससे दीप्ति डब्ल्यूपीएल के इतिहास में हैट्रिक लेने वाली पहली भारतीय गेंदबाज़ भी बन गईं। दीप्ति को हाल ही में आईसीसी की 2024 की महिला टी20 टीम ऑफ़ द ईयर में नामित किया गया था, जिसमें भारत की साथी स्मृति मंधाना और ऋचा घोष भी शामिल थीं, जो डब्ल्यूपीएल 2025 में गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए खेलेंगी। दीप्ति पहले भी भारत की उप-कप्तान रह चुकी हैं और उन्होंने घरेलू स्तर पर नेतृत्व की जिम्मेदारी संभाली है। उन्होंने 2022 में महिला टी20 चैलेंज के चौथे और अंतिम सीज़न में वेलोसिटी की कप्तानी भी की, जो उपविजेता रही। लेकिन डब्ल्यूपीएल 2025 में यूपी वारियर्स की कप्तानी करना निस्संदेह एक कप्तान के तौर पर उनकी सबसे बड़ी चुनौती है।

# ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका को दूसरे टेस्ट में 9 विकेट से हराया

**गाले (हि.स.)।** ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम ने गाले में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में श्रीलंका की टीम को 9 विकेट से हरा दिया है। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने दो मैचों की टेस्ट सीरीज को 2-0 से अपने नाम कर लिया। पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका को पारी और 242 रन के बड़े अंतर से हराया था।

पैट कमिंस की अनुपस्थिति में श्रीलंका दौरे पर स्टीव स्मिथ की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया की टीम को यह सफलता मिली है। टीम 2011 के बाद पहली बार श्रीलंका में टेस्ट सीरीज जीतने में सफल रही है। आखिरी बार 2011 में माइकल क्लार्क की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया को श्रीलंका दौरे पर जीत मिली थी।गाले में खेले गए दूसरे मुकाबले में श्रीलंका ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। टीम ने पहली पारी में 257 रन बनाए। इस दौरान टीम के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज कुसल मेंडिस ने सबसे ज्यादा रन बनाए। उन्होंने 10 चौके और 1 छक्के की मदद से नाबाद 85 रन बनाए और दिनेश चांडीमल ने 163 गेंदों पर 74 रन की पारी खेली। इनके अलावा दिमुथ करुणारत्ने ने 36, रमेश मेंडिस ने 28, पथुम निसांका 11 और कामिंडू मेंडिस ने 13 रन का योगदान दिया।



सीरीज 2-0 से जीती

## आईसीसी के चेयरमैन जय शाह ने शानदार करियर के लिए करुणारत्ने को बधाई दी

**दुबई(आईएएनएस)।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के चेयरमैन जय शाह ने दिमुथ करुणारत्ने को शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर के लिए बधाई दी और आने वाले वर्षों के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं। 36 वर्षीय, जो सीमित ओवरों के खेल के युग में टेस्ट विशेषज्ञ के रूप में जाने जाते थे, ने गाले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप श्रृंखला के दूसरे मैच के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया, वही मैदान जहां उन्होंने 2012 में अपना टेस्ट डेब्यू किया था। उन्होंने द्वीप राष्ट्र के लिए 100 टेस्ट मैच खेले। जय शाह ने एक बयान में कहा, ₹दिमुथ का करियर बहुत शानदार रहा है, जिसके दौरान उन्होंने खेल के सबसे पारंपरिक प्रारूप में बल्लेबाज के रूप में बेहतरीन प्रदर्शन किया और 100 टेस्ट खेलने वाले अपने देश के सातवें खिलाड़ी बने। उनकी प्रतिबद्धता बेमिसाल रही है और वे खेल के एक बेहतरीन राजदूत रहे हैं।

# पीवी सिंधु बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप से हटीं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने पैर की मांसपेशियों में चोट के कारण चीन में होने वाली बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप से नाम वापस ले लिया है जिससे देश की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में पदक का रंग सुधारने की संभावनाओं को बड़ा झटका लगा है। यह टूर्नामेंट 11 से 16 फरवरी तक किंगदाओ में खेला जाएगा।

भारतीय खिलाड़ी अभी गुवाहाटी में ट्रेनिंग शिविर में हिस्सा ले रहे हैं। सिंधू के अलावा शिविर में लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय के साथ-साथ सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष युगल जोड़ी भी हिस्सा ले रही है। यह 29 वर्षीय खिलाड़ी उस भारतीय टीम का हिस्सा थी जिसने टूर्नामेंट के पिछले सत्र में कांस्य पदक जीता था।

सिंधू ने एक पोस्ट में कहा, 'मैं भारी मन से यह बता रही हूं कि मैं बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप 2025 के लिए टीम के साथ यात्रा नहीं करूंगी। चार फरवरी को गुवाहाटी में ट्रेनिंग के दौरान मुझे अपनी पैर की मांसपेशियों में दर्द महसूस हुआ। अपने देश के लिए पट्टी लगाकर खेलने के प्रयास करने के बावजूद एमआरआई से पता चला है कि मुझे शुरुआत में जितना लगा था चोट के ठीक होने में उससे अधिक समय लगेगा।'

सिंधू बर्मिंघम में 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में अपना पहला महिला एकल स्वर्ण पदक जीतने के बाद से चोटों से जूझ रही हैं। इस स्टार खिलाड़ी को राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान बाएं पैर में स्ट्रेस फ्रेक्चर हो गया था जिसके कारण वह 2022 में विश्व चैंपियनशिप और विश्व टूर फाइनल सहित सभी शेष प्रतियोगिताओं से बाहर हो गईं थी।

बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप में भारत को उपविजेता दक्षिण कोरिया और मकाऊ के साथ कठिन ग्रुप डी में रखा गया है। भारत अपना अभियान 12 फरवरी को मकाऊ के खिलाफ शुरू करेगा जिसके बाद 13 फरवरी को दक्षिण कोरिया के खिलाफ कड़ा मुकाबला होगा। सिंधू ने टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह टीम की हौसलाअफजाई करेंगी।



टूर्नामेंट 11 से 16 फरवरी तक किंगदाओ में खेला जाएगा

# मुझे यकीन है कि हम ट्रॉफी पर अपना कब्जा करेंगे : जेमिमा रोड्रिग्स

**पुणे (आईएएनएस)।** महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2025 के करीब आने के साथ, दिल्ली कैपिटल्स की तैयारियां जोरों पर हैं क्योंकि वे लगातार दो सीजन में उपविजेता रहने के बाद इस साल एक कदम और आगे जाना चाहते हैं। फिलहाल प्री-सीजन कैंप के लिए टीम के साथ पुणे में मौजूद, स्टार बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स ने नए सीजन के लिए अपनी तैयारियों के बारे में जानकारी साझा करते हुए आत्मविश्वास से भरपूर नज़र आईं। "हम एक टीम के रूप में पिछले दो सीजन में बहुत अच्छे और लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। बेशक, यह एक फाइनल है, जिसे मैं पार कर लूंगी और ट्रॉफी पर अपना कब्ज़ा जमा लेंगी, लेकिन हम सही चीजें कर रहे हैं। कुछ दिन ऐसे होते हैं जब आप परिणाम को नियंत्रित नहीं कर सकते। उन्होंने कहा, हम डीसी इकाई के रूप में अपनी पूरी मेहनत कर रहे हैं और जीत के लिए खेलते रहेंगे। रॉड्रिग्स ने आगे कहा, मेरी तैयारी बहुत सरल है। मैच में मुझे जो भी सामना करना पड़ेगा, मैं उन परिस्थितियों को अभ्यास में लाने की कोशिश करूंगी, चाहे वह आक्रामक तरीके से खेलना हो या एक छोर से पारी को संभालना हो। इसमें बहुत अधिक पावर-हिटिंग भी है क्योंकि यह टी20 है। इसलिए मैं भारी गेंदों का उपयोग करती हूं जिससे मुझे अपने बल्ले को तेजी से घुमाने में मदद मिलती है और अधिक शक्ति मिलती है। 24 वर्षीय खिलाड़ी, जिन्होंने 18 डब्ल्यूपीएल मैचों में 143.82 की स्ट्राइक रेट से 381 रन बनाए हैं।

# लगातार हार से बचने के लिए भिड़ेंगे ओडिशा एफसी और पंजाब एफसी




**भुवनेश्वर(आईएएनएस)।** ओडिशा एफसी सोमवार को कलिंगा स्टेडियम में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 मुकाबले में पंजाब एफसी की मेजबानी करेगी। जगरनॉट्स और पंजाब एफसी पिछले मैचों में मिली अपनी-अपनी हार से उबरने की कोशिश करेंगे। जगरनॉट्स अपने पिछले मैच में एफसी गोवा से 1-2 और पंजाब एफसी आइलैंडर्स के हाथों 0-3 से हारे थे। पंजाब एफसी जगरनॉट्स पर लीग डबल पूरा करना चाहेंगी, क्योंकि उसने 20 सितंबर, 2024 को रिवर्स फिक्स्चर में 2-1 से जीत हासिल की थी।

ये दोनों टीमें प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने की प्रबल दावेदार हैं। ओडिशा एफसी 19 मैचों में छह जीत, सात ड्रा और छह हार से 25 अंक लेकर तालिका में सातवें स्थान पर है। पंजाब एफसी 18 मैचों में सात जीत, दो ड्रा और नौ हार से 23 अंक लेकर तालिका में नौवें स्थान पर है।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# इस हफ्ते खुलेंगे 3 मेनबोर्ड आईपीओ, 6 की होगी लिस्टिंग




**मुंबई(आईएएनएस)।** आईपीओ में निवेश का मौका तलाश रहे निवेशकों के लिए खुशखबरी है। अगले हफ्ते कुल 3 मेनबोर्ड आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुल रहे हैं। इसमें अजाक्स इंजीनियरिंग, हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीज और क्वालिटी पावर इलेक्ट्रिकल शामिल है। अजाक्स इंजीनियरिंग आईपीओ 10 फरवरी को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा और 12 फरवरी को बंद होगा। इस आईपीओ का इश्यू साइज 1,295.35 करोड़ रुपये होगा और यह पूरा आईपीओ ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) होगा, जिसमें 2.02 करोड़ शेयरों की बिक्री की जाएगी। आईपीओ के लिए प्राइस बैंड 599 रुपये से 629 रुपये प्रति शेयर के बीच तय किया गया है। कंपनी द्वारा तय किया गया लॉट साइज न्यूनतम 23 शेयरों का है। खुदरा निवेशक को आईपीओ के लिए आवेदन करने के लिए न्यूनतम 14,467 रुपये की राशि की आवश्यकता है। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज, सिटीग्रुप ग्लोबल मार्केट्स इंडिया, जेएम फाइनेंशियल, नुवामा वेल्थ मैनेजमेंट और एसबीआई कैपिटल मार्केट्स इस इश्यू के प्रमुख प्रबंधक हैं, जबकि लिंक इनटाइम इंडिया रजिस्ट्रार है। हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीज का आईपीओ 12 फरवरी से 14 फरवरी के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस आईपीओ का इश्यू साइज 8,750 करोड़ रुपये था। यह पूरा आईपीओ ऑफर फॉर सेल होगा और इसमें 12.36 करोड़ शेयरों की बिक्री की जाएगी। मूल्य बैंड 674 रुपये से 708 रुपये प्रति शेयर के बीच निर्धारित किया गया है। आईपीओ का लॉट साइज 21 है और खुदरा निवेशक को बोली लगाने के लिए न्यूनतम 14,868 रुपये निवेश करने होंगे। कोटक महिंद्रा कैपिटल, सिटीग्रुप ग्लोबल मार्केट्स इंडिया, जे.पी. मॉर्गन इंडिया, एचएसबीसी सिक्योरिटीज एंड कैपिटल मार्केट्स और आईआईएफएल सिक्योरिटीज इस इश्यू का प्रबंधन कर रहे हैं।

जबकि केफिन टेक्नोलॉजीज रजिस्ट्रार है। क्वालिटी पावर इलेक्ट्रिकल आईपीओ 14 फरवरी को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा और 18 फरवरी को बंद होगा। इस आईपीओ में फ्रेश इश्यू 225 करोड़ रुपये का होगा। वहीं, 1.49 करोड़ शेयर ऑफर फॉर सेल के तहत बेचे जाएंगे। हालांकि, कंपनी ने अभी प्राइस बैंड का खुलासा नहीं किया है।

## सेबी ने लिस्टेड कंपनियों में कॉरपोरेट गवर्नेंस को बेहतर बनाने के लिए दिया अहम प्रस्ताव

**मुंबई (आईएएनएस)।** लिस्टेड कंपनियों में कॉरपोरेट गवर्नेंस को बेहतर बनाने के लिए भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने वार्षिक सचिवीय अनुपालन रिपोर्ट (एएससीआर) के लिए एक संशोधित प्रारूप का प्रस्ताव दिया है। इसमें लेखा परीक्षकों की नियुक्ति के लिए पात्रता मानदंड और संबंधित पक्ष लेनदेन अनुमोदन के लिए मौद्रिक सीमाओं को शामिल करने का प्रस्ताव शामिल है। इन प्रस्तावों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि लिस्टेड कंपनियां अपने लेन-देन में अनुपालन और पारदर्शिता के उच्च मानक बनाए रखें। सेबी ने एएससीआर के प्रारूप और विषय-वस्तु में सुधार के लिए परिवर्तनों का प्रस्ताव दिया है, जिसका उद्देश्य प्रतिभूति कानून के अनुपालन की अधिक स्पष्ट पुष्टि करना है।

# 2047 तक 350 अरब डॉलर पहुंच जाएगा भारत का फार्मा निर्यात : रिपोर्ट

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** भारत का फार्मास्युटिकल निर्यात 2023 में लगभग 27 अरब डॉलर से दोगुना होकर 2030 तक 65 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है और 2047 तक यह बढ़कर 350 अरब डॉलर हो सकता है। यह जानकारी एक नई रिपोर्ट में दी गई। भारत वैश्विक स्तर पर जेनेरिक दवाओं का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता है। दुनिया भर में बिकने वाली पांच जेनेरिक दवाओं में से एक देश में बनती है।

**भारत वर्तमान में निर्यात मूल्य के मामले में 11वें स्थान पर है।** बेन एंड कंपनी द्वारा इंडियन फार्मास्युटिकल अलायंस, इंडियन ड्रग्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन और फार्मेक्सिल के सहयोग से तैयार की गई रिपोर्ट में बताया गया कि कैसे भारत स्पेशलिटी जेनेरिक, बायोसिमिलर और इनोवेटिव उत्पादों को शामिल करने के लिए अपनी निर्यात बास्केट में इनोवेशन और विविधता लाकर संभावित रूप से 2047 तक निर्यात मूल्य में शीर्ष पांच देशों में एक स्थान सुरक्षित कर सकता है। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा,भारत लंबे समय से दुनिया की फार्मेसी रहा है। अब हम भारत के लिए दुनिया के इस नैरेटिव को 'विश्व के स्वास्थ्य देखभाल के संरक्षक के रूप में' में बदलना चाहते हैं। सरकार इनोवेशन




और अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देकर और निर्बाध नियामक प्रक्रियाओं को सुनिश्चित करके इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा, शिक्षा एंव उद्योग जगत और सरकार के बीच सहयोग को मजबूत करके, हम वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी सेक्टर का निर्माण करना जारी रखेंगे, जो विकास को बढ़ावा और दुनियाभर में स्वास्थ्य देखभाल में योगदान देगा।

**भारत का एपीआई निर्यात बाजार वर्तमान में 5 अरब डॉलर से बढ़कर 2047 तक 80-90 अरब डॉलर होने का अनुमान है।** भारतीय कंपनियों के पास वर्तमान में वैश्विक बायोसिमिलर बाजार में 5 प्रतिशत से भी कम हिस्सेदारी है। बढ़ते आरएंडडी निवेश, 40 से अधिक उत्पादों की विस्तारित पाइपलाइन और अगले 3-4 वर्षों में योजनाबद्ध क्षमता वृद्धि के कारण इसमें प्रगति दिखाई दे रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय बायोसिमिलर निर्यात वर्तमान में 0.8 अरब डॉलर है।

# भारत का सेमीकंडक्टर मार्केट 2030 तक 13 प्रतिशत की सीएजीआर से बढ़ेगा

## इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग में मिलेगी मदद

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** सरकार की ओर से घरेलू स्तर पर मैन्युफैक्चरिंग बढ़ाने के लिए चलाई जा रही प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव स्कीम से भारत की सेमीकंडक्टर कंजम्पशन मार्केट 2030 तक 13 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ने की उम्मीद है, जो कि 2024-25 में 52 अरब डॉलर पर है।



भारतीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ.वी वीरप्पन के मुताबिक, ऑटोमोटिव और औद्योगिक इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्र मूल्य-संवर्धन के अवसर प्रस्तुत करते हैं। मोबाइल हैंडसेट, आईटी और औद्योगिक एप्लिकेशन, जो कुल मिलाकर सेक्टर की आय में लगभग 70 प्रतिशत का योगदान देते हैं, विकास के प्रमुख चालक बने हुए हैं।

भारत का सेमीकंडक्टर मार्केट 2030 तक बढ़कर 103.4 अरब डॉलर का होने की उम्मीद है। इससे 400 अरब डॉलर के अधिक के इलेक्ट्रॉनिक्स मार्केट को मदद मिलेगी। आईईएसए के अध्यक्ष अशोक चांडक के अनुसार, एफएबी और ओएसएटी के लिए सरकार के टारगेटेड इंसेंटिव्स, आरएंडडी निवेश में वृद्धि और कोलैबोरेटिव इंडस्ट्री पहलें भारत के सेमीकंडक्टर सेक्टर को आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण हैं, पिछले एक साल में आईईएसए सदस्य कंपनियों द्वारा इस सेक्टर में 21 अरब डॉलर की निवेश परियोजनाओं का ऐलान किया गया है।

वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स इकोसिस्टम में भारत की स्थिति को मजबूत करने और देश में आयात पर निर्भरता को कम करने के लिए स्थानीय सेमीकंडक्टर डिजाइन और मैन्युफैक्चरिंग पर ध्यान केंद्रित करना महत्वपूर्ण है।

## फेसबुक और इंस्टाग्राम की पेरेंट कंपनी मेटा ने 3000 कर्मचारियों को नौकरी से निकाला

**नई दिल्ली।** फेसबुक और इंस्टाग्राम की पेरेंट कंपनी मेटा ने लगभग 3,000 कर्मचारियों को नौकरी से निकालने का फैसला लिया है, जो कंपनी के कुल वर्कफोर्स का 5% है। इस बारे में कर्मचारियों को शुक्रवार को आंतरिक मेमो के जरिए जानकारी दी गई। यह मेमो लीक होकर बिजनेस इनसाइडर तक पहुंच गया। मेटा की वाइस प्रेसिडेंट ऑफ ह्यूमन रिसोर्सेज जेनेल गेल ने यह मेमो कंपनी के वर्कप्लेस फोरम पर पोस्ट किया। इसमें बताया गया कि जिन कर्मचारियों की नौकरी जा रही है, उन्हें सोमवार सुबह ईमेल के जरिए सूचित किया जाएगा। जेनेल गेल ने कहा कि "जिस टीम के किसी मेंबर या मैनेजर की नौकरी सोमवार को चली जाएगी, उनके लिए यह दिन मुश्किल हो सकता है।" उन्होंने माना कि इससे कर्मचारियों की दिनचर्या प्रभावित होगी, लेकिन ऑफिस खुले रहेंगे। हालांकि, जो कर्मचारी चाहें, वे घर से काम कर सकते हैं।

## एचईसी कॉलोनी में अवैध निर्माण पर चलेगा बुलडोजर

**रांची।** एचईसी आवासीय कॉलोनी में जिला प्रशासन की मदद से जल्द अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू होगी। एचईसी प्रबंधन ने सभी को नोटिस देकर शीघ्र अवैध निर्माण हटाने को कहा है। इस कार्रवाई के लिए जिला प्रशासन से मजिस्ट्रेट और पुलिस बल उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया है। जानकारी के अनुसार एचईसी में पहले प्रमुख मार्गों से अतिक्रमण हटाया जाएगा। हरमू बाईपास, विवेकानंद मंदिर से जगन्नाथपुर मार्ग, सेक्टर वन एवं अन्य प्रमुख मार्गों के किनारे से अवैध निर्माण को तोड़ा जाएगा। इसके साथ ही कॉलोनी के बाजारों और अंदर से भी अतिक्रमण हटाए जाएंगे। एचईसी प्रबंधन ने सभी अतिक्रमणकारियों को कई बार नोटिस दिया है। तीन जनवरी को दिए गए अंतिम नोटिस में कहा गया था कि कॉलोनी में किए गए अनधिकृत निर्माण को ध्वस्त किया जाएगा।

# कोई भी सामाजिक सुरक्षा योजना सौगात नहीं है और यह रेवड़ी भी नहीं : रबींद्र नाथ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने रेवड़ी संस्कृति-आर्थिक बोझ या आवश्यक सहारा विषय पर पुणे में रविवार को आयोजित 14वें छात्र संसद को संबोधित करते हुए कहा कि यह विषय बहुत ही व्यापक और समसामायिक है। स्पीकर ने कहा कि वह यह मानते हैं कि कोई भी सामाजिक सुरक्षा योजना सौगात नहीं है और यह रेवड़ी भी नहीं है। सामाजिक सुरक्षा देश के संयुक्त संसाधन कोष या राज्य के संचित कोष से प्रदान की जाती है और नागरिकों का इस पर पूरा अधिकार है। वह समझते हैं कि सामाजिक सुरक्षा के प्रति संकीर्ण और नकारात्मक आम समझ बनाने में




अभिजात्य तबके की एक बड़ी भूमिका रही है। उद्योगपतियों को जब औने-पौने भाव जमीन, टैक्स हॉलिडे या सब्सिडी मिलती रहे, तो सब ठीक। हालांकि अगर इससे रोजगार उत्पन्न हो तो किसी को कोई आपत्ति नहीं है। दूसरी तरफ, अगर गरीब और नीचे तबके, मध्यवर्ग के लोगों को कुछ राहत मिल जाए, तो उच्च तबका तिलमिला जाता है।

स्पीकर ने कहा कि वह रांची के कांके रोड में रहते हैं। सुबह की बेला में सैकड़ों नौजवान दिखेंगे। ज्यादातर दुबले और कमजोर नजर आते हैं और मैले-कुचैले कपड़ों में ये नौजवान चुराया हुआ दो-क्विंटल से भी अधिक कोयला लादकर अपनी साइकिल खींच रहे होते हैं। अंधेरे की ओट में इस भारी बोझ के साथ वे बीस-तीस किलोमीटर का सफर तय कर चुके होते हैं। उन्हें यह कोयला रांची शहर में बेचना होता है, ताकि किसी तरह अपने परिवार का पेट भर सकें। इनमें से कई उसी जमीन से कोयला निकालते हैं जहां ये अपनी खेती-बाड़ी करते थे, बाद में इन्हें बेदखल कर दिया गया।

यह दृश्य उन्हें ब्रिटिश उपन्यासकार, आलोचक, निबंधकार जॉर्ज ऑरवेल के 1937 का निबंध 'डॉन द माइन की याद दिलाता है, खासकर उस लेख के अंत की उस पंक्ति की जो इस प्रकार है-'आप और मैं, और टाइम्स लिटरेचर सप्लीमेंट के सम्पादक, कविगण और कैंटरबरी के आर्चबिशप और मार्क्सिज्म फॉर इन्फैक्टस के लेखक कॉमरेड-दरअसल हम सबकी जिन्दगी की शालीनता जमीन के भीतर हाड़ तोड़ते उन मजदूरों की देन है जिनका गला कोयले की गर्द से भरा होता है। आंखे काली हो चुकी होती है और जो अपने पेट और बांहों की लौह मांसपेशियों के दम पर बेलचा आगे चलाते रहते हैं। यहां जमीन के भीतर की जगह 'सड़क पर' रख दीजिए और 'बेलचा' की जगह 'साइकिल' कर दीजिए तो जॉर्ज ऑरवेल के वाक्य का एक-एक शब्द आज की रांची पर लागू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि हमें यह समझना होगा कि सामाजिक सुरक्षा मानव-क्षमता और राष्ट्रीय विकास में एक रणनीतिक निवेश है।

## झारखंड सरकार अब नहीं बेचेगी शराब, व्यापारियों को मिलेगी जिम्मेदारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



झारखंड राज्य में शराब शराब की बिक्री अब राज्य सरकार नहीं करेगी। जिस प्रकार पहले शराब बिक्री का काम शराब व्यापारी करते थे वैसे ही अब शराब व्यापारी ही शराब की बिक्री करेंगे। दुकानों का आवंटन टेंडर व लॉटरी के जरिए किया जाएगा। ऐसा ही पहले भी होता था। हालांकि इस फैसले से झारखंड में बिकने वाले शराब की कीमत में 5 से 8 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो सकती है। सूत्रों के अनुसार यह फैसला एक मार्च से लागू हो सकता है। झारखंड सरकार के फैसले के अनुसार शराब बेचने के लिए बनी सरकारी कंपनी झारखंड लिवरेज कॉरपोरेशन अब सिर्फ थो में शराब का कारोबार करेगी। खुदरा कारोबार पहले की तरह शराब व्यापारी करेंगे। सरकार की कंपनी ही खुदरा शराब बेच रही है। यह काम प्लेसमेंट एजेंसियों के माध्यम से किया जा रहा है। प्लेसमेंट एजेंसियों के कर्मचारी लोगों से प्रिंट रेट से ज्यादा कीमत वसूलते हैं। इसके अलावा दुकानों में नकली शराब की बिक्री की शिकायतें आती हैं।

नई शराब नीति में इस बात का जिक्र है कि शराब की बिक्री सिर्फ शराब की दुकानों में ही नहीं होगी। बल्कि मॉल और दुकानों में भी शराब बेचीं जा सकता है। हालांकि इसके लिए दो महत्वपूर्ण शर्तें हैं। पहली शराब बेचने का लाईसेंस लेना होगा और मॉल या दुकान कम से कम 2000 स्क्वायर फीट में होना चाहिए। ताकि कुल क्षेत्रफल के 10 प्रतिशत यानी 200 स्क्वायर फीट में शराब बेचने का लाईसेंस दिया जाएगा।

दिल्ली की जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं में जश्न

## मोदी की गारंटी पर दिल्ली की जनता ने किया विश्वास : सुनील



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की शानदार जीत पर रांची में भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में काफी उत्साह देखा गया। जश्न मनाते हुए एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाते हुए मिठाइयां बांटी तथा जमकर आतिशबाजी की। इस दौरान भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश मीडिया प्रभारी सुनील कुमार सिंह, भाजपा नेता अर्जुन साव , राकेश राम, गोविंदा वाल्मीकि भगत, संगीता सहाय, ऐश्वर्या श्री समेत अन्य कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर पार्टी की इस जीत को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि यह जीत दिल्ली की जनता का विश्वास और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की जीत है। सुनील कुमार सिंह ने कहा कि दिल्ली में भाजपा की जीत अरविंद केजरीवाल की गारंटी को खारिज, तथा मोदी जी की गारंटी पर विश्वास की मुहर है। कहा कि जब 2012 में अन्ना आंदोलन से निकलकर आम आदमी पार्टी बनाई गई और जनता के बीच कैंपेनिंग में ये कहा जाने लगा कि हम राजनीति करने नहीं, राजनीति बदलने आए हैं परंतु कुछ ही दिनों बाद राजनीति बदलने की जगह, ऐसा गंदा राजनीति किया जाने लगा कि, दिल्ली की जनता को 10 साल में सब समझ में आ गया, और केजरीवाल पर विश्वास खत्म हो गया और सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा दिया।

# आम आदमी पार्टी को सिखने का वक्त मिला है

रांची। दिल्ली चुनाव पर झारखंड के कारोबारियों और नेताओं ने अपनी प्रतिक्रिया दी। नेताओं ने कहा कि आम आदमी पार्टी को सिखने का वक्त मिला है। हालांकि कारोबारियों के अनुसार दिल्ली में परिवर्तन जरूरी था।

### जनता ने भाजपा को मौका दिया : डॉ अर्चना पाठक



डॉ अर्चना पाठक ने दिल्ली चुनाव पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जनता जागरूक हो चुकी है। जनता पीएम मोदी का काम देख रही है। भारतीय जनता पार्टी को जनता ने मौका दिया है और ये बदलाव दिल्लीवासियों के लिए काफी अच्छा साबित होगा।

### जनादेश को सभी लोगों ने स्वीकार किया : ज्योति



झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारू ने कहा कि जनता का फैसला सर्वश्रेष्ठ है। राजनीती में उतार चढ़ाव चलता रहता है। उन्होंने कहा कि आज भाजपा है, कल आप थी, जनता के जनादेश को सभी लोगों ने स्वीकार किया है।

### जनता ने वोट देकर सकारात्मक महौल बनाया : दिनेश कुमार



कारोबारी दिनेश कुमार अग्रवाल ने दिल्ली चुनाव पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि दिल्ली में बीजेपी का आना यह संकेत है कि, जनता जब चाहे अपने लिए सकारात्मक माहौल एक वोट देकर बना सकता है। एक वोट का मूल्य।

### जनता को कोई मूर्ख नहीं बना सकता : साजी नायर



करुणा इंटरनेशनल महासचिव साजी नायर ने कहा दिल्ली की जनता के भरोसे ने एक बार फिर साबित कर दिया कि संसदीय लोकतंत्र में जनता को कोई भी लंबे समय तक मूर्ख नहीं बना सकता।



## हार से भी सिखने को मिलती है : नयन तारा

झारखंड मुक्ति मोर्चा की महिला नेता नयन तारा ने कहा कि कहीं ना कहीं आम आदमी पार्टी को कांग्रेस के साथ मिल कर चुनाव लड़ना चाहिए था। भाजपा ने कई तरह की जोड़ तोड़ की है दिल्ली में सरकार बनाने के लिए। हालांकि आम आदमी पार्टी की भी कमी रही होगी जिसके कारण परचंड हार हुई है। हार से भी सिखने को मिलती है। अपनी हार से सीखते हुए आम आदमी पार्टी को आगे बढ़ना चाहिए।

## छात्रों पर केस कर भय उत्पन्न करने का हो रहा प्रयास : भाजपा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने झारखंड सेंट्रल यूनिवर्सिटी (सीयूजे) के छात्रों पर दर्ज मामलों को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने रविवार शाम एक प्रेस बयान जारी कर कहा है कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना छात्रों का संवैधानिक अधिकार है, लेकिन उनके खिलाफ गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज करना यह दशार्ता है कि राज्य सरकार छात्रों में भय का माहौल बनाना चाहती है। प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राएं अपने साथी की मृत्यु के मामले में सिर्फ रांची डीसी से मिलने की इच्छा जाहिर कर रहे थे। इसके बदले उन पर लाठीचार्ज किया गया और गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया। उन्होंने आगे बताया कि लगभग 15-20 छात्रों के नाम से और 150 से अधिक अज्ञात छात्रों पर ऐसे मुकदमे दर्ज किए गए, मानो वे झारखंड के छात्र नहीं, बल्कि कोई आतंकवादी हों। भाजपा नेता ने आरोप लगाया है कि झामुमो सरकार छात्र आंदोलनों को दबाने के उद्देश्य से डर का माहौल बना रही है। राज्य सरकार पहले से ही छात्रों से किए गए अपने वादों को पूरा करने में असफल हो रही है। उन्होंने सरकार से अपील की है कि छात्रों के प्रति सरकार उदारता दिखाए। संगीन धाराओं के तहत मामला दर्ज होने से छात्रों का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा। इसका प्रतिकूल प्रभाव उनके भविष्य पर पड़ेगा।

## अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में चांदन द्वादशी मना

**रांची।** श्री श्याम मण्डल द्वारा अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में रविवार को खाटू नरेश श्याम बाबा को चांदन द्वादशी पर प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक श्री श्याम प्रभु को खीर चूरमा का भोग अर्पित किया गया। आज के भोग के मुख्य यजमान बालकिशन परसरामपुरिया ने अपने पूरे परिवार के साथ जिनमें माया परसरामपुरिया, केशव परसरामपुरिया, हर्ष परसरामपुरिया, प्रलाश मोदी, संतोष देवी मोदी ने श्याम बाबा को खीर चूरमा का भोग अर्पित किए। सर्व प्रथम मंडल के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश बागला, मंत्री धीरज बंका एवं सारस्वत परिवार द्वार गणेश पूजन कर मन्दिर में विराजे वीर बजरंगबली एवं शिव परिवार का भी पूजन कर विभिन्न प्रकार के फल एवं मिष्ठान अर्पित कर श्री श्याम प्रभु को खीर चूरमे का भोग अर्पित किया। इस अवसर पर पूरा मन्दिर परिसर हारे के सहारे की जय - लखदातार की जय जयकारों के गूंज उठा। द्वादशी के दिन श्री श्याम प्रभु का प्रिय भोग खीर चूरमा को लेने भक्तगण कतारबद्ध होकर प्राप्त कर रहे थे साथ ही श्री श्याम मण्डल के कार्यकर्ता आए हुए भक्तजनों को शुद्ध पिय जल का वितरण कर रहे थे तथा उनके चरण पादुका को रखने की उत्तम व्यवस्था बना हुआ था। आज के खीर चूरमा का भोग श्री श्याम मन्दिर में ही निर्मित किया गया तथा 350 से ज्यादा भक्तजनों प्रसाद प्राप्त किया।

## राजभवन उद्यान में उमड़ी लोगों की भीड़

**रांची।** राजभवन उद्यान की खूबसूरती को देखने के लिए खुलने के बाद पहले ही रविवार को 63813 लोग पहुंचे। राजभवन के बाहर सुबह 10 बजे पहले से ही लोगों की लंबी कतारे लगनी शुरू हो गई। वहीं,भीड़ को देखते हुए लोगों के लिए दो लाइनें लगानी पड़ी। जिसके बाद भी यह लाइन जाकीर हुसैन पार्क तक पहुंच गई। इतनी लंबी कतार होने के बाद भी लोगों का उत्साह कम नहीं हुआ। लोग कतारों में खड़े होकर उत्साह के साथ अपनी बारी का इंतजार करते हुए दिखे। राजभवन का उद्यान आम लोगों के लिए तीन दिन पहले से ही खुल चुका है। रविवार को सभी लोग अपने फैमिली के साथ अपना बहुमूल्य समय बिताने पहुंचे। उद्यान में घर के बड़े बुजुर्ग से लेकर छोटे बच्चे भी उद्यान का दीदार करने के लिए काफी उत्साहित नजर आए। रविवार को भी कई स्कूल के बच्चे भी राजभवन भम्रण करने के लिए पहुंचे। आमलोगों के लिए उद्यान 12 फरवरी तक खुला हुआ है,यहां लोग फूलों के बगिया में आराम से सैर भी कर सकते है। सुबह के 10 से दोपहर के 3 बजे तक लोग उद्यान का भ्रमण कर सकते हैं। उद्यान में 50 हजार से अधिक पेड़-पौधों के बीच लोग प्रकृति का आनंद उठाते दिखे। मौसमी फ्लावर लोगों को काफी आकर्षित करते नजर आए। जिनमें पेंजी,फ्लॉकस,सालविया,पिटुनिया और गजेनिया जैसे कई फूल शामिल हैं। लोगों अपने परिवार के सदस्यों का फोटो शूट भी करते नजर आए। बच्चों ने चिल्ड्रेन पार्क में खूब मस्ती और एन्जॉय भी किया।

## शिक्षक समाज का मार्गदर्शक भी होता है : एमके सिन्हा

**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड जोन-'बी' एवं 'जे' द्वारा आयोजित दो-दिवसीय शिक्षक संवर्धन कार्यशाला का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों के पेशेवर विकास को बढ़ावा देना, नवीनतम शिक्षण तकनीकों से अवगत कराना तथा शिक्षण प्रक्रिया में नवाचारों को शामिल करना था। कार्यशाला में झारखंड क्षेत्र 'बी' एवं 'जे' से सम्बंधित डीएवी विद्यालयों के लगभग 750 शिक्षकों ने भाग लिया। इस दौरान शिक्षण पद्धतियों में सुधार, कक्षा प्रबंधन, मूल्य आधारित शिक्षा, तकनीकी उपकरणों का प्रयोग तथा छात्र-केंद्रित शिक्षण विधियों पर विस्तृत चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने शिक्षकों को आधुनिक शैक्षणिक दृष्टिकोण और प्रभावी शिक्षण तकनीकों से परिचित कराया।डीएवी पब्लिक स्कूल्स, झारखंड जोन-'बी' के सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी एमके सिन्हा ने इस अवसर पर शिक्षकों से कहा कि एक शिक्षक केवल ज्ञान का स्रोत ही नहीं, बल्कि समाज का मार्गदर्शक भी होता है। इस तरह की कार्यशालाएँ शिक्षकों को अपने कौशल को निखारने और छात्रों के सर्वांगीण विकास में योगदान देने का अवसर प्रदान करती हैं। झारखंड प्रक्षेत्र के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी एसके मिश्रा ने कार्यशाला में शिक्षकों को निरंतर नवाचार और शिक्षण के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। बतौर मिश्रा शिक्षकों के सतत विकास से ही शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार संभव है।

रांची जिला के छह अंचलों में राजस्व शिविर का आयोजन

# आम लोगों की समस्या दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जिला प्रशासन द्वारा सार्थक पहल करते हुए एक साथ 06 अंचलों में शिविर लगाकर 10 डिसिमल तक के लंबित म्यूटेशन के मामलों का निष्पादन करते हुए आवेदकों को करेक्शन स्लिप (शुद्धि पत्र) निर्गत किया गया। जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने रविवार को कांके अंचल में आवेदकों को शुद्धि पत्र प्रदान किया गया।

जबकि शहर, ओरमांझी, मांडर, नामकुम एवं रातू में वरीय पदाधिकारियों द्वारा आवेदकों को करेक्शन स्लिप दिया गया।

जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने सभी अंचल अधिकारियों को बिना ठोस कारण के दाखिल-खारिज के आवेदन को अस्वीकृत नहीं करने का निर्देश पूर्व में ही दिया है। जिसको लेकर सभी अंचलों में वरीय



पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई, जो कैम्प में अस्वीकृत मामलों की समीक्षा करेंगे कि रिजेक्शन का कारण सही है या नहीं।

अस्वीकृत मामलों के लिए काउंसलिंग की होगी व्यवस्था

कैंप में जिन आवेदकों के आवेदन अस्वीकृत हुए हैं, उनके लिए रिजेक्शन काउंसलिंग की व्यवस्था की जाएगी, ताकि आवेदक जान सके कि किस कारण उनके आवेदन को अस्वीकृत किया गया।

अगर अंचल कार्यालय में बिचौलिये दिखे तो फौरन स्थानीय थाना या पीसीआर को सूचित करें। आम लोगों से जिला प्रशासन द्वारा जन शिकायत के लिए जारी किए गए व्हाट्सएप नंबर अबुआ साथी 9430328080 पर भी जानकारी दे सकते है। जिसपर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

06 अंचलों में आयोजित दाखिल-खारिज राजस्व शिविर में कुल 5461 मामलों में से 1841 को स्वीकृत किया गया जबकि 2008 मामले अस्वीकृत किए गए। शहर अंचल में 896 में से 346, नामकुम में 1721 में से 484, कांके में 1347 में से 486, रातू में 922 में से 277, ओरमांझी में 366 में से 180 और मांडर अंचल में 209 में से 68 मामले स्वीकृत किए गए।

## मनीष सोनी के भजनों से गूंजा बिरसा मुंडा फन पार्क

**रांची।** रविवार को बिरसा मुंडा फन पार्क एवं रिलेशंस के संयुक्त तत्वावधान में जेल मोड़ स्थित बिरसा मुंडा फन पार्क में भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भजन गायक मनीष सोनी ने एक से एक सुमधुर भजनों को पेस बिरसा मुंडा फन पार्क के लोगों के बीच समा बांधा। उन्होंने मेरा आपकी कृपा से सब काम हो रहा है, कोई प्यार से मेरे श्याम को सजा दो, सावली सूरत पे मोहन दिल दीवाना हो गया, जगत में कोई न परमानेंट आदि कई भजन गीत गाकर दर्शकों को झुमाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के मशहूर कथक नृत्य सम्राट एवं दीपांजली कथक केंद्र के निदेशक विपुल नायक उपस्थित थे।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी एवं जेल पार्क के संचालक आर्यन चोपड़ा आदि उपस्थित थे। सभी अतिथियों एवं कलाकारों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित भी किया गया।

# मेगा ट्रेड फेयर : तीन हजार से अधिक की खरीदारी पर मिल रहा आकर्षक उपहार

### झारखंड चैंबर और जीएस मार्केटिंग एसोसिएट्स ने किया ट्रेड फेयर का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मोरहाबादी मैदान में आयोजित 16वें इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर में रविवार को हजारों की संख्या में लोग खरीदारी के लिए पहुंचे। झारखंड चैंबर और जीएस मार्केटिंग एसोसिएट्स के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित ट्रेड फेयर में दोपहर से लोगों की भीड़ उमड़ने लगी, जो देर रात्रि तक रही। इस दौरान लोगों ने अपने परिवार और दोस्तों संग ट्रेड फेयर के स्टालों का भ्रमण किया और जरूरत के अनुसार खरीदारी की।

ट्रेड फेयर में 3000 रुपए से अधिक की खरीदारी करने पर एक निश्चित उपहार दिया जा रहा है। लोगों ने इस आकर्षक ऑफर के लाभ उठाया। उपहार लेने के लिए खरीदारों की लंबी लाइन दिखी। वहीं कई स्टॉल पर भी कई ऑफर दिए जा रहे है।

पूर्व डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय ने रविवार को ट्रेड फेयर का भ्रमण किया। उनका स्वागत झारखंड चैंबर के अध्यक्ष परेश गट्टानी, महासचिव आदित्य मल्होत्रा, सहसचिव नवजोत




अलंग, मनोज मिश्रा आदि ने उनका स्वागत किया। चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी और महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने संयुक्त रूप से बताया कि रविवार की छुट्टी होने के कारण ट्रेड फेयर देखने लोग पहुंचे। झारखंड चैंबर के सदस्य समेत रांची की जनता ने ट्रेड फेयर का अवलोकन किया और आयोजन की तारीफ की। इस बार भी ट्रेड फेयर में लोगों को नए उत्पादों को देखने और खरीदने का अवसर मिल रहा है। ट्रेड फेयर में रियल एस्टेट, होम एंड डेकॉर, फाइनेंस, लाइफस्टाइल, फर्नीचर एंड इंटीरियर, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, प्रोसेस्ड फूड, हेल्थकेयर, हैंडीक्राफ्ट्स समेत 35 हजार से अधिक उत्पादों को प्रदर्शित किया गया है।

प्रोजेक्ट चेयरमेन अमित शर्मा और शैलेश अग्रवाल ने बताया कि ट्रेड फेयर रोजाना आम लोगों के लिए सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक खुली रहेगी। इंट्री फी 30 रुपए रखा गया है। खरीदारी पर ग्राहकों के लिए आकर्षक उपहार दिया जाएगा। रांची की जनता से आग्रह है कि ट्रेड फेयर आए और ऑफर का लाभ उठाएं।

डांस व पेंटिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

रविवार को ट्रेड फेयर में बच्चों के लिए डांस और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें पांच साल से 15 साल तक के 100 से अधिक बच्चों ने हिस्सा लिया। फिल्मी गानों पर उन्होंने एक से बढ़कर डांस किया। इस सभी को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। फेयर में प्रतिदिन शाम को कई प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी प्रवक्ता सुनिल सरावगी ने दी।

## नशा व अफीम की खेती के विरुद्ध जन जागरूकता अभियान चलाया

**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निदेशानुसार नशा एवं अफीम की खेती के विरुद्ध जिला के विभिन्न स्थानों में लगातार जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को नामकुम बाजार में नुक्कड नाटक, गीत-संगीत एवं एलईडी वैन के माध्यम से अफीम की खेती के विरुद्ध जन जागरूकता अभियान चलाया गया। जिला जनसंपर्क कार्यालय, रांची से संबंद्ध कला दलों द्वारा नाटक का मंचन कर लोगों को नशा एवं अफीम की खेती के दुष्परिणाम के बारे में जानकारी दी गयी। नुक्कड़ नाटक एवं एलईडी वैन पर प्रसारित वीडियो संदेश के माध्यम से ग्रामीणों से अपील की गई कि वो अफीम का सेवन, खेती एवं उपज न करें। ग्रामीणों को बताया गया कि कहीं भी मादक पदार्थ अथवा अफीम की खेती की जानकारी मिले तो टोल फ्री नंबर 112 पर इसकी सूचना दें, जानकारी देने वाले की पहचान गुप्त रखते हुए शिकायत पर त्वरित कार्रवाई की जायेगी।

## संस्कृतिकर्मियों को अर्चा साहित्य कला अकादमी ने किया सम्मानित

**रांची।** अर्चा साहित्य कला अकादमी की ओर से सीएमपीडीआई के मयूरी सभागार में रविवार को पत्रिका लोकार्पण सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि संगीत गुरु पंडित श्यामा प्रसाद नियोगी, विशिष्ट अतिथि एचईसी के पूर्व सीएमडी अभिजीत घोष और कोलकाता से आए समर बनर्जी थे। अध्यक्षता अकादमी के अध्यक्ष डॉ पंपा सेन विश्वास ने की। समारोह में कला-संस्कृति के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए 6 संस्कृतिकर्मियों को सम्मानित किया गया। इनमें- अशोक विश्वास, सब्यसाची चंद्र, सेतांक सेन, सुबीर लाहिड़ी, नृत्य गुरु विपुल नायक और वेदपाठी गगनदेव शामिल थे। साथ ही संस्था की पत्रिका का भी लोकार्पण किया गया। इसमें गत वर्ष एक मंच पर 108 कलाकारों की ओर से एक साथ 15 रवींद्र गीतों की प्रस्तुति पर आधारित अर्चा साहित्य कला अकादमी के कार्यक्रम की तस्वीरें यादगार के तौर पर संग्रहित की गई हैं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विपुल नायक टीम की ओर से- मिले सुर मेरा तुम्हारा..., गीत पर नृत्य प्रस्तुति रही। इसके बाद 50 मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। संचालन संचालन शशि ने किया। डॉ पंपा सेन विश्वास ने कहा यह अकादमी विगत 10 वर्षों से चल रही है और यह विभिन्न भाषाओं और साहित्य के लिए काम करती है। संस्थान की ओर से समय-समय पर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठी का आयोजन होता है। साथ ही, नृत्य, संगीत, काव्य पाठ, नाटक, चित्रांकन व साहित्य की विभिन्न विधाओं पर पर यह संस्था कार्य करती है?। इसके सामाजिक कार्यों में- निःशुल्क शिक्षा देना, पौधरोपण, वस्त्र वितरण, भोजन वितरण, रक्तदान शिविर का आयोजन आदि शामिल हैं।

## श्री राधा- कृष्ण सेवा धाम मंदिर में हुआ 193 वां अन्नपूर्णा महाप्रसाद का आयोजन

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग में श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम मे रवि प्रदोष व्रत पर्व श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर 193 वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद का आयोजन किया गया है। महाप्रसाद में 101 किलो ग्राम की केसरिया मेवा युक्त सूजी का हलवा का भोग भगवान श्री राज श्याम जी को विधिवत भोग पुजारी अरविंद पांडे द्वारा लगाया गया। पूरे विधि विधान से पूजा-अर्चना एवं आरती की गई। मंदिर परिसर में उपस्थित 3 हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद भोग का वितरण किया गया। तत्पश्चात भजन- कीर्तन का आयोजन किया गया। ट्रस्ट के भजन गायक मनीष सोनी एवं सज्जन पाड़िया ने अपने मनमोहक सुमधुर भजनों से श्रोताओं को खूब झुमाया। इस अवसर पर-ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल,उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, पूरणमल सर्राफ , चिरंजी लाल खंडेलवाल,सज्जन पाड़िया, संजय सर्राफ, सुरेश भगत, सुरेश अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल, विष्णु सोनी, मनीष सोनी, प्रेम प्रकाश,विधा देवी अग्रवाल, अरविंद पांडे, मनोज कुमार पंडित, चन्द्रदीप साहु,हरीश कुमार, परमेश्वर साहु,धीरज कुमार गुप्ता,अशोक ठाकुर सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष उपस्थित थे।

# बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को न्यूक्लियर प्लांट्स से पूरा करेगा रेलवे: अश्विनी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारत रेलवे की बढ़ती हुई ऊर्जा जरूरतों को क्लीन और भरोसेमंद न्यूक्लियर पावर से पूरा किया जा सकता है। इसके लिए ऊर्जा मंत्रालय से संपर्क किया गया है। यह जानकारी रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी। हाल ही में राज्यसभा में दिए गए जवाब में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि रेलवे मंत्रालय इसके लिए न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) और ऊर्जा मंत्रालय से संपर्क में है। उन्होंने कहा कि भारतीय रेलवे मौजूदा और आगामी न्यूक्लियर पावर प्लांट्स से बिजली की संभावना तलाश रहा है। उन्होंने कहा कि न्यूक्लियर पावर एक स्वच्छ और विश्वसनीय स्रोत है, जिससे रेलवे को मदद मिलेगी, जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम होगी और कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी।



## रेलवे यात्रियों को 100 रुपये की सेवा देने के बदले में केवल 54 रुपये ही चार्ज करता है

यात्रियों को दी जाने वाली किराया रियायत पर मंत्री ने कहा कि भारतीय रेलवे ने 2022-23 में यात्री टिकटों पर 56,993 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी और रेलवे में यात्रा करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को औसतन 46 प्रतिशत की रियायत मिलती है। मंत्री ने आगे कहा कि दूसरे शब्दों में कहें तो रेलवे यात्रियों को 100 रुपये की सेवा देने के बदले में केवल 54 रुपये ही चार्ज करता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रीय रेलवे पर विभिन्न श्रेणियों और विभिन्न ट्रेनों में रियायत का लाभ उठाने वाले यात्रियों की संख्या साल-दर-साल बदलती रहती है। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2020-21 से 2024-25 (दिसंबर 2024 तक) के दौरान सभी आयु वर्ग (वरिष्ठ नागरिकों सहित) के लगभग 2,357.8 करोड़ यात्रियों ने भारतीय रेलवे में यात्रा की। उन्होंने आगे बताया कि बुजुर्गों और महिलाओं के लिए यात्रा को आसान बनाने के लिए रेलवे ने वरिष्ठ नागरिकों 45 वर्ष या उससे अधिक आयु की महिला यात्रियों और गर्भवती महिलाओं के लिए स्लीपर क्लास में प्रत्येक कोच में छह से सात निचली बर्थ, एसी 3 टियर में प्रत्येक कोच में चार से पांच निचली बर्थ और एसी 2 टियर श्रेणियों में प्रत्येक कोच में तीन से चार निचली बर्थ (ट्रेन में उस श्रेणी के डिब्बों की संख्या के आधार पर) का संयुक्त आरक्षण कोटा निर्धारित किया है।

## नामीबिया के पहले राष्ट्रपति सैम नुजोमा का 95 वर्ष की उम्र में निधन

**विंडहोक।** नामीबिया के संस्थापक राष्ट्रपति सैम नुजोमा का 95 वर्ष की उम्र में शनिवार को निधन हो गया। देश के राष्ट्रपति नांगोलो म्बुम्बा ने रविवार सुबह इसकी घोषणा की। नुजोमा पिछले तीन हफ्तों से बीमार थे और राजधानी विंडहोक के अस्पताल में इलाज चल रहा था। राष्ट्रपति म्बुम्बा ने कहा, "यह बताते हुए अत्यंत दुख हो रहा है कि हमारे देश के सम्मानित स्वतंत्रता सेनानी और क्रांतिकारी नेता डॉ. सैम शफीशुना नुजोमा का 8 फरवरी को रात 11:45 बजे विंडहोक में निधन हो गया। सैम नुजोमा का जन्म 12 मई 1929 को नामीबिया के ओमुसाती क्षेत्र के एटुंडा गांव में हुआ था। वे नामीबिया के पहले राष्ट्रपति बने और 1990 से 2005 तक देश का नेतृत्व किया। वे साउथ वेस्ट अफ्रीका पीपुल्स ऑर्गनाइजेशन (एसडब्ल्यूएपीए) के संस्थापक सदस्य भी थे, जो नामीबिया की स्वतंत्रता के बाद से सत्ता में है। नुजोमा ने अपने बचपन में परिवार के मवेशियों की देखभाल की और फ़िनिश मिशन स्कूल में पढ़ाई की।



## संघर्ष के दौरान मारे गए विभिन्न देशों के 18 सैनिक, पोस्टमार्टम के बाद शव भेजे जाएंगे वतन



**कंपाला।** डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो में हुए संघर्ष के दौरान विभिन्न अफ्रीकी देशों के 18 सैनिक मारे गए थे। एक अधिकारी ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए युगांडा भेजा गया है। युगांडा के विदेश राज्य मंत्री हेनरी ओकेलो ओरीम ने टेलीफोन के माध्यम से समाचार एजेंसी सिन्हुआ को बताया, "मृतक सैनिक, लोकतांत्रिक गणराज्य कांगो में दक्षिणी अफ्रीकी विकास समुदाय मिशन का हिस्सा थे। सैनिकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए कंपाला स्थित मुलागो नेशनल रेफरल अस्पताल के शवगृह भेजा गया है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, हेनरी ओकेलो ओरीम ने कहा कि मारे गए 13 दक्षिण अफ्रीकी, तीन मलावी और दो तंजानियाई सैनिकों के शवों का पोस्टमार्टम किया जाएगा।

## लेबनान की बेका घाटी में हिजबुल्लाह के ठिकाने पर हमने हमला किया : इजरायल



**यरूशलम।** इजरायली सेना ने कहा कि उसकी वायु सेना ने पूर्वी लेबनान की बेका घाटी में हिजबुल्लाह के एक ठिकाने पर हमला किया। इजरायल डिफेंस फोर्सेस (आईडीएफ) ने शनिवार को एक बयान में कहा कि हमले का लक्ष्य हिजबुल्लाह का "हथियार निर्माण और भंडारण स्थल" था। आईडीएफ ने दावा किया कि साइट पर गतिविधि "इजरायल और लेबनान के बीच हुए समझौते का व्यापक उल्लंघन है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, बयान में कहा गया है कि आईडीएफ इजरायल के लिए किसी भी तरह के खतरे को दूर करने के लिए काम करना जारी रखेगा।

# किसानों की उन्नति से होगा देश का विकास : उपराष्ट्रपति

### उपराष्ट्रपति मातृकुंडिया तीर्थ स्थल पर महादेव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में हुए शामिल

**चित्तौड़गढ़ (हि.स.)**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ रविवार को राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले के राशमी उपखंड मुख्यालय पर मेवाड़ के हरिद्वार कहे जाने वाले मातृकुंडिया तीर्थ स्थल पर महादेव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में पहुंचे। उन्होंने मंगलेश्वर महादेव के दर्शन कर पूजा की। इसके बाद वे सभा स्थल पहुंचे, जहां जाट समाज के प्रतिनिधियों की ओर से उनका अभिनंदन करते हुए स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। स्वागत अभिभाषण के बाद उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने कार्यक्रम में महिलाओं की उपस्थिति को लेकर कहा कि यह इस बात का प्रतीक है कि समाज सही दिशा में अग्रसर है। उन्होंने मातृकुंडिया के महत्व को बताते हुए कहा कि यह वह स्थान है, जहां से कोई भी मनोकामना शुरू होती है तो अवश्य पूरी होती है। उन्होंने अपने विधायक रहने के दौरान वर्ष 1993 में शुरू हुए जाट आरक्षण आंदोलन को लेकर कहा कि सामाजिक न्याय के संघर्ष की शुरुआत यहीं से हुई है। इसमें उन्हें सफलता मिली और आज समाज के कई लोग इसके जरिए सेवा देकर समाज के विकास में भूमिका निभा रहे हैं।



## किसानों विकास को देश की आर्थिक रीढ़ है

उन्होंने किसानों के विकास को देश की आर्थिक रीढ़ बताते हुए कहा कि किसान की उन्नति से ही देश का विकास होगा। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को लेकर कहा कि यह संकल्प पूरा होने जा रहा है। इसमें किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने समाज के युवाओं से आह्वान किया कि देश की अर्थव्यवस्था और औद्योगिक व्यवस्था किससे जुड़ी हुई है, किसान वर्ग के प्रतिभाशाली युवक और युवतियां इससे जुड़े। आगे बढ़े और सरकार की योजनाओं से जुड़ कर आर्थिक उन्नति की ओर अग्रसर हो। इससे गांव की शहरों पर निर्भरता समाप्त हो। इस दौरान मंच पर सूरजकुंड धाम के संत ब्रह्मचारी अवधेश चैतन्य महाराज, केंद्रीय कृषि मंत्री भागीरथ चौधरी, राजस्थान सरकार के मंत्री बाबूलाल खराड़ी, चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी, कपासन विधायक अर्जुनलाल जीनगर सहित जाट समाज के प्रतिनिधि के साथ बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे। उपराष्ट्रपति के कार्यक्रम को देखते हुए पुलिस एवं प्रशासन की व्यवस्थाएं भी चाक चौबंद रहीं।



## हमास की कैद से रिहा पांच थाई नागरिक लौटे घर, नम आंखों से परिजनों ने लगाया गले

**बैंकॉक (आईएएनएस)**

हमास के बंधक बनाए गए पांच थाई नागरिक रविवार को स्वदेश लौट आए। सुवर्णभूमि एयरपोर्ट पर परिजनों ने भरी आंखों से उनका स्वागत किया। बैंकॉक पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, वापस लौटे पांचों नागरिकों में - नोंग बुआ लाम फु से साथियन सुवन्नाखम, बुरी राम से पोंगसाक थेना, उदोन थानी से वाचरा श्रीआउन, उदोन थानी से ही सुरसाक रुमनाओ और नान से बन्नावत सैथाओ शामिल हैं। इन सभी 7 अक्टूबर के हमले के दौरान हमास के लड़कों ने बंधक बना लिया था। इजराल-हमास समझौते के तहत बंधकों और कैदियों की तीसरी अदला बदली के दौरान 30 जनवरी को इन पांचों की रिहाई हुई। 35 वर्षीय पोंगसाक थेना अपने 65 वर्षीय पिता विलास को गले लगाते हुए रो पड़े। उन्होंने कहा, "मैं फिर से घर वापस आकर बहुत खुश हूं, हम सभी अपने जन्मस्थान में वापस आकर बहुत भावुक हैं... मुझे नहीं पता कि और क्या कहना है।" बेसब्री से इंतजार कर रहे लोगों में बन्नावत की पत्नी, विचायदा सै-यांग, भी शामिल थीं। उन्होंने बताया कि, उनके तीन बच्चे हैं, जो रोज अपने पिता के घर आने के बारे में सवाल करते थे।

साथियन सुवन्नाखम की मां ने बताया, "मैंने उसकी सुरक्षा की फरियाद लेकर मैं अधिक से अधिक मंदिर गई । मैंने ज्योतिषियों से भी सलाह ली, बस यह जानने के लिए कि क्या वह अभी भी जीवित है। हर बार जब मैं उसके बारे में सोचती थी, तो रो पड़ती थी। मुझे डर था कि मेरा बेटा पहले ही मारा जा चुका होगा और दफना दिया गया होगा।" मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक हमास ने कुल 31 थाई नागरिकों को बंदी बनाया था, जिनमें से 23 को पहले ही रिहा कर दिया गया। दो अन्य की मौत की पुष्टि हो चुकी है और एक अन्य व्यक्ति का पता अभी तक अज्ञात है।

## दुनिया के हर विवाद के पीछे अमेरिका का हाथ है : किम जोंग उन

**सोल (आईएएनएस)**

उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन ने आरोप लगाया कि विश्व के विवादों के पीछे अमेरिका खड़ा है।



उन्होंने देश की परमाणु शक्तियों को और विकसित करने की नीति पर जोर दिया। उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने रविवार को यह जानकारी दी। योनहाप ने कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) के हवाले से बताया कि किम ने यह टिप्पणी शनिवार को राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय के दौरे के दौरान की थी। किम अपने सशस्त्र बलों, कोरियाई पीपुल्स आर्मी की स्थापना की 77वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में रक्षा मंत्रालय में गए थे। मंत्रालय के सैन्य और राजनीतिक कमांडिंग अधिकारियों को संबोधित करते हुए किम ने 'सभी प्रतिरोधों' को मजबूत करने के लिए कई नई योजनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने देश की 'परमाणु शक्तियों को और अधिक विकसित करने की अडिग नीति' की पुष्टि की। किम जोंग उन ने अमेरिका पर 'दुनिया के बड़े, छोटे विवादों और रक्तपात की त्रासदियों के पीछे हमेशा खड़े रहने' का आरोप लगाया। उन्होंने रूस-यूक्रेन युद्ध के लिए भी अमेरिका को दोषी ठहराया और इस बात पर 'गंभीर चिंता' व्यक्त की कि अमेरिका और पश्चिमी देश 'रूस को रणनीतिक नुकसान पहुंचाने के अवास्तविक सपने' के साथ युद्ध को लंबा खींच रहे हैं।

## यमुना में जहर वाला बयान केजरीवाल को ले डूबा : मनोहर लाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 में आम आदमी पार्टी की करारी हार पर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने जोरदार तंज कसा है। मनोहर लाल ने कहा कि अगर अरविंद केजरीवाल विधानसभा चुनाव के दौरान यमुना में जहर वाला बयान नहीं देते तो शायद उन्हें इतनी सीटों को नुकसान नहीं होता। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि यमुना नदी में जहर वाला बयान केजरीवाल को ले डूबा है। केजरीवाल का स्वभाव रहा है कि जब खुद कुछ नहीं कर पाए तो दूसरे के पाले में गेंद डाल देना।

### सऊदी अरब में फिलिस्तीनी राज्य की स्थापना

## इजरायली पीएम के बयान की यूएई ने की निंदा

**अबू धाबी (आईएएनएस)**

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की टिप्पणी की कड़ी निंदा की है। नेतन्याहू ने सुझाव दिया था कि सऊदी अरब के क्षेत्र में एक फिलिस्तीनी राज्य की स्थापना की जा सकती है। यूएई की आधिकारिक समाचार एजेंसी, डब्ल्यूएएम ने बताया कि देश ने नेतन्याहू की 'अस्वीकार्य और भड़काऊ' टिप्पणियों की 'कड़ी निंदा' की है। साथ ही इस बयान को 'अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का घोर उल्लंघन' बताया। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया, यूएई के राज्य मंत्री खलीफा बिन शाहीन अलमारर ने सऊदी अरब के साथ अपने देश की अटूट एकजुटता को दोहराया। इसके साथ ही सऊदी अरब की सुरक्षा, स्थिरता और संप्रभुता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की। मंत्री ने फिलिस्तीनी लोगों के अधिकारों को कमजोर करने या उन्हें विस्थापित करने के लिए मजबूर करने वाली किसी भी कार्रवाई के लिए यूएई के कड़े विरोध की भी पुष्टि की।



अलमारर ने फिलिस्तीनी अधिकारों की रक्षा के लिए यूएई की ऐतिहासिक प्रतिबद्धता पर जोर दिया। साथ ही एक स्वतंत्र फिलिस्तीनी राज्य की ओर ले जाने वाले राजनीतिक समाधान का समर्थन किया। अलमारर ने कहा कि कि 'दो-राज्य समाधान के बिना क्षेत्र में कोई स्थिरता नहीं होगी।

## द. मेक्सिको : भीषण बस दुर्घटना में 41 लोगों की मौत




**मेक्सिको सिटी (हि.स.)।** दक्षिणी मेक्सिको में हुई एक बस दुर्घटना में शनिवार को कम-से-कम 41 लोगों की मौत हो गई है। यात्रियों से भरी बस एक ट्रक से टकरा गई। जिसके बाद बस पूरी तरह खाक हो गई। बस कैनकन से टबैस्को की तरफ जा रही थी और बस ऑपरेटर के मुताबिक इसमें 48 यात्री सवार थे। दुर्घटना के कारणों की पड़ताल की जा रही है। टबैस्को प्रशासन का कहना है कि घटनास्थल पर राहत कार्य चलाया जा रहा है।

# जो, यू आर फायर्ड, बाइडेन के बाद ट्रम्प ने ब्लिंकन व सुलिवन की सुरक्षा मंजूरी रद्द की

**वॉशिंगटन (हि.स.)**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने पूर्ववर्ती जो बाइडेन के बाद पूर्व विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन की सुरक्षा मंजूरी रद्द कर दी है। इससे पहले ट्रम्प ने जैसे को तैसा नीति अपनाते हुए पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन की सुरक्षा मंजूरी और दैनिक खुफिया ब्रीफिंग तक पहुंच रद्द कर दी थी। अपने इन फैसलों की जानकारी देते हुए ट्रम्प ने सोशल प्लेफॉर्म ट्रूथ पर लिखा- जो यू आर फायर्ड।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने जो बाइडेन के बाद उनकी टीम के अहम सहयोगी रहे पूर्व विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन की सुरक्षा मंजूरी भी रद्द कर दी है। बाइडेन की सुरक्षा मंजूरी और दैनिक खुफिया ब्रीफिंग तक उनकी पहुंच रद्द करते हुए ट्रम्प ने कहा था कि चार साल पहले उनके पूर्ववर्ती ने भी उनके साथ ऐसा ही किया था। उन्होंने लिखा- बाइडेन ने '2021 में यह मिसाल कायम की, जब उन्होंने इंटेलिजेंस कम्युनिटी (आईसी) को अमेरिका के 45वें राष्ट्रपति (मुझे) को राष्ट्रीय सुरक्षा के विवरण तक पहुंचने से रोकने का निर्देश दिया। जो कि पूर्व राष्ट्रपतियों को दिया जाने वाला शिष्टाचार है।'' ट्रम्प ने सोशल प्लेटफॉर्म ट्रूथ पर पोस्ट में लिखा, ''जो बाइडेन को क्लासिफाइड इन्फॉर्मेशन तक पहुंच जारी रखने की कोई आवश्यकता नहीं है।



### चार दर्जन से ज्यादा पूर्व अधिकारियों की सुरक्षा मंजूरी पहले ही रद्द

उल्लेखनीय है कि ट्रम्प पहले ही चार दर्जन से ज्यादा पूर्व खुफिया अधिकारियों की सुरक्षा मंजूरी रद्द कर चुके हैं, जिन पर उन्होंने 2020 के चुनाव में बाइडेन के पक्ष में हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया था।

**बाइडेन ने ट्रम्प के साथ भी किया था ऐसा :** साल 2021 में बाइडेन ने ट्रम्प को क्लासिफाइड इंटेलिजेंस ब्रीफिंग प्राप्त करने से रोक दिया था। यह पहली बार था जब किसी पूर्व राष्ट्रपति को ऐसी जानकारी से वंचित किया गया था, जिसे पारंपरिक रूप से शिष्टाचार के रूप में दिया जाता है। बाइडेन ने अपने कदम को जायज ठहराते हुए कहा था कि ट्रम्प पर भरोसा नहीं किया जा सकता क्योंकि उनका व्यवहार 'अस्थिर' है।

